


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 47 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) ज्येष्ठ कृ.2 2082 बुधवार, 14 मई-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद खुला श्रीनगर एयरपोर्ट

नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद आज मंगलवार को श्रीनगर एयरपोर्ट के फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। दिल्ली से एअर इंडिया की फ्लाइट दोपहर 12:49 बजे लैंड हुई। भारत-पाक तनाव के चलते एयरपोर्ट 7 मई से बंद था। दिल्ली एयरपोर्ट से चंडीगढ़, अमृतसर और श्रीनगर जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पहले बताया था कि सुरक्षा कारणों की वजह से फ्लाइट शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। एयरलाइन कंपनी एअर इंडिया ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे 8 शहरों में आने-जाने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट शामिल है।

# ‘हर हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे’

## पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें, घर में घुसकर मारेंगे : पीएम मोदी

जालंधर, 13 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा, भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा-विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।

**पाक को धमकी, कहा-दुश्मन को मिट्टी में मिलाना जानते हैं**

पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है।

आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है।

**न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग भारत नहीं सहेगा :**

पाकिस्तान के ड्रोन, उसके यूएवी, एयरक्राफ्ट, मिसाइलें हमारे सशक्त एयर डिफेंस के सामने ढेर हो गए। मैं देश के सभी एयरबेस से जुड़ी लीडरशिप, एयर वॉरियर की हृदय से सराहना करता हूं। आपने वाकई बहुत शानदार काम किया है। आतंक के विरूद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है कि अब टेरर अटैक हुआ तो भारत देगा और पक्का जवाब देगा। सर्जिकल स्ट्राइक में देखा, एयरस्ट्राइक में देखा और अब ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है। कल भी कहा था कि भारत ने अब तीन सूत्र तय कर दिए है।



### वायुसेना की तारीफ, कहा-आप दुनिया में बेहतरीन

आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं। कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है। आपने सिद्ध कर दिया है कि आप इस गेम में दुनिया में बेहतरीन हैं। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गई है।

**एयर डिफेंस सिस्टम का जिक्र, कहा-मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान**

यह अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर में मैन पावर के साथ ही मशीन का कोऑर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। भारत के पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश जैसे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म, एस-400 जैसे आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व मजबूती दी है। एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन पर आंच तक नहीं आई। इसका श्रेय आप सभी को जाता है।

### शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादी ढेर

जम्मू, 13 मई (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है। मंगलवार को शोपियां में सेना ने बड़ा अभियान चलाया और सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के शोपियां के शुकरू केलर इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। मंगलवार की सुबह शोपियां जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दहशतगर्दों को घेरा।

दोनों तरफ से फायरिंग हुई। सुरक्षाबलों ने पहले मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया। इसके बाद कुछ समय बाद ही दो और आतंकियों को भी मार गिराने में सफलता हासिल की है। आपको बता दें कि पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबलों ने लगातार अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत शोपियां के शुकरू केलर इलाके में आतंकियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान लश्कर के आतंकियों से सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई।

# ‘उत्तराधिकारी जस्टिस गवई सुप्रीम कोर्ट के मूल्यों को कायम रखेंगे’

*> रिटायरमेंट पर बोले जस्टिस संजीव खन्ना*



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। सर्वोच्च न्यायालय में अपने अंतिम दिन मिली भरपूर प्रशंसा से अभिभूत भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनके उत्तराधिकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई सर्वोच्च न्यायालय के मूल्यों, मौलिक अधिकारों और बुनियादी संवैधानिक सिद्धांतों को कायम रखेंगे। यह एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसमें संजीव खन्ना और बीआर गवई के साथ न्यायमूर्ति संजय कुमार भी मौजूद थे। यह अवसर सिर्फ न्यायमूर्ति खन्ना की योगदान को ही नहीं, बल्कि उनके चाचा, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज न्यायमूर्ति एच.आर. खन्ना की विरासत को भी सम्मानित करने का था।

**न्यायमूर्ति खन्ना ने सभी के प्रति जताया आभार :** न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति गवई को अपने सबसे बड़े सहायक के रूप में संबोधित करते हुए कहा, हम दोनों एक ही वर्ष में ऊंचे पदों पर नियुक्त हुए थे। हम कई बार एक साथ चर्चा कर चुके हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वे इस संस्थान को मजबूत बनाएंगे और मौलिक अधिकारों के साथ-साथ हमारे संविधानिक सिद्धांतों को कायम रखेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले अनुभवों को साझा करते हुए कहा, मैं इस यात्रा को लेकर बहुत आभारी हूं। मुझे कई खूबसूरत यादें मिली हैं, जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि न्यायपालिका में न्यायधीशों के साथ-साथ बार (वकीलों) का भी अहम योगदान है, क्योंकि वे न्यायिक व्यवस्था के प्रति सार्वजनिक विश्वास को बनाए रखते हैं। >14

### जम्मू-कश्मीर में लगे पहलगाम हमले के आतंकियों के पोस्टर

# सूचना देने पर 20 लाख रुपये का इनाम

नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। सुरक्षा एजेंसियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे कथित तौर पर शामिल तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के पोस्टर लगाए हैं। इस हमले में 26 टूरिस्टों की मौत हो गई थी। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में कई जगहों पर ‘आतंक मुक्त कश्मीर’ का मैसेज लिखे पोस्टर लगे हैं। पोस्टरों में आतंकियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है। एजेंसियों ने यह भी भरोसा दिया है कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

पहलगाम में 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में आंतकी हमला हुआ था। इसमें आतंकियों ने टूरिस्टों पर गोलीबारी की थी। इसमें एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की मौत हो गई थी। यह नरसंहार 2019 में पुलवामा आत्मघाती बम धमाके के बाद कश्मीर घाटी में सबसे घातक आतंकवादी हमला है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से तबाह कर दिया। इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकियों का सफाया हो गया था। इस ऑपरेशन का मकसद बॉर्डर पार आतंकी गतिविधियों को पनाह देने और समर्थन देने वालों को सख्त मैसेज देने का था। वहीं पाकिस्तान ने भी इंटरनेशनल बॉर्डर के पास भारतीय सैन्य ठिकानों और नागरिक इलाकों पर हमले शुरू कर दिए। >14

# राजनाथ सिंह ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए की अहम बैठक

*> सीडीएस समेत शीर्ष अधिकारी रहे मौजूद*



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान सीमा से लगे इलाकों की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा की। इस अहम बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक बैठक में पश्चिमी सीमा की मौजूदा सुरक्षा स्थिति और उससे जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तरफ से यह समीक्षा ऐसे समय पर हुई है जब सीमावर्ती क्षेत्रों में गतिविधियों को लेकर सतर्कता बढ़ाई जा रही है। बैठक का उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाना और संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेना था। भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बाद बीते 10 मई को शाम पांच बजे पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने संघर्ष विराम पर सहमति जताई। भारत से शिकस्त मिलने के बाद आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान अपने घुटने पर आया और तनाव रोकने की भीख मांगने लगा। हालांकि भारत ने अपने शर्तों के आधार पर ही संघर्ष विराम पर सहमति जताई है। इसके साथ ही भारत ने पड़ोसी को सख्त चेतावनी देते हुए इस बात पर जोर दिया कि किसी भी प्रकार की आतंकी घटना या गतिविधि जंग की शुरूआत मानी जाएगी। >14

### जहरीली शराब से अब तक 17 की मौत

अमृतसर, 13 मई (एजेंसियां)। पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 17 हो गई है। जबकि, 8 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनका अमृतसर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बीमारों में 4 की हालत इतनी गंभीर है कि वे बोलने की स्थिति में भी नहीं हैं। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

उनसे पूछताछ की जा रही है कि जहरीली शराब कहां से और कैसे आई? इसके अलावा मजीठा थाने के एसएचओ अवतार सिंह और डीएसपी अमोलक सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, दोपहर को सीएम मान भी मजीठा पहुंचे।

# भारत ने ट्रंप के दावे को नकारा

## विदेश मंत्रालय बोला-ऑपरेशन सिंदूर के बाद व्यापार पर नहीं हुई कोई बात



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है। पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। उन्होंने ट्रंप के दावे को नकारते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लंबित मामला पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है।

उन्होंने कहा कि जैसा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पहले ही बताया है कि 10 मई को 15:35 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ को फोन पर संघर्ष विराम को लेकर वार्ता हुई। इस वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय को 12.37 बजे पाकिस्तान उच्चायोग के जरिये सूचित किया गया। पाकिस्तान की आंतरिक तकनीकी दिक्कतों के चलते हॉटलाइन कनेक्ट होने में देरी हुई। भारत के डीजीएमओ की मौजूदगी के बाद दोपहर 3.35 बजे वार्ता हुई।

उन्होंने कहा कि 10 मई की सुबह भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयरबेस को तबाह किया गया। इसके बाद पाकिस्तान के सुर बदल गए। पाकिस्तान ने गोलाबारी रोकने और सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला किया। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को गोलीबारी रोकने पर मजबूर किया। जैसा कि अन्य देशों से हुई वार्ता में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया और जनता को भी यही कहा कि भारत ने आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमलों का जवाब दिया है। इसके बाद जब पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने फायरिंग की तो भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

उन्होंने कहा कि सीसीएस (सुरक्षा पर कैबिनेट समिति) के फैसले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया गया। सिंधु जल संधि सद्भावना और मित्रता की भावना से शुरू हुई थी, जैसा कि संधि की प्रस्तावना में निर्दिष्ट है। हालांकि, पाकिस्तान ने कई दशकों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देकर इन सिद्धांतों को स्थगित रखा है। अब सीसीएस के फैसले के अनुसार कि भारत संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता। कृपया ध्यान दें कि जलवायु परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव और तकनीकी परिवर्तनों ने जमीन पर भी नई वास्तविकताओं को जन्म दिया है।

# सर्वदलीय बैठक में सरकार से संघर्ष विराम कराने के ट्रंप के दावों पर सवाल उठाएगा विपक्ष : खड़गे



कलबुर्गी, 13 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को एक बार फिर सर्वदलीय बैठक की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से किए गए दावे पर विपक्ष केंद्र सरकार से जवाब मांगेगा। खड़गे ने कहा कि ट्रंप तो अपना क्रेडिट लेने के लिए कुछ भी कह रहे हैं। वहीं हमारी सरकार कह रही है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। इसलिए हम चाहते हैं कि इस पर केंद्र सरकार ऑल पार्टी बैठक बुलाए।

**क्या था ट्रंप का दावा**

बता दें कि बीते 10 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का दावा किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा कि रात में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई लंबी बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं! इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद! कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब ऑल पार्टी मीटिंग होगी, तो हम पूछेंगे कि क्या वाकई कोई बातचीत हुई थी? अगर हुई तो उसमें क्या कहा गया?

### क्या मोदी सरकार पहलगाम पर करेगी कारगिल समीक्षा समिति जैसी जांच?

नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मंगलवार को एक बड़ा सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि क्या मोदी सरकार ‘पहलगाम’ की घटना पर भी वैसी ही समीक्षा कराएगी जैसी 1999 में वाजपेयी सरकार ने कारगिल युद्ध के बाद की थी? साथ ही पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी पुरानी मांग दोहराई, और कहा कि अमेरिका से आई हालिया टिप्पणियों के बाद यह मांग और भी जरूरी हो गई है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कारगिल युद्ध खत्म होने के तीन दिन बाद, 29 जुलाई 1999 को वाजपेयी सरकार ने ‘कारगिल समीक्षा समिति’ बनाई थी। इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में रखी गई थी। >14

### चुनाव आयोग ने सुलझाया डुप्लीकेट वोटर कार्ड का मुद्दा

नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने अपने वादे के मुताबिक तीन महीने में डुप्लीकेट वोटर आईडी कार्ड का मुद्दा सुलझा लिया है। आयोग ने सत्यापन करने के बाद मतदाताओं को नए नंबर के साथ नए मतदाता पहचान पत्र जारी किए हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि एक जैसे मतदाता फोटो पहचान पत्र या ईपीआईसी नंबरों की संख्या काफी कम थी। यह औसतन चार मतदान केंद्रों में से एक के बराबर थी। क्षेत्र स्तरीय सत्यापन के दौरान पाया गया कि समान ईपीआईसी संख्या वाले लोग अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों और अलग-अलग मतदान केंद्रों के वास्तविक मतदाता थे। उन्होंने कहा कि हर मतदाता का नाम उस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में होता है, जहां का वह सामान्य निवासी है। समान संख्या वाला ईपीआईसी होने से कोई भी व्यक्ति किसी अन्य मतदान केंद्र पर मतदान नहीं कर सकता। इसलिए एक जैसे ईपीआईसी नंबर जारी होने का किसी भी चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ सकता। >14

# सिंधु जल संधि और कश्मीर पर पाक की नई गीदड़भभकी

### मिसाइलें खाने के बाद भी सुधार के लक्षण नहीं, इशाक डार की नई धमकी

इस्लामाबाद, 13 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने एक बार फिर से भारत को चेतावनी देने का दुस्साहस किया है। उन्होंने चेतावनी देने के लहजे में कहा है कि पाकिस्तान की जल आपूर्ति को रोकने या मोड़ने की कोई भी कोशिश युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। इशाक डार का बयान उस वक्त आया है जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में साफ शब्दों में कहा था कि ‘खून और पानी साथ नहीं बह सकते’। एक्सपर्ट्स ने मोदी के बयान को ‘सिंधु जल समझौता सस्पेंड’ करने के फैसले को जारी रखना माना है। इशाक डार ने कहा कि कभी-कभी राष्ट्रों को बेहद कठिन विकल्प चुनने की आवश्यकता होती है, जैसा कि हमने 9 मई की रात को किया।

इशाक डार ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया दोनों पक्षों के बीच सम्मान के साथ आगे बढ़े। अमेरिकी मीडिया ऑउटलेट से बात करते हुए इशाक डार ने कहा कि हम बातचीत के माध्यम से सभी लंबित मुद्दों को हल करना चाहते हैं, ऐसे मुद्दे जो क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति और स्थिरता की नींव रख सकते हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने दक्षिण एशिया में शांति का एकमात्र रास्ता कश्मीर समस्या का समाधान बताया। पाकिस्तान ऐसा करके एक बार फिर से कश्मीर को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर लाने की कोशिश कर रहा है और ये दिखाने की कोशिश कर रहा है कि कश्मीर समस्या का समाधान किए बगैर शांति नहीं हो सकती है।

कश्मीर को लेकर भारत ने एक बार फिर से साफ कर दिया है कि पाकिस्तान से जो भी बात होगी, वो पीओके को लेकर होगी। भारत ने पाकिस्तान से पीओके को खाली करने के लिए कहते हुए पीओके को भारत का अभिन्न हिस्सा बताया है।

इशाक डार ने कश्मीर को इंटरनेशनल मुद्दा बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि, कश्मीर मुद्दा सिर्फ पाकिस्तान की स्थिति नहीं है बल्कि वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त विवाद है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता की इच्छा के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए डार ने ट्रंप की पेशकश को “बहुत महत्वपूर्ण” बताया और लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष को हल करने के लिए अमेरिका सहित तीसरे पक्ष के समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया। यानि पाकिस्तान अब कश्मीर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता चाह रहा है, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर रखा है। कश्मीर पर भारत का रूख साफ है कि वो किसी भी तरह की मध्यस्थता का विरोध करता है। इशाक डार ने भारत के साथ व्यापक बातचीत के लिए पाकिस्तान की तत्परता को दोहराया, लेकिन कहा कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। आप एक हाथ से ताली नहीं बजा सकते।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की कारोबारी कबीर तलवार की जमानत याचिका

## एनआईए ने 2022 में किया था गिरफ्तार



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली के कारोबारी हरप्रीत सिंह तलवार उर्फ कबीर तलवार की जमानत याचिका खारिज कर दी। तलवार को 21,000 करोड़ रुपये के मुंद्रा पोर्ट ड्रग्स केस में गिरफ्तार किया गया था। मामले में सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि फिलहाल उन पर आतंकी फंडिंग का आरोप समय से पहले का है। हालांकि कोर्ट ने तलवार को छह महीने बाद फिर से जमानत के लिए याचिका दायर करने की छूट दी है।

**कोर्ट का निर्देश**

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि मामले की सुनवाई विशेष अदालत में तेजी से हो और हर महीने दो बार लिस्टिंग की जाए। बता दें कि इससे पहले 23 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। जहां राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोर्ट में कहा था कि ड्रग्स की बिक्री से मिली रकम का इस्तेमाल आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की फंडिंग में किया गया।

**2022 में एनआईए ने किया था गिरफ्तार**

गौरतलब है कि कबीर तलवार दिल्ली के मशहूर नाइट क्लब्स चलाते थे और अगस्त 2022 में एनआईए ने उन्हें गिरफ्तार किया था। उन्हें देश की अब तक की सबसे बड़ी ड्रग्स बरामदगी के मामले में आरोपी बनाया गया है। यह मामला सितंबर 2021 का है, जब अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते आए कंटेनरों में मुंद्रा पोर्ट पर जांच में करीब 2,988 किलो हेरोइन बरामद हुई थी, जिसकी कीमत करीब 21,000 करोड़ रुपये आंकी गई। यह छठा और आखिरी कंटेनर था, जिसे एजेंसियों ने पकड़ने में सफलता पाई। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें कुछ अफगान नागरिक भी शामिल हैं।

## धारी में बंद पड़े मदरसे पर चला सरकारी बुलडोजर मौलाना का पाकिस्तानी कनेक्शन आया सामने

अमरेली, 13 मई (एजेंसियां)। गुजरात के अमरेली जिले के धारी तालुका के हिमखिमड़ी गांव में बंद मदरसे में चल रही संदिग्ध गतिविधियों के बाद प्रशासन ने आज सख्त कार्रवाई की है। इस अवैध रूप से संचालित मदरसे पर बुलडोजर चला दिया गया है। पुलिस जांच में पता चला है कि इस मदरसे में पढ़ाने वाले मौलाना मोहम्मद फजल अब्दुल अजीज शेख के तार पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से जुड़े हैं। फिलहाल गुजरात एटीएस इस मौलाना से गहन पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए धारी प्रांत अधिकारी हर्षवर्धनसिंह जाडेजा ने बताया कि



मौलाना की गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले की जांच राजस्व विभाग को सौंप दी गई है। जब विभाग ने भवन के स्वामित्व की जांच की तो पता चला कि मकान लगभग 100 वर्ग मीटर के प्लॉट पर बना हुआ है। यह भूखंड पहले लेन समिति द्वारा गरीब लाभार्थियों को दिया किया गया था। प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला कि यह मदरसा या तो लाभार्थी द्वारा दान किया गया था या बेचा गया था। प्रांतीय अधिकारी ने आगे कहा कि लेन समिति के नियमों के अनुसार, इस तरह के काम को शर्तों का उल्लंघन माना जाता है। इसलिए इस प्लॉट को सरकार ने अधिग्रहित कर लिया है और इस पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस और एटीएस की टीम इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और मौलाना के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन के बारे में और जानकारी हासिल की जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

# पोलाची दुष्कर्म केस के 9 आरोपी दोषी करार, महिला कोर्ट ने सुनाया फैसला




कोयंबटूर, 13 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के कोयंबटूर में हुए पोलाची दुष्कर्म केस ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। इस मामले में 6 साल बाद कोर्ट का फैसला आया है। कोयंबटूर की महिला अदालत ने सभी 9 आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोयंबटूर महिला अदालत की जज आर। नंदिनी देवी ने 9 आरोपियों को दोषी बताते हुए कुछ देर में सजा निर्धारित करने का फैसला सुनाया है।

**कॉलेज छात्राओं को बनाया शिकार**

2016 से 2018 तक चले पोलाची दुष्कर्म के सभी 9 लोगों पर आपराधिक साजिश रचने, बलात्कार, गैंग रेप, ब्लैकमेलिंग समेत पैसे मांगने के आरोप लगे हैं। आरोपियों ने ज्यादातर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को अपना निशाना बनाया था। 2019 में यह मामला तब सामने आया, जब कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद लगातार 9 महिलाओं ने पुलिस को ऐसी ही आपबीती सुनाई। पोलाची दुष्कर्म केस में 9 आरोपियों के नाम सामने आए थे।

**क्या है पूरा दुष्कर्म मामला?**

पोलाची दुष्कर्म केस में शामिल 9 लोगों पर आरोप था कि उन्होंने न सिर्फ कई महिलाओं और कॉलेज छात्राओं का बलात्कार किया, बल्कि उनका अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी लगातार पीड़िताओं को ब्लैकमेल करके उनका गैंगरेप करते और वीडियो अपलोड न करने के लिए पैसे वसूला करते थे। यह सिलसिला 2016 से 2018 तक चला।

**सीबीआई ने की थी जांच**


पोलाची दुष्कर्म सामने आने के बाद पूरे देश में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने यह केस सीबीसीआईडी को सौंपा, जिसके बाद इसे सीबीआई को दे दिया गया था। सीबीआई ऑफिसर सुरेंद्र मोहन के अनुसार, जांच एजेंसी ने आरोपियों को दोषी सिद्ध करते हुए कड़ी सजा की सिफारिश की थी। इसके अलावा पीड़िताओं को मुआवजा देने की भी बात की गई थी।

## ओम बिरला की बेटी के मानहानि मुकदमे को हाईकोर्ट ने किया बंद



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आईआरपीएस अधिकारी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि बिरला द्वारा दायर मानहानि मुकदमे को मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने बंद कर दिया। पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि अंजलि ने भ्रष्ट आचरण में लिप्त होकर और अपने पिता के पद का दुरुपयोग करते हुए अपने पहले प्रयास में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की। अदालत ने कहा कि अंजली बिरला ने क्षतिपूर्ति या न्यायालय शुल्क वापसी के लिए कोई दावा नहीं किया। अंजलि बिरला ने कहा था कि पोस्ट से उनका चरित्र हनन किया जा रहा है और इससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान हो रहा है। वहीं, इस मामले पर मंगलवार को निर्णय सुनाते हुए अदालत को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने बताया कि मुकदमे में शामिल 16 विवादित पोस्टों में से 12 को हटा दिया गया है, जबकि शेष चार पोस्टों को मीडिया प्लेटफार्म द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया है। इस पर पीठ ने मुकदमे की कार्यवाही को बंद कर दिया। पूर्व में अदालत ने एक्स, गूगल समेत एक अन्य संस्था को पोस्ट को हटाने या ब्लॉक करने का निर्देश दिया था।

# समय से पहले मानसून ने अंडमान-निकोबार और बंगाल की खाड़ी में दी दस्तक, अगले कुछ दिनों में और आगे बढ़ेगा



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। भारतीय मैसम विभान ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मंगलवार को अंडमान-निकोबार द्वीप, दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में समय से पहले दस्तक दी है। जहां पिछले दो दिनों से निकोबार द्वीपों में हल्की से भारी बारिश हो रही है। साथ ही इलाके में तेज पश्चिमी हवाएं चल रही हैं और घने बादल भी बने हुए रहे हैं, जिसके बाद इन सब संकेतों से मौसम विभाग ने मानसून की शुरुआत घोषित की है।

**खाड़ी में हवाओं की रफ्तार बढ़ी**

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में पश्चिमी हवाओं की ताकत और गहराई बढ़ गई है। 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर हवाओं की रफ्तार 20 नॉट्स (लगभग 37 किमी/घंटा) से ज्यादा रही और कुछ क्षेत्रों में यह 4.5 किमी तक फैली रही।

**अब इन जगहों पर पहुंच सकता है मानसून**

स्थिति को देखते हुए अब मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले 3-4 दिनों में मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीव, कोमोरिन क्षेत्र, बाकी अंडमान-निकोबार द्वीप, अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी के और हिस्सों में पहुंच सकता है। यानि अब देश में धीरे-धीरे मानसून की दस्तक शुरू हो गई है और जल्द ही दक्षिण भारत में बारिश बढ़ सकती है।

**मानसून की शुरुआत, किसानों के लिए राहत कैसे?**

मौसम विभाग के अनुसार मानसून की शुरुआत हो चुकी है, जिसके बाद अब धीरे-धीरे यह देश के बाकी हिस्सों की तरफ बढ़ेगी। इससे दक्षिण भारत और उसके बाद पूर्वी और मध्य भारत में बारिश का मौसम शुरू हो जाएगा। देखा जाए तो यह किसानों, खासकर खरीफ फसल की बुआई की तैयारी कर रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। मामले में मौसम विभाग ने बताया कि हम लगातार इसकी निगरानी कर रहा है और समय-समय पर आगे की जानकारी देगा।

## टीएमसी नेताओं को कोर्ट से बड़ी राहत

# डेरेक ओ ब्रायन समेत 10 को मिली जमानत, जानें मामला



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को डेरेक ओ ब्रायन, सागरिका घोष और साकेत गोखले सहित 10 टीएमसी नेताओं को जमानत दे दी। इन नेताओं पर पिछले साल अप्रैल में निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद चुनाव आयोग के सामने विरोध प्रदर्शन करने का आरोप है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने टीएमसी नेताओं शांतनु सेन, डोला सेन, नदीमुल हक, विवेक गुप्ता, अर्पिता घोष, अबीर रंजन बिस्वास और सुदीप राहा को भी उनके वकील की अर्जी पर राहत दी। नौ टीएमसी नेता अदालत के समक्ष शारीरिक रूप से उपस्थित थे, जबकि विवेक गुप्ता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए।

# पंजाब के मजीठा जहरीली शराब कांड पर अरविंद केजरीवाल का बड़ा बयान, 'दोषी कोई भी क्यों न हों, सजा मिलेगी'



अमृतसर, 13 मई (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा में जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत के खिलाफ मंगलवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल एक्शन मोड में दिखाई दिए। उन्होंने इस हादसे को लेकर कहा कि जहरीली शराब के पीछे जिस किसी का भी हाथ क्यों न हो, उसे बख्शा न हीं जाएगा। प

ंजाब सरकार दोषियों के खिलाफ शख्त कार्रवाई करेगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद ने कहा, मजीठा में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत हुई है। इसमें जो लोग भी शामिल हैं, वे चाहे कितने भी रसूख वाले क्यों ना हों, कितने भी बड़े क्यों ना हों, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलेगी। आरविंद केजरीवाल ने एक्स पोस्ट पर आगे कहा, मजीठा जहरीली शराब हादसे में जिन लोगों की दुखद मौत हुई है, उनके परिवारों को भगवान इस कष्ट को सहने की शक्ति दे। पीड़ित की की आत्मा को शांति दें।

**जहरीली शराब पीने से 14 की मौत**

पंजाब के अमृतसर में कथित तौर पर नकली शराब के सेवन से पांच गांवों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस घटना के बाद पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि जहरीली शराब पीने के बाद हालात बिगड़ने पर 6 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नकली शराब के सेवन से भंगली, पातालपुरी, मरारी कलां, थेरेवाल और तलवंडी घुमन गांव के लोगों की मौत हुई है।

**मुख्य आरोपी सहित 5 गिरफ्तार**

अमृतसर की उपायुक्त साक्षी साहनी ने 14 लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मनिंदर सिंह स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने कहा कि उन्होंने घटना के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों की पहचान मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह और कुलबीर सिंह, साहिब सिंह, गुरजंत सिंह तथा निंदर कौर के रूप में हुई है। भारतीय न्याय संहिता और आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

## शादी के तीन दिन बाद ही टूट गया जन्मों का साथ पति की हार्ट अटैक से मौत

बागेश्वर, 13 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में शादी के तीन दिन बाद ससुराल जाते वक्त नव विवाहिता युवक की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। युवक की मौत के बाद दोनों परिवारों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम पंचायत बिमौना पाचन निवासी नवीन कुमार (27) पुत्र रणजीत राम की नौ मई को धूमधाम से विवाह हुआ था। विवाह के बाद दोनों परिवारों में खुशी का माहौल था। वह 12 मई को पत्नी के साथ ससुराल जा रहे थे। अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा। परिजनों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी बेस अस्पताल ले गए थे, यहां पहुंचे ही उनकी मौत हो गई। युवक की मौत से दोनों पक्षों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## वॉट्सऐप पर नकली नोट बेचने का सौदा: इंदौर पुलिस ग्राहक बनकर पहुंची, दो युवकों को 4 लाख की नकली करेंसी के साथ पकड़ा

इंदौर, 13 मई (एजेंसियां)। इंदौर के पलासिया इलाके में वॉट्सऐप के जरिए नकली नोट बेचने का सौदा कर रहे दो युवकों को पुलिस ने सादी वर्दी में पकड़ लिया। आरोपियों के पास से करीब 4 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं, जिन्हें उन्होंने असली नोटों की गड्डियों में ऊपर-नीचे छिपा रखा था। पुलिस को शक है कि यह एक बड़े गिरोह से जुड़ा मामला हो सकता है। डीसीपी हंसराज सिंह जैन की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ युवक वॉट्सऐप के माध्यम से नकली नोटों का सौदा कर रहे हैं। इस पर एक विशेष टीम बनाई गई और पुलिस ने खुद को ग्राहक बनाकर वॉट्सऐप पर ही इनसे संपर्क किया। बातचीत के बाद सौदा तय हुआ और दोनों युवकों को पलासिया इलाके में बुलाया गया। सौदे के मुताबिक, महाराष्ट्र के जलगांव निवासी प्रथमेश येवलेकर और बड़वाह के दीपक कौशल तय समय पर इलाके में पहुंचे। वे एक बैग में नकली नोट लेकर आए थे। पुलिस पहले से ही सादी वर्दी में मौके पर मौजूद थी। जैसे ही दोनों युवक पहुंचे, टीम ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी में उनके बैग से करीब 20 गड्डियों में छिपे नकली नोट मिले। आरोपी असली नोटों को ऊपर और नीचे रखकर नकली नोटों को बीच में छिपाकर लाए थे, ताकि पहली नजर में नोट असली लगें। पुलिस को नकली के साथ कुछ असली नोट भी मिले हैं। पुलिस का कहना है कि नकली नोट इतने साफ प्रिंट में थे कि आम आदमी के लिए पहचानना मुश्किल होता। अब यह जांच की जा रही है कि आरोपी ये नकली नोट किससे लेकर आए और इनके पीछे कौन लोग हैं। फिलहाल दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस यह मान रही है कि इस रैकेट में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। क्राइम ब्रांच और साइबर सेल को भी इस मामले में जोड़ा गया है। अफसरों ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सकता है। पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया पर जब दोनो ने चैटिंग की गई तो उन्होंने 1 लाख के असली नोट के बदले 4 लाख देने की बात कही थी। जिसमें पुलिसकर्मियों ने सौदा पक्का कर लिया। शुरुआत में 4 लाख रुपए लेकर बुलाया। दोनों आरोपियों के पकड़ाने के बाद पुलिस उनके बताए ठिकाने पर पहुंची। यहां से पुलिस ने कुल 40 लाख के नकली नोट आरोपियों से बरामद किए हैं।

# पाक का औरंगजेब अपनी सेना को मजबूत करने में लगा है

## महबूबा मुफ्ती का युवाओं को बड़ा संदेश



जम्मू, 13 मई (एजेंसियां)। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को लेकर भारतवासियों में गुस्सा फूट-फूटकर भरा है। दोनों देशों में जारी तनातनी के बीच हैदराबाद में लोगों ने एक दुकान में तोड़फोड़ कर दी। वो भी इसलिए क्योंकि उसका नाम था- कराची बेकरी। 'भारत माता की जय' और 'हिन्दुस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए आक्रोशित भीड़ ने लाठियां लेकर 'कराची बेकरी' के बोर्ड और अंदर घुसकर सामान भी तोड़ डाला। साथ ही मालिक से मांग की कि अपनी दुकान का नाम बदल दें। इसपर अब महबूबा मुफ्ती का बड़ा बयान आया है महबूबा मुफ्ती ने हैदराबाद का यह वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा- "एक ओर जब हमारे देश के कट्टरपंथी लोग दुकानें तोड़ने में व्यस्त हैं, मस्जिदों पर बुलडोजर चला रहे हैं और सदियों पहले मर चुके मुगल शासक औरंगजेब के नाम पर हिंसा करने में जुटे हैं। दूसरी ओर, औरंगजेब का हमनाम, पाकिस्तान का एयर वाइस मार्शल ऑरंगजेब अहमद अपनी सेना को मॉडर्न वॉरफेयर की ट्रेनिंग दे रहा है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह बहुत जरूरी समय है, जहरीली विचारधारा बदलिए और देश की असल चुनौतियों, असल प्राथमिकताओं पर बात करिए।

# पाकिस्तान को लेकर प्रियंका चतुर्वेदी का बड़ा बयान 'तोड़ा जा रहा सीजफायर, हमारी सेना तैयार



मुंबई, 13 मई (एजेंसियां)। शिवसेना-यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने पाकिस्तान की ओर से सीजफायर के उल्लंघन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से बार-बार पाकिस्तान सीजफायर तोड़ रहा है, उसकी जवाबी कार्रवाई करने के लिए देश बिल्कुल तत्पर है। हमारी सेना बिल्कुल तैयार है। हमारी कार्रवाई में आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया गया था। प्रियंका चतुर्वेदी ने आगे कहा, अभी वहां से हमारे नागरिकों पर हमला हो रहा है। उन देशों को ये देखना चाहिए, जिन्होंने आईएमएफ का लोन दिलाया, जो देश कहते हैं कि उनके साथ व्यापार करेंगे, उन्हें देखना चाहिए कि पाकिस्तान एक धूर्त देश है। पाकिस्तान अब पाकिस्तान कम रह गया है, वह आतंकिस्तान बन गया है।

**ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में पाया गया था- प्रियंका चतुर्वेदी**

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जब तक पाकिस्तान अपने आतंकी गतिविधियों को बंद नहीं करता, तब तक उसके साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती। इसी तरह, किसी आतंकी देश के साथ व्यापार नहीं हो सकता। पूरे देश में यही भावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति को याद रखना चाहिए कि 7/11 के पीछे का व्यक्ति ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में पाया गया था, मुंबई आतंकी हमले में अमेरिकियों की जान चली गई थी और ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए एक आतंकवादी के अंतिम संस्कार में अमेरिकी घोषित आतंकवादी अब्दुल रऊफ पाक सेना के अधिकारियों के साथ मौजूद था।

**मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस सवाल उठा रही है- शिवसेना-यूबीटी सांसद**


वहीं पहलगाम हमले पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की कांग्रेस की मांग पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस कोई सवाल उठा रही है, बल्कि इस पर एक विशेष संसदीय सत्र बुलाने का सुझाव दे रही है। मुझे यकीन है कि एक और सर्वदलीय बैठक होगी जिसमें सभी दलों को बताया जाएगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्धविराम की घोषणा क्यों की।

## पालघर के दंपति की फिलीपीन में हुई मौत सड़क हादसे में गई जान

पालघर, 13 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में रहने वाले एक दंपति की सड़क दुर्घटना में फिलीपीन में मौत हो गई। सेंट थॉमस चर्च के मुख्य पादरी ने मंगलवार को इस घटना की जानकारी दी। घटना 10 मई की है, जब 50 वर्षीय जेराल्ड परेरा और उनकी 46 वर्षीय पत्नी प्रिया दोपहिया वाहन पर सवार होकर बाडियान, फिलीपीन जा रहे थे, तभी एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और इसके बाद दंपति बिजली के खंभे से जा टकरा गए। हादसे में प्रिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जेराल्ड को गंभीर रूप से घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। दंपति के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं और चर्च के पदाधिकारियों ने बताया कि फिलीपीन में उनकी पार्थिव देह को वापस लाने के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का इंतजार किया जा रहा है।

## क्या साथ आने वाले हैं एकनाथ शिंदे और राज ठाकरे? शिवतीर्थ पर पहुंचे शिवसेना के नेता





मुंबई, 13 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजनीति बीते कुछ सालों से काफी उथल-पुथल वाली रही है। अब राज्य में एक और राजनीतिक परिवर्तन की अटकलें लगाई जा रही हैं। दरअसल, महाराष्ट्र में जल्दी ही स्थानीय निकाय चुनाव का आयोजन होने वाला है। इस चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच चर्चाओं और करीब आने का दौर भी शुरू हो चुका है। इसी क्रम में अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना और राज ठाकरे की पार्टी मनसे स्थानीय निकाय चुनाव के लिए एक साथ आ सकते हैं। दरअसल, शिवसेना के नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री उदय सामंत ने मनसे पार्टी के प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की है। उदय सामंत, राज ठाकरे से मिलने उनके दादर स्थित निवास स्थान पर पहुंचे थे। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच इस मुलाकात की औपचारिक वजह अभी सामने नहीं आयी है। सूत्रों की माने तो, स्थानीय निकाय चुनाव में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मनसे के गठबंधन की चर्चा शुरू थी। माना जा रहा है कि शिवसेना के नेता उदय सामंत और मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बीच इसी के मद्देनजर चर्चा के लिए मुलाकात हुई है। अगर दोनों दल साथ आते हैं तो ये महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया अध्याय होगा।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार
बस मन साफ रखना
वक्त और दिन
सबके बदलते है।

बुधवार, 14 मई, 2025


# सौंदर्य प्रतियोगिता की प्रतिभागियों ने पुराने शहर का दौरा किया, हेरिटेज वॉक का आयोजन किया







हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की प्रतिभागियों ने आज हैदराबाद के पुराने शहर का दौरा किया। 109 देशों की सुंदरियों का ऐतिहासिक स्मारक चारमीनार पर पारंपरिक अरबी मार्चा संगीत के साथ लाल कालीन बिछाकर स्वागत किया आसपास के इलाकों की खूबसूरती को अपने मोबाइल फोन में कैद किया। इसके बाद चारमीनार के पास एक विशेष फोटो शूट का आयोजन किया गया।

बाद में, इन सुंदरियों ने लाड बाजार की नौ मशहूर दुकानों पर खरीदारी की। चूड़ियां, मोतियों की माला और अन्य सजावटी सामान खरीदने के अलावा, सुंदरियों ने चूड़ी बनाने की प्रक्रिया को खुद देखा। उन्हें चार समूहों में विभाजित करने की व्यवस्था की गई थी और प्रत्येक समूह को दो दुकानों में अपनी खरीदारी करने के लिए कहा गया था। बाद में, चारमीनार से चौमहल्ला पैलेस तक एक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। हेरिटेज वॉक में व्यवधान को रोकने के लिए पुलिस ने यातायात को डायवर्ट कर दिया है। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पुराने शहर की सभी सड़कों को पुलिस ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। मदीना, चारमीनार, शालिबंडा, वोल्गा जंक्शन, खिलवत सड़कें पूरी तरह से बंद कर दी गई हैं। मंगलवार रात 11 बजे तक यातायात प्रतिबंध लगा दिया गया है। कार्यक्रम में भाग लेने वालों को शहर के ऐतिहासिक स्मारकों को देखने और उनके पीछे के इतिहास को जानने का अवसर मिलेगा। हेरिटेज वॉक के हिस्से के रूप में, प्रतिभागियों ने जिन प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्मारकों का दौरा किया, उनमें चारमीनार, मक्का मस्जिद, चौमहल्ला पैलेस, बद्दही आशूर खाना, खिलवत मुबारक और लाड बाजार शामिल हैं। इनका हैदराबाद शहर के इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्थानीय गाइडों द्वारा प्रतिभागियों को प्रत्येक इमारत के इतिहास और वास्तुकला की विशेषताओं के बारे में बताया गया।

# मिस वर्ल्ड की प्रतिभागियों ने चारमीनार की खूबसूरती पर किया आश्चर्य

## प्रसिद्ध चूड़ी बाजार का किया भ्रमण



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मिस वर्ल्ड की प्रतिभागियों ने ऐतिहासिक चारमीनार के प्रति अपनी प्रशंसा प्रदर्शित की है। 2025 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के 72वें संस्करण के भाग के रूप में, 109 देशों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को चारमीनार का दौरा किया, जो हैदराबाद के हृदय में पांच सौ वर्षों से गर्व से खड़ी इस भव्य संरचना से मंत्रमुग्ध हो गए। पर्यटक बसों से चारमीनार पहुंचने पर, प्रतिभागियों का लाल कालीन बिछाकर भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक अरबी मार्फा वाद्ययंत्रों के साथ उनका स्वागत किया। कुछ प्रतिभागियों ने मार्फा की लय से जुड़ते हुए और स्थानीय संस्कृति में खुद को डुबोते हुए अनोखे नृत्य के साथ इसमें शामिल हुए। इन सौंदर्य राजदूतों की बदौलत चारमीनार के आसपास के क्षेत्र में एक अतिरिक्त आकर्षण आ गया है। इस प्रतिष्ठित स्थल पर अपने फोटोशूट के दौरान, प्रतिभागियों ने स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की, अपनी खुशी और प्रशंसा साझा की। उन्होंने अपने मोबाइल डिवाइस पर शानदार चारमीनार की तस्वीरें भी कैद कीं। कार्यक्रम के बाद, विश्व सौंदर्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने चारमीनार के सामने आयोजित हेरिटेज वॉक की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रस्तुत किया।

अपनी यात्रा के दौरान, प्रतिभागियों ने चारमीनार के पास प्रसिद्ध चूड़ी बाज़ार (लाड बाज़ार) का भ्रमण किया, जहां उन्होंने चूड़ियां, मोतियों के हार और विभिन्न सजावटी सामान खरीदे, जिससे स्थानीय शिल्प के प्रति उनकी प्रशंसा प्रदर्शित हुई। कई प्रतिभागियों ने कांच बनाने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और कुशल कारीगरों और मूर्तिकारों की सराहना की, यह पहचानते हुए कि उनके समर्पण और प्रतिभा को वैश्विक मान्यता मिलनी चाहिए। इस पहल ने हैदराबाद की सांस्कृतिक विरासत और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के लिए आकर्षण को उजागर किया। मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों की उपस्थिति न केवल प्रतियोगिता का एक पहलू थी, बल्कि वैश्विक शांति और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी थी। उल्लेखनीय रूप से, लाड बाजार के व्यापारियों ने मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों से उनकी दुकानों पर आने के दौरान कोई शुल्क न लेकर उल्लेखनीय दयालुता दिखाई। इसके बजाय, व्यापारियों ने प्रतियोगियों द्वारा चुनी गई वस्तुओं को बिना किसी शुल्क के उदारतापूर्वक पेश किया, किसी भी भुगतान को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने प्रतियोगियों को अपने-अपने देशों में हैदराबाद और चारमीनार लाड बाजार की विशिष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। कई दुकानदारों को मिस वर्ल्ड प्रतिनिधियों को अपने स्टोर में आमंत्रित करने के लिए गुलाब के फूल देकर अभिवादन करते देखा गया। इसके बाद, मिस वर्ल्ड प्रतियोगी चौमहल्ला पैलेस पहुंचीं, जहां राज्य सरकार ने उनके सम्मान में औपचारिक रात्रिभोज का आयोजन किया। प्रतियोगियों का हिंदुस्तानी शहंशाह वैद्यों की पारंपरिक धुनों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्थानीय महिलाओं ने ऐतिहासिक शहर की संस्कृति और परंपराओं को खूबसूरती से प्रदर्शित करने वाले नृत्य प्रस्तुत किए।

# सरकारी छात्रावासों में बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए योजनाएं बनाएं : सीएस



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव के रामकृष्ण राव ने अधिकारियों को तेलंगाना में सामाजिक कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, आदिवासी कल्याण और सरकारी आवासीय छात्रावासों में सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उपयुक्त योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को सभी सरकारी छात्रावासों में गुणवत्तापूर्ण भोजन और पर्याप्त बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने और तदनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के मार्गदर्शन के बाद, मुख्य सचिव ने मंगलवार को सचिवालय में सरकारी सामाजिक, आदिवासी और अल्पसंख्यक छात्रावासों के प्रबंधन पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। मुख्य सचिव ने टिप्पणी की कि छात्रों को कॉस्मेटिक शुल्क सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित करने में सक्षम बनाने के लिए उचित प्रस्ताव विकसित किए जाने चाहिए, और सुझाव दिया कि डेबिट कार्ड के समान स्मार्ट कार्ड जारी करने से छात्रों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि छात्रों को आवश्यक साबुन और सौंदर्य प्रसाधनों की खरीद के लिए महिला समूहों द्वारा संचालित मोबाइल बिक्री केंद्रों के साथ सहयोग करना चाहिए। रामकृष्ण राव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को आगामी शैक्षणिक वर्ष में सरकारी छात्रावासों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामान की आपूर्ति के उद्देश्य से प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया है।

इसमें छात्रों की पाठ्यपुस्तकें, नोटबुक, वर्दी, चादरें, कालीन, स्कूल बैग और अन्य आवश्यक सामान शामिल हैं, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने सिफारिश की कि अधिकारी तदनुसार उपयुक्त प्रस्ताव विकसित करें। एससी विकास प्रमुख सचिव एन श्रीधर, समाज कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थान सचिव डॉ.ए. वार्शिनी, सर्च सीईओ दिव्या, बीसी कल्याण सचिव ई. श्रीधर और अन्य ने बैठक में भाग लिया।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के उपनगरीय क्षेत्र मेडचल में सोमवार रात मोटरसाइकिल से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मेडचल के रालापुर गांव निवासी पीड़ित देवेन्द्र रेड्डी (37) अपने कार्यस्थल से घर जा रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल फिसलने के कारण वे सड़क पर गिर गए। वह घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने सड़क पर पड़े शव को देखा और पुलिस को सूचना दी, जिसने शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## केटीआर ने फीवर अस्पताल में बच्चों के वार्ड बंद होने पर जताई चिंता



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने हैदराबाद के सरकारी बुखार अस्पताल में बच्चों के वार्ड के बंद होने पर चिंता जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर शासन की तुलना में सौंदर्य प्रतियोगिताओं को प्राथमिकता देने के लिए हमला बोला, क्योंकि ऐसी खबरें सामने आई हैं कि अस्पताल में बच्चों का वार्ड बाल रोग विशेषज्ञों की कमी के कारण एक साल से अधिक समय से बंद है।

रामाराव ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर टिप्पणी की कि मुख्यमंत्री मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लेने में व्यस्त हैं, लेकिन बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में सोचने के लिए उनके पास समय नहीं है। बच्चों और माता-पिता को एक साल से अधिक समय तक कष्ट सहना पड़ता है। उन्होंने मानसून और बढ़ते मौसमी स्वास्थ्य जोखिमों से पहले बाल रोग विशेषज्ञों की नियुक्ति में सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट को साझा करते हुए उन्होंने मुख्य सचिव के रामकृष्ण राव से तत्काल हस्तक्षेप करने और इस मुद्दे को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता के रूप में लेने का आग्रह किया। एक समाचार रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल में तैनात दो डॉक्टरों का तबादला कर दिया गया है और पिछले एक साल से ये पद खाली हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

**नीलामी सूचना**

नीलामी सूची सं. WAT-2WR-VSKP-01

विवरण : विशाखपट्टणम रेलवे स्टेशन में डोर पिक अप और डोर डिलीवरी सेवाओं की वैकल्पिक सुविधा के साथ दोपहिया और अन्य पार्सल / सामान की पैकिंग।

ट्रिप्स/दिन : 1096
लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 23.05.2025 को 1100 बजे, लॉट बंद होने की तिथि : 23.05.2025 को 1130 बजे, न्यूनतम वृद्धि : 0.2%

उपरोक्त ई-नीलामी सूचना का संपूर्ण विवरण वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर
PR-121/Q/25-26

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, BIJAY KUMAR MANNA FATHER OF MR KISHOR MANNA PRESENTLY RESIDING AT VILL- KHALINA, PO BARTANA, TEH- EGRA, DISTT- PURBA MEDINIPUR (WEST BENGAL) PIN- 721429 HAVE CHANGED MY NAME FROM BIJOY KUMAR MANNA TO BIJAY KUMAR MANNA VIDE AFFIDAVIT DT 12TH MAY 2025 BEFORE KATLURARI RAVINDER RAO ADVOCATE AND NOTARY, SECUNDERABAD.

**CHANGE OF NAME & D.O.B**

I, PRAGASAMARY M W/O. MUTHAPPAN RASAMUTHU, R/O SPORT BATTERY ARTILLERY CENTER, GOLCONDA, HYDERABAD-500031, T.S, MY NAME IS PRAGASAMARY M & DOB IS 14-07-1955, BUT IN MY SON ARMY SERVICE RECORD MY NAME MENTIONED AS PRAKASAM & DOB IS 01-07-1953, INSTEAD OF PRAGASAMARY M & DOB IS 14-07-1955.

I, MUTHAPPAN RASAMUTHU S/0. LATE. RASAMUTHU, R/O SPORT BATTERY ARTILLERY CENTER, GOLCONDA, HYDERABAD-500031, T.S.MY NAME IS MUTHAPPAN RASAMUTHU & DOB IS 18-02-1945, BUT IN MY SON ARMY SERVICE RECORD MY NAME MENTIONED AS M MUTHAPPAN & DOB IS 01-07-1949, INSTEAD OF MUTHAPPAN RASAMUTHU & DOB IS 18-02-1945.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## अवैध संबंध खत्म करने के लिए व्यक्ति ने की महिला की हत्या, गिरफ्तार

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। चंद्रायनगुट्टा पुलिस ने एक महिला निर्माण मजदूर की लगभग एक सप्ताह पहले उसके घर में कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में एक राजमिस्त्री को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया जुल्फिकार अली (43), चंद्रायनगुट्टा का निवासी है और पश्चिम बंगाल का मूल निवासी है। वह महिला केथवथ बुज्जी से दोस्ती करता था। वह चंद्रायनगुट्टा में पीड़िता के घर के बगल वाले कमरे में रहता था। पुलिस के मुताबिक, महिला और पुरुष के बीच अवैध संबंध बन गए थे और महिला कुछ महीनों से जुल्फिकार पर शादी के लिए दबाव बना रही थी। जुल्फिकार पहले से शादीशुदा था और वह महिला से शादी नहीं करना चाहता था। उसने महिला की हत्या करने और किसी भी कीमत पर रिश्ता खत्म करने की योजना बनाई।

8 मई को संदिग्ध चंद्रायनगुट्टा में पीड़िता के घर गया और वहां कुछ समय बिताने के बाद जुल्फिकार ने उसका गला रेत दिया जिससे उसकी मौत हो गई। डीसीपी (दक्षिण पूर्व) पी कांतिलाल सुभाष ने बताया कि इसके बाद उसने बिस्तर में आग लगाकर शव को जलाने की कोशिश की। पुलिस ने हत्या की जानकारी मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शक के आधार पर जुल्फिकार को हिरासत में लिया गया, पूछताछ में उसने महिला की हत्या करना स्वीकार किया। उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

# डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबरों का 20 साल पुराना मुद्दा सुलझा : ईसीआई

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। निर्वाचक नामावलियों की अखंडता को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने डंप्लीकेट इलेक्टर फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों से जुड़े 20 साल पुराने मुद्दे को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है, जो 2005 से अलग-अलग इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) द्वारा समान सीरीज के इस्तेमाल के कारण अनजाने में असली मतदाताओं को जारी कर दिए गए थे, ऐसा ईसीआई के सूत्रों ने बताया।

इस लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान के लिए, ईसीआई ने 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं को कवर करते हुए चुनावी डेटाबेस की व्यापक समीक्षा की। इस अभ्यास में 10.50 लाख मतदान केंद्रों के सभी 4,123 विधानसभा क्षेत्रों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) और ईआरओ ने भाग लिया। औसतन, प्रत्येक मतदान केंद्र में लगभग 1,000 मतदाता होते हैं। समीक्षा से पता चला कि डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबर न्यूनतम थे, जो औसतन हर चार मतदान केंद्रों में से एक में होते थे। फील्ड-स्तरीय सत्यापन ने पुष्टि की कि इन डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबरों के धारक विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों और मतदान केंद्रों में पंजीकृत वास्तविक मतदाता थे। सभी प्रभावित मतदाताओं को अब विशिष्ट संख्या वाले नए ईपीआईसी कार्ड जारी किए गए हैं। ईसीआई के सूत्रों ने कहा कि यह मुद्दा 2005 में उत्पन्न हुआ, जब विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने विकेन्द्रीकृत तरीके से ईपीआईसी नंबरों के लिए विभिन्न अल्फ़ान्यूमेरिक श्रृंखलाओं का उपयोग किया। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद 2008 में इन श्रृंखलाओं को संशोधित किया गया था। हालांकि, इस परिवर्तन के दौरान, कुछ निर्वाचन क्षेत्रों ने गलती से पुरानी श्रृंखला का उपयोग करना जारी रखा या, टाइपोग्राफिकल त्रुटियों के कारण, अन्य निर्वाचन क्षेत्रों को सौंपी गई श्रृंखला को अपना लिया। इसीआई के सूत्रों ने आगे स्पष्ट किया कि प्रत्येक मतदाता का नाम उनके सामान्य निवास स्थान के अनुरूप मतदान केंद्र की मतदाता सूची में पंजीकृत है। परिणामस्वरूप, इस मुद्दे का किसी भी चुनाव के परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

**THE AGRASEN CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.**
Head Office # 15-2-391/392/1, Siddiamber Bazar, Hyderabad - 500012 TS
Ph: 040 2473 6228 www.agrasenbank.in info@agrasenbank.in
अग्रसेन बैंक Estd.1998



**CAREER GROWTH STARTS HERE**

We are one of the leading Urban Co-operative Banks in the State of Telangana and shortly opening our New Branches at Kukatpally, Gaganpahad, Ameerpet and Madhapur in Hyderabad. We require dynamic, energetic and result oriented staff for the following positions:

**Banking / Marketing Executives**
- 2-3 Years Banking Experience will be preferred
- Freshers, Commerce Graduates / Any graduate with good communication skills and computer knowledge can also apply

**Officers / Assistant Managers**
- MBA, MCA, BE / B-Tech, CA Inter / Commerce Graduate with 2-3 years experience in any commercial organization in the field of Accounts. Computer Networks, Finance, Loans Processing, Banking Products Marketing.

**AGM (Credit / Marketing) & Manager (Credit / Marketing / Legal)**
- Minimum of 10 years experience in Public Sector/Private Sector / Cooperative Banks.
- JAIIB/CAIIB qualified will be preferred.
- BL, LLB, LLM

**Gold Appraisers**
- Having vast experience in the line of Gold Jewellery and its appraisal.

Pay Package: Commensurate with the Qualification and experience of the candidates.

Eligible candidates can email / send their Curriculum Vitae along with passport size photograph at the address given below:
E-mail: **tacubl@agrasenbank.in** Postal Address: **General Manager, #15-2-391/392/1, Siddiamber Bazar, Hyderabad -500012 Telangana**

Place: Hyderabad
Date: 14/05/2025
APPLY WITHIN 7 DAYS

Sd/-
General Manager / CEO

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद संत प्रेमानंद से मिले विराट कोहली और अनुष्का





वृंदावन, 13 मई (एजेंसियां)। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद, भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मंगलवार को अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में देखे गए। भगवान कृष्ण ने अपना बचपन जिस पवित्र शहर में बिताया था, वहां उनके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वृंदावन में, विराट और अनुष्का ने संत प्रेमानंद गोविंद शरण से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपने शानदार 14 साल के टेस्ट करियर का अंत किया, जिसमें उन्होंने 123 मैचों में 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं। इस जोड़े को पिछले कुछ सालों में कई मंदिरों में जाते हुए देखा गया था। इस साल जनवरी में, विराट, अनुष्का शर्मा और उनके बच्चे प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लेने वृंदावन गए थे, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।

2023 में, दंपति ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया। इससे पहले, दोनों ने उत्तराखंड में नीम करोली बाबा आश्रम, कैंची धाम की आध्यात्मिक यात्रा की। विराट के टेस्ट रिटायरमेंट का फैसला तब आया जब यह बताया गया कि कोहली ने अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपने फैसले के बारे में बता दिया है। 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कोहली पिछले एक दशक में भारत के लाल गेंद के पुनरुत्थान की आधारशिला रहे हैं। उनकी आक्रामक कप्तानी, शानदार बल्लेबाजी और बेजोड़ तीव्रता ने भारत को घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर एक मजबूत टेस्ट टीम में बदलने में मदद की है।

वह ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद कुल मिलाकर 40 जीत के साथ चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए। कोहली के 30 टेस्ट शतक उन्हें सचिन तेंदुलकर (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सुनील गावस्कर (34) के बाद चौथे सबसे सफल भारतीय बल्लेबाज बनाते हैं।

कोहली ने सात टेस्ट दोहरे शतक भी बनाए, जो किसी भारतीय द्वारा अब तक का सबसे अधिक है। उनके नाम किसी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे अधिक टेस्ट शतक भी हैं, जबकि गावस्कर (11 शतक) उनके 20 शतकों से काफी पीछे हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले साल भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। 36 वर्षीय कोहली अब भारत के लिए केवल वनडे मैचों में खेलेंगे।

## बेहोश होकर गिरे दूल्हे की मौत

फतेहपुर, 13 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में उस वक्त हृदय विदारक घटना हुई जब हंसी खुशी एक शादी की रस्में चल रही थीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान विदाई के बाद जैसे ही दुल्हन गाड़ी में बैठी अचानक दूल्हा बेहोश होकर गिरा और उसकी मौत हो गई।

औंग थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी कानपुर नगर के नौबस्ता में रहने वाले श्याम सुंदर के बेटे मोनू गौतम से तय की थी। रविवार की रात बारात गांव पहुंची थी।

सोमवार की सुबह अंत में विवाह के रश्म में होने वाले कलेवा की तैयारी चल रही थी। दुल्हन गाड़ी में आकर बैठ भी गई थी। इस बीच अचानक दूल्हा मोनू बेहोश होकर गिर पड़ा।

बारातियों में हड़कंप मच गया। दूल्हे को प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां से हालत नाजुक देखकर डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया गया।

# सांसद चंद्रशेखर बोले-पीएम मोदी ने ट्रंप के बयान का खंडन नहीं किया



पटना, 13 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम तो हो गया है लेकिन देश के अंदर कुछ नेता मोदी सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। मंगलवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के प्रबंधन पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। सैन्य संघर्ष के दौरान उनकी वीरता अद्वितीय थी। यदि सरकार अधिक दृढ़ होती, तो हम सीमा पार आतंकवाद के अंत को देख सकते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का जिक्र करते हुए सांसद ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ने अमेरिका के दबाव में युद्धविराम पर सहमति जताई। नागिना के सांसद आजाद ने कहा कि हम सभी जानना चाहते हैं कि सच कौन बोल रहा है? हमारे प्रधानमंत्री ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में ट्रंप का खंडन करने का अवसर नहीं लिया।

**वक्फ संशोधन बिल के मुद्दे पर अपनी विश्वसनीयता खो दी जदयू ने**

वहीं जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के 'पाकिस्तान को और अधिक प्रभावी तरीके से पीटे जाने वाले' बयान पर सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि वह देश में प्रचलित भावना को दोहरा रहे हैं। हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ होनी चाहिए, न कि पाकिस्तान के खिलाफ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड ने भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर वक्फ संशोधन बिल के मुद्दे पर अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सांसद ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार ने जम्मू और कश्मीर में शहीद हुए बीएसएफ के उप-निरीक्षक मोहम्मद इम्तियाज को उचित सम्मान नहीं दिया।

# खुदकुशी से पहले अमित ने रिश्तेदार को व्हाट्सएप कॉल कर बताई थी बात

उन्नाव, 13 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के उन्नाव के अचलगंज में पत्नी-पत्नी के बीच उपजे शक ने चार लोगों के हंसते-खेलते परिवार को निगल लिया। युवक ने पहले पत्नी के साथ ही दोनों बेटियों को मौत की नींद सुलाया, बाद में खुद भी मौत को गले लगा लिया। महिला और उसकी दो बेटियों की मौत दम घुटने से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है।

आशंका है कि मृतका के ऊपर जो तकिया रखी मिली उसी को सोते समय मुंह पर रखकर तीनों को मारा गया। जबकि तीनों की हत्या करने वाले अमित की मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, पोस्टमार्टम से 12 घंटे पहले चारों की मौत हुई। चारों के पेट में भोजन नहीं मिला है। छोटे भाई संदीप ने बताया कि अमित पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। गांव में 100-100 मीटर की दूरी पर तीन घर बने हैं। एक घर में वह, अपने भाई रंजीत, अजीत और माता-पिता के साथ रहते हैं। दूसरे घर में अनुज और तीसरे घर में अमित अपने परिवार के साथ रहते थे।




**पत्नी के चरित्र पर था शक**

अमित को काफी समय से पत्नी के चरित्र पर शक था। रोज-रोज के झगड़े से परेशान होकर अमित ने तीन महीने पहले ही अपने घर के बाहर तीन सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। इनमें सबसे ऊपर लगा एक कैमरा तीन दिन से बंद मिला है, जबकि दो कैमरे चालू हैं।

**दो मई को क्या हुआ था**

पुलिस ने फुटेज की जांच की तो किसी बाहरी के आने की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि पुलिस डीवीआर में सुरक्षित पूरी रिकार्डिंग चेक करने की बात कह रही है, ताकि पिछले कुछ दिनों में क्या-क्या हुआ, घर में कौन कितनी बार आया-गया, दो मई को जिस दिन पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था, उस दिन की गतिविधियां क्या रहीं, इसका पता चल सके। लोगों का कहना है कि अमित रोज कैमरों की फुटेज भी चेक करता था। मोबाइल पर सीसीटीवी एक्टिवेट था।

मृतका गीता ने वर्ष 2022 में गांव के ही अशोक, विजय और मनोहर पर छेड़छाड़, विरोध करने पर मारपीट करने और गर्भपात होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना में अशोक का दोष न मिलने पर नाम हटा दिया था। वहीं, विजय और मनोहर को जेल भेजा था। दोनों आरोपी घटना के दो महीने बाद जमानत पर छूट गए थे। 27 मई को इसी मुकदमे में न्यायालय में पेशी थी। मृतक के पिता ने इन्हीं विरोधियों पर बेटे, बहू और दोनों पौत्री की हत्या का आरोप लगाया। हालांकि जांच में दोनों गांव में ही मिले।

## गंगा स्नान के दौरान एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, दो को बचाया गया, तीन की मौत

मुंगेर, 13 मई (एजेंसियां)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरदह गंगा घाट पर मंगलवार को स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा में नहाने गए एक ही परिवार के पांच लोग गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। गंगा में जा रही एक नाव से दो लोगों को बचा लिया गया, लेकिन तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही सीताकुंड कल्याणचक गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण बरदह घाट पर पहुंचे और स्थानीय स्तर पर खोजबीन शुरू की। बाद में घटना की सूचना सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) शैलेन्द्र कुमार सिंह को दी गई, जिनके निर्देश पर गोताखोरों की टीम और एसडीआरएफ को मौके पर भेजा गया।

# पिता कश्मीर बॉर्डर पर, बेटा 500 में 499 नंबर लाया

## सीबीएसई 12th में यूपी के 80% स्टूडेंट्स पास; नोएडा नंबर-1 रहा



प्रयागराज, 13 मई (एजेंसियां)। सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। यूपी में कुल 80% स्टूडेंट पास हुए। लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 9% ज्यादा रहा। लड़कियों का पासिंग प्रतिशत 85.82, जबकि लड़कों का 76.10% रहा। यूपी के रीजनल सेंटर में सबसे ज्यादा नोएडा के 81.29% और सबसे कम प्रयागराज के 79.53% स्टूडेंट पास हुए। तीसरे रीजन देहरादून का रिजल्ट सबसे ज्यादा 83.45% के साथ 13वें नंबर पर रहा। मेरठ के करन पिलानिया और शामली की शावी जैन के 500 में से 499 अंक आए हैं। उनके 99.80% मार्क्स हैं। करन के पिता बबलू सिंह बीएसएफ में हैं। फिलहाल वे कश्मीर के राजौरी में बॉर्डर पर तैनात हैं।

**करन पिलानिया बोले-इंजीनियर बनकर देश के लिए कुछ करना है**

करन पिलानिया कहते हैं- मैं इंजीनियर बनना चाहता हूं। चाहता हूं कि रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में इंडिया के लिए कुछ ऐसा बना दूं कि रशिया या दूसरे शहरों पर निर्भरता खत्म हो जाए। मैं बच्चों से कहना चाहता हूं कि अब बोर्ड का लेवल बढ़ता जा रहा है। लॉजिकल सवाल बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए सेल्फ स्टडी पर ध्यान देना चाहिए। रटना काम नहीं आएगा। टाइम मैनेजमेंट को लेकर कहते हैं कि मैं रोज 1 घंटे टेबल टेनिस खेलता था, इसलिए बॉडी ट्यून रहती है, ज्यादा स्ट्रेस मत लीजिए।

## बहन की शादी से चार दिन पहले दो भाइयों ने की खुदकुशी

गोरखपुर, 13 मई (एजेंसियां)। गोला इलाके के लकुड़ी गांव में बहन की शादी से चार दिन पहले दो सगे भाइयों ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

पहले छोटे भाई फिर रात में बड़े भाई ने फंदा लगाया। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से इलाके में भी हड़कंप मच गया। मृतकों की पहचान लकुड़ी गांव निवासी सत्यम (18) और संदीप (25) के रूप में हुई। पुलिस ने सोमवार को दोनों भाइयों के शव का पोस्टमार्टम करवाकर देर रात परिजनों को सौंप दिया।

# अखिलेश यादव की बेटी अदिति के नाम पर बने फर्जी एफबी पेज से विवादित पोस्ट, भड़के सपा चीफ ने दी चेतावनी

लखनऊ, 13 मई (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव के नाम पर कई फेक पेज-प्रोफाइल बने हुए हैं। इसको लेकर अब अखिलेश यादव ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने दो टूक कहा है कि 24 घंटे पूरे हो गए हैं, हमारी आपत्ति को एफआईआर से कम न समझा जाए और फर्जीवाड़ा करने वालों पर एक्शन लिया जाए।

दरअसल, सोशल मीडिया पर अदिति यादव के नाम पर एक फर्जी प्रोफाइल बनी हुई है, जिससे पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट किया गया है। जब इस पोस्ट पर अखिलेश की नजर पड़ी तो वह गुस्से से भर गए। उन्होंने 'एक्स' पर स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा कि 'इसे हमारी एफआईआर से कम न समझा जाए।' अखिलेश यादव ने लिखा-इसी बीच हमारी नजर में ऐसी कई पोस्ट आई हैं जो बेहद आपत्तिजनक हैं। यहां तक कि हमारे परिवार और पार्टी के नेताओं और हमसे जुड़े हुए लोगों के मिलते-जुलते नाम और तस्वीरों का दुरुपयोग करके कुछ असामाजिक तत्व बेहद निंदनीय सोशल मीडिया पोस्ट और सामग्री प्रकाशित कर रहे हैं। वकील अखिलेश-ऐसी तस्वीरों, विचारों से हमारा कोई भी लेना-देना नहीं है। ये सब एक साजिश के तहत किया जा रहा है, जिसके पीछे या तो कुछ शातिर लोगों का राजनीतिक या आर्थिक मंसूबा है या फिर उन लोगों की अनभिज्ञता है जो नहीं जानते हैं कि उनका इस्तेमाल कोई अपना मतलब निकालने के लिए कर रहा है। सपा प्रमुख ने एक्शन की मांग करते हुए कहा कि अगर भाजपा सरकार की साइबर सिक्योरिटी सेल चाहे तो ऐसे लोगों को 24 घंटे क्या, 24 मिनट में भी पकड़ सकती है, उसे तो बस ऊपर के आदेश का इंतजार है। फिलहाल, साक्ष्य संलग्न है।



# 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में ईडब्ल्यूएस को आरक्षण नहीं मिलेगा

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा-नौकरी कर रहे टीचर को हटाना उचित नहीं

प्रयागराज, 13 मई (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा-उत्तर प्रदेश में 69 हजार सहायक अध्यापकों की भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को आरक्षण नहीं मिलेगा। हालांकि, कोर्ट ने माना है कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के समय यूपी में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू किया जा चुका था। ऐसे में सरकार को इस भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करना चाहिए था। कोर्ट ने कहा-सभी 69 हजार पदों पर भर्ती हो चुकी है, चयनित उम्मीदवार वर्षों से नौकरी कर रहे हैं।

ऐसे में नियुक्त अभ्यर्थियों को हटाकर ईडब्ल्यूएस आरक्षण के तहत नई सूची बनाकर भर्ती करना व्यावहारिक और न्यायसंगत नहीं होगा। यही नहीं, चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति को चुनौती भी नहीं दी गई। यह आदेश जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रवीण कुमार गिरी की खंडपीठ ने शिवम पांडे और दर्जनों अन्य अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। याचियों ने एकल पीठ के समक्ष ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण लागू करने की मांग की थी। इसे एकल पीठ ने खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ याचियों ने खंडपीठ का रुख किया। दावा किया कि साल 2020 में शिक्षक भर्ती विज्ञापन के समय ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू हो चुका था। उन्होंने कहा- केंद्र की ओर से 103वां संविधान संशोधन 12 जनवरी 2019 को पारित किया गया। राज्य सरकार ने 18 फरवरी 2019 को शासनादेश जारी कर इसे लागू कर दिया था। कोर्ट के समक्ष प्रमुख रूप से तीन प्रश्न थे कि ईडब्ल्यूएस योजना 18 फरवरी 2019 से लागू मानी जाएगी या 31 अगस्त 2020 को एक्ट लागू होने की डेट से माना जाएगा। इसी प्रकार से कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया विज्ञापन जारी होने की डेट से मानने पर भी विचार किया। कोर्ट के समक्ष तीसरा प्रश्न था कि क्या याची कोई राहत पाने के हकदार हैं।

कोर्ट ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण 18 फरवरी 2019 से लागू माना। एकल न्याय पीठ के इस मत को स्वीकार नहीं किया कि आरक्षण एक्ट लागू होने की तिथि से लागू माना जाएगा। इसी प्रकार से कोर्ट ने विज्ञापन जारी किए जाने की तिथि 17 मई 2020 से नियुक्ति प्रक्रिया को शुरू माना। खंडपीठ का कहना था कि इस हिसाब से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने के समय ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू हो चुका था।

## सौरभ हत्याकांड : 54 दिन में चार्जशीट

# पहले मोहब्बत, बेइंतहा नफरत और फिर कत्ल की 1000 पन्नों में दर्ज हुई कहानी



मेरठ, 13 मई (एजेंसियां)। मेरठ के ब्रह्मपुरी पुलिस ने बहुचर्चित सौरभ हत्याकांड में 54 दिन बाद न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी। करीब 1000 पेज की चार्जशीट में पुलिस ने 34 गवाहों के बयान दर्ज किए। गवाहों ने हत्याकांड में पुलिस को अपने बयान और साक्ष्य दिए हैं। मुस्कान की मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी ने भी अपनी बेटी के खिलाफ बयान दिए और सौरभ की हत्या का दोषी बताया। पुलिस ने 1000 पन्नों में मुस्कान, साहिल और सौरभ के बचपन से लेकर कत्ल होने तक और उसके बाद गवाहों की जुबानी पूरी कहानी लिखी है।

पुलिस ने भी अपनी चार्जशीट में मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को ही सौरभ की हत्या का दोषी माना है। तीसरा इस हत्याकांड में कोई नहीं है। चर्चित हत्याकांड में कोई चश्मदीद गवाह भी नहीं है। ब्रह्मपुरी थाने के प्रभारी निरीक्षक और इस हत्याकांड के विवेचक इंस्पेक्टर रमाकांत पचौरी ने सोमवार को सीजेएम न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। आरोप पत्र में बताया गया कि प्रेम प्रसंग में सौरभ बाधा बन रहा था। इसी कारण मुस्कान और साहिल शुक्ला ने उसकी हत्या कर दी। दोनों ने ही हत्या की साजिश रची थी। तीसरा इसमें कोई नहीं था। सीने में चाकू घोंप कर हत्या करके बाद मुस्कान ने उस्तरे से और साहिल शुक्ला ने छूरी से सौरभ की गर्दन और दोनों हाथ काटे थे। सौरभ को रास्ते से हटाने के बाद दोनों शादी करना चाहते थे। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद दोनों शिमला, मनाली, कसौल घूमने गए, वहां पर दोनों पति-पत्नी के रूप में होटलों में ठहरे थे। पुलिस ने एक हजार पेज के आरोपपत्र में सौरभ के भाई बबलू, मां रेणु, बहन चिंकी, मुस्कान की मां कविता रस्तोगी, पिता प्रमोद रस्तोगी, मुस्कान-साहिल को हिमाचल प्रदेश घुमाने ले गए टैक्सी ड्राइवर अजब सिंह, दवा लिखने वाले डॉक्टर, दवाई देने वाले दुकानदार अमित कौशिक, घंटाघर पर ड्रम विक्रेता सिराजुद्दीन, सौरभ के मकान मालिक ओमपाल, चाकू विक्रेता, ड्रम विक्रेता, शारदा रोड पर सीमेंट व बालू विक्रेता, सौरभ के दोस्त को गवाह बनाया है। इनके अलावा शिमला, मनाली, कसौल में मुस्कान और साहिल जिन होटलों में ठहरे थे वहां के होटल संचालकों को भी गवाह बनाया गया है। पोस्टमार्टम करने वाले दो डॉक्टर, ड्रम तोड़ कर शव के टुकड़ों को बाहर निकालने वाले स्वास्थ्यकर्मी के भी बयान दर्ज किए गए हैं। इन सबके अलावा आरोपपत्र में करीब 10 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

## चार माह के बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप; काटा बवाल**

बेतिया, 13 मई (एजेंसियां)। बिहार के बेतिया जिले में इलाज के दौरान एक चार माह के दुधमुंहे बच्चे की मौत हो गई। यह घटना नरकटियागंज के अस्पताल रोड स्थित एक निजी क्लीनिक की है। मृतक शिकारपुर थाना क्षेत्र के कटघरवा गांव निवासी दीपक कुमार का बेटा प्रिंस कुमार था। परिजनों के मुताबिक, शनिवार सुबह बच्चे की तबीयत बिगड़ गई थी। उसे बुखार था और वह दूध नहीं पी रहा था।

परिजन उसे नरकटियागंज स्थित डॉक्टर खालिद अख्तर के क्लीनिक लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान बच्चे की हालत और बिगड़ने लगी। इसके बाद डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। परिजन बच्चे को अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों ने क्लीनिक परिसर में जमकर हंगामा किया और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# यूपी का 12वीं फेल डॉक्टर! खुलेआम चला रहा क्लीनिक

## बड़ी-बड़ी बीमारियों को ठीक करने का दावा

अमेठी, 13 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जनपद अमेठी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 12वीं फेल बड़ी-बड़ी बीमारियों का इलाज कर रहा है और लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है. सबसे बड़ी बात उसे दवाइयों की स्पेलिंग तक नहीं आती है. पूरा मामला बहोरापुर गांव का बताया जा रहा है.

दरअसल, देवेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 12वीं फेल अभिनय प्रताप सिंह खुद को बड़ा डॉक्टर बताता है और पिछले कई सालों अपनी क्लीनिक संचालित कर रहा है. इस क्लीनिक पर रोजाना जनपद के साथ ही प्रतापगढ़, जौनपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली, बाराबंकी से सैकड़ों मरीज अपना इलाज करवाने आते हैं. 12वीं फेल यह डॉक्टर मरीजों को आयुर्वेद और अंग्रेजी दवाएं देकर इलाज करता है लेकिन उसके पास इलाज करने की कोई डिग्री तक नहीं है. शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि डॉक्टर के पास हर दिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं. ऐसे में उसे दिखाने के लिए एक महीने पहले से ही नंबर लेना पड़ता है. वहीं इलाज कराने आए लोगों में सुहैल अहमद और अमीना बानो ने बताया कि वे पिछले कई महीनों से डॉक्टर के पास आ रहे हैं, लेकिन नंबर नहीं मिल पा रहा है. एक महीने पहले नंबर भी लगा तो इलाज नहीं हो पाया.

**12वीं पास डॉक्टर दवाओं का नाम भी नहीं पढ़ पाता है**

क्लीनिक पर इलाज करने वाले डॉक्टर का एक वीडियो भी सामने आया है. जिसमें वो मरीजों को दी जाने वाली दवा का नाम हिंदी में बता रहा है.

वहीं, जब उससे दवा की स्पेलिंग पूछी गई तो वह स्पेलिंग भी नहीं पढ़ पाया. इस मामले पर डीओ डॉक्टर अनीता गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ये क्लीनिक विभाग में रजिस्टर्ड है या नहीं, वहां पर किस तरह का इलाज होता है ये जांच का विषय है. अगर ऐसी शिकायत है तो हम जांच करेंगे. जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

## 10वीं में जब दूसरी बार हुआ फेल तो बड़े भाई ने लगाई डांट,तीसरी मंजिल से कूद गया छात्र

रतलाम, 13 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) की ओर से 6 मई को एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया था। 10वीं में 76।22 प्रतिशत और 12वीं में 74।48 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। 6 मई को एमपी बोर्ड का रिजल्ट आया 7 मई को एक छात्र ने अपने घर की छत से कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। क्योंकि वह 10वीं कक्षा में दो बार फेल हो गया था। ये मामला रतलाम के मोमिनपुरा इलाके से सामने आया है, जहां 7 मई की रात को ये घटना घटी। जहां दसवीं क्लास में लगातार दूसरी बार फेल होने से परेशान होकर एक 17 साल के स्टूडेंट ने जान देने की कोशिश की। यह छात्र अपने घर की तीसरी मंजिल से कूद गया। बच्चे के छत से कूदने का वीडियो भी सामने आया है। सुसाइड की कोशिश के दौरान का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वीडियो में छात्र तीसरी मंजिल से सीधा नीचे कूद जाता है। बताया जा रहा है कि छात्र ने बड़े भाई की डांट से नाराज होकर यह कदम उठाया। बड़े भाई ने उसे लगातार दूसरी बार फेल होने पर डांट लगाई थी और कहा था कि अगर पढ़ाई में मन नहीं लगता है तो काम पर लग जा। ये बात छोटे भाई को इतनी नागवार गुजरी कि वह 7 मई की देर रात तीसरी मंजिल की छत पर गया और सीधे नीचे सड़क पर कूद गया। आत्महत्या कि कोशिश की यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद आसपास के लोगों की मदद से तुरंत गंभीर रूप से घायल स्टूडेंट को रतलाम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। अब इंदौर में छात्र का इलाज चल रहा है।

## सीजफायर के लेकर आप ने पूछे पीएम मोदी से कई सवाल

## मनीष सिसोदिया बोले- 'जब पाक हाथ जोड़कर गिड़गिड़ा रहा था तो पीएम मोदी क्यों मान गए'



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों के कुछ महत्वपूर्ण सवालों का मोदी सरकार जवाब दे। उन्होंने पूछा कि पाकिस्तान आतंकवादी देश है, जिसके खिलाफ इस लड़ाई में पूरा भारत एक साथ खड़ा था तो अचानक से सीजफायर क्यों किया गया? इसके बाद मनीष सिसोदिया ने पूछा, पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जब पहलगाम में हमला किया और हमारी बहनें हाथ जोड़कर उनका सिंदूर न उजाड़ने की गुहार लगाती रहीं, लेकिन वो आतंकवादी नहीं माने, तो जब ऑपरेशन सिंदूर के एक्शन के बाद पाकिस्तान गिड़गिड़ाने लगा तो पीएम मोदी क्यों मान गए? सिसोदिया ने आगे पूछा, अगर पाकिस्तान हाथ जोड़कर गिड़गिड़ा रहा था तो उनके प्रधानमंत्री को बुलाकर 1971 जैसा लिखित समझौता क्यों नहीं कराया गया? इसके अलावा उन्होंने पूछा कि इस सीजफायर के बाद पहलगाम के पीड़ितों और देशवासियों को न्याय कैसे मिलेगा?

**भारतीय सेनाओं ने आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाया- मनीष सिसोदिया**

इस दौरान मनीष सिसोदिया ने भारतीय सेनाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाया। पहलगाम हमले का भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उनके ठिकाने और हथियार तबाह कर दिए। पूरा देश सेना और सरकार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा था, लेकिन सरकार ने अचानक से सीजफायर कर दिया। इससे पहले भी आम आदमी पार्टी की नेता प्रियंका कक्कड़ ने कहा था, मानवता और आतंकवाद के बीच की इस जंग में 140 करोड़ भारतीय पीएम के साथ थे, पर अब हम सब ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं कि एक विदेशी ताकत ने हमारे आंतरिक मामले पर पूर्ण विराम कैसे लगा दिया। अगर सीजफायर का ऐलान पीएम ने किया होता, तो भी समझ आता। पीएम को देश को संबोधित करके बताना चाहिए कि एक विदेशी ताकत ने किस वजह से, भारत सरकार को पीछे करते हुए ऐसा किया और क्या इस तरह के सीजफायर के बाद हम पाकिस्तान पर भरोसा कर सकते हैं?

## इंदिरा गांधी की याद पर मंत्री विजयवर्गीय का कांग्रेस पर तंज

### कहा-इतिहास के फैसले भी याद करे कांग्रेस

भोपाल, 13 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच सीजफायर होने पर कांग्रेस द्वारा एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद किए जाने पर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति दुनिया में नहीं होता, तब उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा जरूर करनी चाहिए। लेकिन, उससे जुड़े विवादित फैसलों को भी भुलाया नहीं जा सकता। विजयवर्गीय ने कहा कि व्यक्ति जब नहीं रहता तो उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करनी चाहिए, पर उसके द्वारा लिए गए कई फैसले भी हमें याद आते हैं। धारा 370 क्यों और किसने लगाई थी, ये भी याद रखना चाहिए। मंत्री विजयवर्गीय ने इमरजेंसी, पीओके और कश्मीर के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि अगर, उस समय युद्धविराम नहीं होता और पंडित जवाहरलाल नेहरू संयुक्त राष्ट्र में नहीं जाते तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) कभी नहीं बनता। इमरजेंसी क्यों लगी, ये भी देश को याद है। कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि अगर, हम इतिहास की चर्चा करने बैठे तो बातें बहुत दूर तक जाएंगी। कांग्रेस को बड़ी समझदारी से काम करना चाहिए।

बता दें पाकिस्तान के साथ सीज फायर को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी याद आने की बात की है।

## मुंबई की 'लोकल' का हाल डरावना! स्पीड में चलती ट्रेन से लटकीं लड़कियां



मुंबई, 13 मई (एजेंसियां)। लोकल ट्रेन की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ऐसा इसलिए कि मुंबई की लाइफ लाइन यानी 'लोकल ट्रेन' को लेकर सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, वो एक गंभीर मसला है। वीडियो में कुछ लडकियां खुद की जान को खतरे में डालकर चलती ट्रेन के गेट पर लटकी हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, कल्याण से चलने वाली लेडीज स्पेशल ट्रेन 40 मिनट लेट से चल रही थी। जिससे ट्रेन में भारी भीड़ उमड़ पड़ी और महिलाओं को जान जोखिम में डाल सफर करनी पड़ी। वीडियो में कई महिलाएं चीखती चिल्लाती भी नजर आ रही हैं। कुछ कह रही है मेरा हाथ छूट रहा है अंदर चलो। वायरल वीडियो ने सोशल मीडिया के जरिए मुंबई लोकल ट्रेन की लचर स्थिति को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं। आखिर स्मार्ट सिटी मुंबई में बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट लोगों को कब तक मिल पाएगी? रेलवे ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन लोगों का गुस्सा अभी भी शांत नहीं हुआ है।

**'मेरा हाथ छूट रहा है, अंदर चलो'**

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिलाएं कल्याण और मुंबई सीएसटी के बीच चल रही लोकल ट्रेन के फुटबोर्ड से लटकी हुई हैं। एक महिला चीखती हुई सुनाई देती है। वह कह रही है, मेरा हाथ छूटने वाला है, अंदर चलो। जबकि दूसरी लड़की कैमरे से बचने की कोशिश कर रही है। ट्रेन में इतनी भीड़ थी कि अंदर घुसने की जगह नहीं थी और प्लेटफॉर्म पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। सोशल मीडिया पर साझा कर लोग रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से लगातार सवाल पूछ रहे हैं। आपको बता दें कि मुंबई की लोकल ट्रेन में भीड़ के चलते गिरकर मरने के मौत का आंकड़ा 2024 में 2468 था। इसके बावजूद सुरक्षा को लेकर अभी तक कोई कदम नहीं उठाए गए।

## अब नहीं बच पाएंगे चेहरे पर नकाब ओढ़े गुनहगार दिल्ली पुलिस ला रही है 'जादुई स्केच सॉफ्टवेयर'

नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। अब अगर किसी गवाह ने किसी अपराधी का चेहरा बस कुछ सेकंड के लिए भी देखा हो, तो उसका बचना मुश्किल होगा। दिल्ली पुलिस ला रही है एक ऐसा हाईटेक हथियार, जो महज़ एक स्केच के दम पर गुनहगार का पूरा चेहरा पहचान लेगा और वो भी चंद सेकंडों में। दिल्ली पुलिस जल्द ही एक 'रिवर्स इमेज सर्च सॉफ्टवेयर' शुरू करने जा रही है, जो गवाहों के बयान पर तैयार किए गए स्केच को डिजिटल फोटो डेटाबेस से मिलाकर संदिग्धों की पहचान करेगा। इसे इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने तैयार किया है। अब तक पुलिस को स्केच से अपराधी तक पहुंचने में घंटों, कभी-कभी तो हफ्तों लग जाते थे। मैन्युअल तरीके से हजारों तस्वीरों से मिलान करना न केवल थकाने वाला था बल्कि गलतियों की गुंजाइश भी रहती थी। लेकिन अब तकनीक करेगी कमाल ,सूत्रों के मुताबिक इस सॉफ्टवेयर के जरिए अगर किसी ने अपराधी की झलक भी देखी है और उसका स्केच तैयार हो गया, तो वह हमारी पकड़ से नहीं बच पाएगा। पुलिस सूत्रों का मानना है कि यह सॉफ्टवेयर उन मामलों में बेहद मददगार साबित होगा, जहां कोई तस्वीर या वीडियो फुटेज मौजूद नहीं होता, और गवाह की याददाश्त ही एकमात्र सहारा होती है। यह उन केसों के लिए वरदान साबित होगा जहां कोई चश्मदीद है, लेकिन तकनीकी सुराग नहीं मिल सका। दिल्ली पुलिस पहले से ही डेटा रिकवरी, डिवाइस फॉरेंसिक और डिजिटल ट्रैकिंग जैसे कई हाईटेक साधनों का उपयोग कर रही है। अब यह नया सॉफ्टवेयर अपराधियों के खिलाफ उसकी तकनीकी ताकत को और मजबूत करेगा।

## पाकिस्तानी पत्नी ने इंदौर में समाज की पंचायत से की शिकायत, दूसरी शादी रुकवाने की लगाई गुहार



इंदौर, 13 मई (एजेंसियां)। इंदौर में लांग टर्म वीजा पर रह रहे एक युवक की शिकायत उसकी पत्नी ने की है, जो पाकिस्तान में है। उन पर आरोप लगाया है कि उसका पति दूसरी शादी करना चाहता है। उन्होंने दिल्ली की एक लड़की से सगाई भी कर ली है। पाकिस्तानी महिला की गुहार के बाद इंदौर की समाज की पंचायत ने कलेक्टर को पत्र लिखकर युवक को वापस पाकिस्तान भेजने का आग्रह किया है। इसके अलावा देश में युवक द्वारा संपत्ति खरीदने की जांच करने की भी मांग की है। इंदौर में रह रहे पाकिस्तानी युवक विक्रम कुमार नागदेव का पारिवारिक विवाद समाज की पंचायत तक पहुंचा है। वह 12 साल से इंदौर में रह रहा है, लेकिन उसने वर्ष 2020 में पाकिस्तान में रहने वाली निकिता से शादी की है। शादी के एक माह बाद वह निकिता को भारत लाया, लेकिन चार माह बाद वर्ष 2020 को वीजा संबंधी अड़चनों का हवाला देते हुए उसने निकिता को अटारी बार्डर के रास्ते से फिर पाकिस्तान भेज दिया। निकिता बार-बार उस पर भारत लाने का दबाव बना रही है। इस बीच निकिता को पता चला कि विक्रम ने दिल्ली की एक लड़की से सगाई कर ली है। इसके बाद निकिता ने समाज की पंचायत से शादी रुकवाने की गुहार लगाई और वाट्सअप पर शिकायत भेजी है। पंच किशोर कोडवानी ने बताया कि हमने प्रशासन से विक्रम को फिर पाकिस्तान भेजने की मांग की है। उसने भारत सरकार की अनुमति के बगैर इंदौर में संपत्ति भी खरीदी है। निकिता ने पंचायत को विवाह के प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ भी भेजे है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में फायरिंग: एक युवक को लगी गोली, पुलिस ने गार्ड को पकड़ा

पानीपत, 13 मई (एजेंसियां)। पानीपत में जीटी रोड स्थित बैंक में अचानक गोली चल गई। जिससे एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जीटी रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा में संदिग्ध हालत में अचानक गार्ड की रायफल से गोली चल गई। गोली बैंक में आरटीजीएस कराने के लिए पहुंचे युवक 36 वर्षीय अंकुश निवासी असंल को पैर में गोली लग गई। घायल को आनन-फानन में मॉडल टाउन स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां वह उपचाराधीन है। फायरिंग की आवाज आते ही बैंक में अफरातफरी मच गई। जिसके बाद तुरंत पुलिस को बुलाया गया। थाना सिटी पानीपत प्रभारी कुलदीप ने बताया कि घायल में को अस्पताल भर्ती कराया गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीएम मोदी के खिलाफ बनाया भड़काऊ वीडियो, बेंगलुरू पुलिस ने किया गिरफ्तार



बेंगलुरू, 13 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर नाम से भारतीय सेना द्वारा एक ऑपरेशन चलाया गया। इस ऑपरेशन को लॉन्च करने का मकसद था पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान ने 9 आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया। इसके बाद जब पाकिस्तान ने भारत पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया तो उसे हमारे डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। इसके बाद भारत ने फिर कार्रवाई शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तान घुटनों के बल आ गया और उसने सीजफायर का प्रस्ताव दिया, जिसे भारत सरकार और सेना ने अपनी शर्तों पर मंजूरी दी है। इस बीच ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अब तक कई ऐसे लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर विवादित टिप्पणी की थी। ऐसा ही एक मामला कर्नाटक के बेंगलुरू से सामने आया है। यहां पीएम मोदी के खिलाफ भड़काऊ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में बेंगलुरू पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। दरअशल शहर के मंगअम्मन पाल्या के रहने वाले नवाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि उसे बंदेपाल्या पुलिस ने जेल भेज दिया है।

दरअसल जो वीडियो नवाज ने बनाया है, उसमें वह कह रहा है, 'भारत और पाकिस्तान के सैनिकों के बीच संघर्ष के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी घर पर बम क्यों नहीं गिर रहे हैं। सारे फसाद की जड़ वही हैं। पाकिस्तान को मोदी के घर पर बम फेंकना चाहिए।'

**मुंबई में भी पुलिस ने की कार्रवाई**

ऑपरेशन सिंदूर के तहत इसी तरह महाराष्ट्र के कुर्ला क्षेत्र के निवासी 20 वर्षीय छात्र को सैन्य हमलों के संबंध में कथित रूप से भारत विरोधी टिप्पणी पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं मुंबई के ही एक अन्य मामले में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। बता दें कि महिला ने ऑपरेशन सिंदूर को खारिज करने के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते हुए महिला ने व्हाट्सऐप पर स्टेटस लगाया और कहा, ''जब सरकारें लापरवाही से फैसले लेती हैं, तो इसकी कीमत सत्ता में बैठे लोगों को नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के निर्दोष लोगों को चुकानी पड़ती है।''

## भोपाल के परिवहन अधिकारी सस्पेंड ब्रेक फेल बस की टक्कर से लेडी डॉक्टर की हुई थी मौत

भोपाल, 13 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भोपाल में एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) जितेंद्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बता दें, यह हादसा रोशनपुरा बाणगंगा इलाके के लाल बत्ती चौराहे पर उस वक्त हुआ जब एक स्कूल बस ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर रेड लाइट पर खड़े वाहनों को रौंदते हुए निकल गई।

इस घटना में 22 वर्षीय स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज जयप्रकाश अस्पताल में जारी है।

## बीजेपी नेता ने सरेआम उतार दिए अपने कपड़े

### शिकायत पर पार्टी ने लिया ये एक्शन



कन्नड़, 13 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले से शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां के बंटवाल तालुक के इडकिडु गांव में एक ग्राम पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा एक महिला के सामने सार्वजनिक रूप से अपने प्राइवेट पार्ट दिखाया गया। आरोपी ने महिला को अश्लील इशारे भी किए। महिला ने विट्टला पुलिस स्टेशन में आरोपी पद्मनाभ सापल्या के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है। घटना के बाद उसे पार्टी से निष्कासित किया गया है। महिला ने आरोपी की शिकायत विट्टल पुलिस से की। शिकायत दर्ज होते ही पुत्तूर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष दयानंद शेट्टी उजारेमरू ने पद्मनाभ सापल्या की भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता रद्द करने और उन्हें पार्टी से निष्कासित करने का आदेश दिया। आदेश में उसे पंचायत उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का भी निर्देश दिया गया है। घटना से इलाके के लोगों में गुस्सा है।

**पुलिस ने आरोपी पर किया केस दर्ज**

महिला के साथ सार्वजनिक रूप से अश्लील हरकत करने पर पुलिस ने पंचायत उपाध्यक्ष पर केस दर्ज किया है। आरोपी ने महिला को अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील इशारे किए। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी पद्मनाभ सफल्या ग्राम पंचायत उपाध्यक्ष है। उसने एक महिला को सड़क विवाद के सिलसिले में घर जाते समय अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया।

**महिला ने रिकॉर्ड किया वीडियो**

बताया जा रहा है कि जब उसने महिला ने घर पर गेट लगाने को लेकर सवाल उठाया तो आरोपी सापल्या ने उसे अपने निजी अंग दिखा दिए। शिकायत दर्ज होते ही पद्मनाभ सापल्या को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया है।महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने आरोपी का वीडियो रिकार्ड किया। जब वह वीडियो बना रही थी, तब आरोपी ने यह देखकर अभद्र व्यवहार किया और अपनी शॉट्र्स नीचे कर दी। फिर वह अपना प्राइवेट पार्ट दिखाने लगा। इस संबंध में विट्टल पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एमपी में 'लाल परी' की तस्करी, दो मामले एक जैसे, हाई कोर्ट ने उठाए गंभीर सवाल

भोपाल, 13 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में शराब तस्करी का एक अजीब मामला सामने आया है। हाई कोर्ट भी इस मामले को देखकर हैरान है। एक ही दिन, एक ही पुलिस स्टेशन में, लगभग एक ही समय पर दो अलग-अलग गाड़ियों से 14760 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई। आबकारी विभाग ने कहा कि एक गाड़ी खराब हो गई थी, इसलिए शराब को दूसरी गाड़ी में डाला गया। इसलिए पकड़ी गई शराब और गाड़ी को छोड़ दिया गया। दोनों मामले हाई कोर्ट पहुंचे। हाई कोर्ट को इस बात पर हैरानी हुई कि डेढ़ घंटे में ट्रक कैसे खराब हुआ, अफसरों को कैसे खबर मिली, परमिट कैसे बना, दूसरा ट्रक कैसे आया और शराब कैसे लोड हो गई। कोर्ट को मामला संदिग्ध लगा, इसलिए दोनों ड्राइवरों की जमानत याचिका खारिज कर दी। यही नहीं कोर्ट ने आबकारी विभाग के कामकाज और तस्करों से मिलीभगत पर सवाल उठाते हुए डीजीपी को एसआईटी जांच के आदेश दिए। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ जमानत का मामला नहीं है, बल्कि सिस्टम की साख का मामला है। डीजीपी ऑफिस के एआईजी सीआईडी विक्रांत मुराब ने बताया कि उन्हें अभी तक आदेश की कॉपी नहीं मिली है। आदेश मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के हिसाब से यह मामला आलीराजपुर जिले के जोबट थाना क्षेत्र का है। 24 अक्टूबर 2024 को पुलिस को खबर मिली कि दो गाड़ियों से अवैध शराब की तस्करी हो रही है। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को पकड़ा। एक कंटेनर (एमपी-09 जीएच 7550) था और दूसरा ट्रक (एमपी-15 एचए 3365) था। दोनों गाड़ियों से 14760 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। शराब अलग-अलग बैच नंबर और तारीख की थी। कंटेनर के ड्राइवर शांतिलाल उर्फ सुनील और ट्रक ड्राइवर गजेंद्र को गिरफ्तार किया गया।

## कश्मीर को लेकर उमर अब्दुल्ला को जिस बात की सता रही थी चिंता

### पीएम मोदी ने 24 घंटे के अंदर किया उसका समाधान



जम्मू कश्मीर, 13 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया। ट्रंप की मध्यस्थता और कश्मीर पर दिए उनके बयान से देश की सियासत गरमा गई है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीर का अंतरराष्ट्रीयकरण कराने में सफल रहा। हालांकि उमर अब्दुल्ला की इस चिंता का समाधान पीएम मोदी ने 24 घंटे के अंदर कर दिया।

**क्या कहा था ट्रंप ने?**

डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर का ऐलान करते हुए कहा था कि मैं आप दोनों (भारत-पाक) के साथ मिलकर यह देखने का प्रयास करूंगा कि क्या एक हजार साल बाद कश्मीर समस्या का कोई समाधान निकाला जा सकता है। ट्रंप के हाथों सीजफायर और कश्मीर पर बयान ने विपक्षी पार्टियों को मोदी सरकार को घेरने का मौका दे दिया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हम ऐसी जगह पर हैं जहां हमें होने की उम्मीद नहीं थी। हम ऐसी जगह पर हैं जहां खून-खराबा और दुख-दर्द है। उथल-पुथल है। सब कुछ बदल गया है और फिर भी कुछ मायनों में, कुछ भी नहीं बदला है। उमर ने इसके बाद कहा कि फिर भी जब मैं कहता हूं कि कुछ भी नहीं बदला है तो इसका मतलब है कि पाकिस्तान ने दुर्भाग्य से एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय बनाने में कामयाबी हासिल कर ली है।

**पीएम मोदी ने किया समाधान**

उमर अब्दुल्ला की इस चिंता का समाधान पीएम मोदी ने 24 घंटे के अंदर किया। पीएम मोदी ने सोमवार को रात 8 बजे राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान को चेतावनी दी। प्रधानमंत्री ने ये भी बता दिया कि कश्मीर अब पाकिस्तान की सिलेबस से बाहर निकल चुका है। पीएम मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान से अब बात होगी आतंकवाद और पीओके पर। यानी भारत अब पाकिस्तान से कश्मीर मुद्दे पर बात नहीं करेगा। पाकिस्तान कश्मीर का रोना पूरी दुनिया में रोता रहा। भारत उसका जवाब अपनी तरीके से देगा। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का मुद्दा उठाते आया, लेकिन इसका फायदा उसको नहीं मिला। भारत हर बार उसको कड़ा जवाब दिया। कश्मीर पर बात करने वाले पाकिस्तान को हिंदुस्तान ने आतंकवाद पर घेरा। उसके करतूत सामने लाए गए। पाकिस्तान के पास इसका जवाब नहीं होता है।

## मस्जिद से चुराई धार्मिक किताब और बाहर ले जाकर जलाई

### आग बबूला हुए लोग; विरोध में सड़क पर उतरे

बेलगाम, 13 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेलगाम से धार्मिक किताब जलाने का मामले सामाने आया है। यहां एक मस्जिद से पहले मुस्लिम धार्मिक किताब चुराई गई और फिर उसे जला दिया गया। इस घटना के बाद से मुस्लिम समुदाय के लोगों में गुस्सा है। संतीबस्तवाड़ा गांव में निर्माणाधीन मस्जिद के ग्राउंड फ्लोर से मुस्लिम धार्मिक किताब चोरी की गई और फिर उसे जला दिया गया। जब मस्जिद में लोग नमाज पढ़ने के लिए आए तो पता चला कि धार्मिक किताबें मस्जिद में मौजूद नहीं हैं। नमाज के बाद आस-पास छानबीन की गई। तलाशी लेने पर पता चला कि मुस्लिम धार्मिक किताब को जला दिया गया है। मामला सामने आते ही पुलिस कमिश्नर यदा मार्टिन घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया है। पुलिस कमिश्नर यदा मार्टिन ने मामले को लेकर कहा कि देर रात मस्जिद के अंदर से मुस्लिम धार्मिक किताब चोरी हो गई। जानकारी है कि बाद में मुस्लिम धार्मिक किताब को जला दिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम गठित कर दी गई है और हम जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेंगे। इस मामले में मुस्लिम युवाओं ने विरोध प्रदर्शन की इजाजत मांगी है। हमने अनुरोध किया है कि इस समय कोई विरोध प्रदर्शन न हो। हालांकि उन्होंने कहा कि वह वीटीयू के पास विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही पुलिस ने ये भी बताया कि मस्जिद की इमारत में निर्माण कार्य चल रहा है।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 14 मई - 2025

# जवानों के हौसले को सलाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह आदमपुर एयरबेस पहुंच कर सबको चौंका दिया। अचानक उनके आदमपुर पहुंचने पर हर कोई हैरान रह गया। पीएम ने एयरफोर्स के जवानों से मिलकर उनका मनोबल बढ़ाया। ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत से ही पीएम सेना के हर एक्शन को खुद मॉनिटर कर रहे थे। ऐसे में सवाल यह है पीएम ने दौरे के लिए आदमपुर को ही क्यों चुना? पीएम के दौरे ने न सिर्फ जवानों का मनोबल बढ़ाया बल्कि पाकिस्तान को सख्त संदेश भी दे दिया। बता दें कि पाकिस्तान ने हाल ही में दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस को अपने ड्रोन और मिसाइल हमलों से तबाह कर दिया है। लेकिन सच्चाई यह है कि भारत के एस-400 डिफेंस हर साजिश को नाकाम कर दिया। पीएम मोदी ने आदमपुर पहुंच कर पाकिस्तान के इस झूठे प्रचार को दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया है। पाक सीमा नजदीक होने की वजह से यह एयरबेस वायुसेना की ताकत का प्रतीक है। मोदी ने दौरे से साफ कर दिया कि भारत न केवल सुरक्षित है, बल्कि हर हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। मोदी की जवानों से मुलाकात यह दर्शाती है कि भारत का नेतृत्व हर पल अपने सैनिकों के साथ खड़ा है। मोदी का आदमपुर एयरबेस चुनने का पहला कारण यह है पाकिस्तान के झूठे दावों को खारिज किया जाए। दूसरे इस महत्वपूर्ण एयरबेस पर ही राफेल, सुखोई-30 और मिराज जैसे फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स तैनात हैं। सीमा से निकटता इसे पाकिस्तान के लिए एक सीधा चुनौती बनाती है। पीएम मोदी ने इस दौरे के जरिए न केवल अपनी सेना को मजबूत समर्थन दिया, बल्कि दुनिया को दिखाया भी कि भारत अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। आदमपुर एयरबेस भौगोलिक एवं रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। यह पाकिस्तानी सीमा के इतने करीब है कि यहां से भारत की हर गतिविधि दुश्मन के लिए एक चेतावनी है। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद से लगातार सीजफायर का उल्लंघन किया और ड्रोन हमलों की नाकाम कोशिश की। लेकिन भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को तबाह कर पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी। पीएम मोदी ने इस दौरे के जरिए दुश्मन देश को यह साफ संदेश दे दिया कि भारत न केवल जवाब देगा, बल्कि उसे नेस्तनाबूत भी कर देगा। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकी ढेर हुए और पाकिस्तान के कई सैन्य ढांचे तबाह हो गए। पीएम मोदी का यह दौरा बताता है कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और हर हमले का जवाब दस गुना ताकत के साथ देगा। यह दौरा न केवल एक रणनीतिक कदम है, बल्कि यह भारत की अटल नीति का प्रतीक है। पाकिस्तान की कायराना हरकतों और झूठे प्रचार का जवाब भारत अपनी ताकत और एकजुटता से दे रहा है। आदमपुर से उठी यह गूंज न केवल सीमा पार तक पहुंची है, बल्कि यह पूरे विश्व को भारत की शक्ति और संकल्प का अहसास करा रही है। पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि भारत अब चुप नहीं रहेगा, बल्कि हर नापाक इरादे को कुचलने में तनिक भी संकोच नहीं करेगा।

# अब ब्रिटेन के साथ भारत की 'महाडील' की बारी ?



**अशोक भाटिया**

हाल ही में भारत और ब्रिटेन ने एक बड़ा व्यापार समझौता किया है। यह समझौता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके साथ ही एक और समझौता हुआ है, जिसका नाम है डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन में उनके समकक्ष कीर स्टारमर ने इस बारे में बात की। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए यह समझौता बहुत महत्वपूर्ण है। इससे भारत और ब्रिटेन दोनों को फायदा होगा। व्यापार में आसानी होगी, निवेश बढ़ेगा, नौकरियां मिलेंगी और नए विचारों को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता तीन साल से चल रही बातचीत के बाद हुआ है। इसका लक्ष्य है कि 2040 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 25.5 अरब पाउंड बढ़ जाए। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन बढ़ी है। भारत और ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत होने के ठीक बाद भारत ने आधी रात के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, और व्यापार के विकास को स्वाभाविक रूप से नजरअंदाज कर दिया गया। आज, लगभग एक हफ्ते बाद, भारत और पाकिस्तान एक हथियार समझौते पर पहुंच गए हैं, इसलिए मुक्त व्यापार समझौते के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देना समय होगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आने के बाद अलग-अलग तीव्रता के साथ दुनिया के सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने की नीति की घोषणा की। अन्य देशों ने अपने माल को अत्यधिक शुल्क के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को बेच दिया। बदले में, उन्होंने अपने बाजारों में अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया। ट्रम्प ने वास्तव में सहयोगियों पर उतना ही आयात शुल्क लगाया जितना दुश्मनों पर। इस नीति में आर्थिक ज्ञान कम और खोखला राष्ट्रवाद अधिक था। बुद्धिमत्ता को महसूस करने के बाद, कई टैरिफ काट दिए गए या लागू किए गए। जो भी हो, संयुक्त राज्य अमेरिका के इस रुख ने दुनिया भर में दो-राष्ट्र व्यापार समझौते की आवश्यकता पैदा की। यह भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने का कारण है, जो कुछ वर्षों से बातचीत में अटका हुआ है। दोनों देश आगे बढ़ने के लिए सहमत हुए। सौदे के कुछ विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं किए गए हैं। भारत के ठीक दो दिन बाद अमेरिका ने भी ब्रिटेन के साथ ट्रेड डील साइन की। उनमें से अधिकांश विवरण अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। ब्रिटेन की पहल के कारण यूरोपीय संघ भी भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए जोर दे रहा है। समूह की संयुक्त आर्थिक ताकत ब्रिटेन की तुलना में बड़ी है। जबकि यह सब चल रहा है, यह अत्यधिक संभावना है कि अमेरिका भी व्यापार सौदे को पूरा करने के लिए भारत के लिए 'प्यार खो देगा'। भारत के लिए, जिसने वर्षों से एक बंद अर्थव्यवस्था और सुरक्षित बाजारों को लागू किया है, इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ मुक्त या अधिकतर मुक्त व्यापार करने में, उसे कुछ प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और कुछ व्यापार बाधाओं को छोड़ना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इससे आर्थिक लाभ क्या होंगे। फिर भी कुछ विदेशी वस्तुओं से निपटने के लिए कृषि और लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों की आर्थिक और मानसिक तैयारी भारतीय बाजारों में सस्ती होगी। इस बारे में कुछ धारणाएं होनी चाहिए। जब दुनिया के किसी भी देश में व्यापार समझौता और टैरिफ कटौती होती है, तो संबंधित देशों में सभी प्रकार की प्रतिक्रियाएं होती हैं, हल्की, मध्यम और गंभीर। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहा है, इसलिए सरकार को आर्थिक और राजनीतिक लाभों को संतुलित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पहला, भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बारे में। दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है। यह पहली बार है जब भारत ने एक प्रमुख देश के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और यह ब्रेक्सिट के बाद से UK द्वारा सबसे बड़ा व्यापार सौदा था। यह अगले कुछ वर्षों में ब्रिटेन से भारत में आयात किए जाने वाले 90 प्रतिशत माल पर टैरिफ में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन में भारत के निर्यात का 99 प्रतिशत विभिन्न दरों पर कटौती की जाएगी। समझौते के तहत दोनों देशों के 34 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) बढ़ने की उम्मीद है। भारत में कपड़ा, फल और सब्जियां, मांस, मछली, चमड़ा, वाहनों के स्पेयर पार्ट्स और आभूषणों के निर्यातकों को इससे लाभ होने की उम्मीद है, जबकि ब्रिटेन में शराब और ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए भारतीय बाजार टैरिफ कटौती के लागू होने के बाद उपलब्ध होगा। प्रसारित किए गए छोटे आंकड़ों के आधार पर, व्हिस्की और जिन पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसे एक वर्ष के भीतर घटाकर 40 प्रतिशत तक लाने का प्रस्ताव है। ब्रिटेन निर्मित कुछ कारों पर आयात शुल्क चरणबद्ध तरीके से 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। लेकिन इस फैसले में कई कमियां हैं। इंजन क्षमता और कोर कीमतों पर विचार किया जाएगा। कम लागत वाली कारों को बाहर रखा गया है ताकि भारत में बड़े पैमाने पर कार निर्माण कंपनियों को ज्यादा नुकसान न हो। इसके अलावा, UK में कंपनी के भीतर स्थानांतरित किए गए कर्मचारियों को तीन साल के लिए सामाजिक सुरक्षा योगदान से छूट दी गई है। यह योगदान दोहरे वेतन कटौती से राहत प्रदान करने के लिए किया गया है। इस प्रावधान ने ब्रिटेन से विरोध शुरू कर दिया है क्योंकि ब्रिटिश कंपनियां भारतीय कर्मचारियों पर खर्च करती हैं (लागत) स्थानीय लोगों की शिकायत है कि भविष्य में, अधिक से अधिक कंपनियां स्थानीय, यानी ब्रिटिश कर्मचारियों के बजाय स्थानान्तरण पर ब्रिटेन में भारतीय कर्मचारियों को समायोजित करना पसंद करेंगी। विवाद के बिंदु यहीं समाप्त नहीं होते हैं। सेवा क्षेत्र में भारत में ब्रिटिश कंपनियों के प्रवेश पर कोई सहमति नहीं है। कानून और लेखा के क्षेत्र में काम करने वाली ब्रिटिश कंपनियों को अभी भी भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। इन क्षेत्रों में पाठ्यक्रमों की स्थापना में ब्रिटिश योगदान और इन क्षेत्रों में दोनों देशों द्वारा अंग्रेजी का उपयोग करने की सुविधा और इन क्षेत्रों में ब्रिटेन द्वारा की गई प्रगति को देखते हुए ब्रिटेन वर्षों से इस तरह की पहुंच की मांग कर रहा है। कंपनियों को छूट देते समय, इन सेवा क्षेत्रों में भारतीय नीति तंग बनी हुई है। इसका एक कारण ब्रिटेन द्वारा भारतीय कुशल श्रमिकों के लिए विशेष रूप से IT क्षेत्र में अधिक वीजा जारी करने से इनकार करना हो सकता है। वास्तव में, यदि ट्रम्प के टैरिफ राज को लागू नहीं किया गया होता, तो वीजा पर भारत-ब्रिटेन वार्ता में और भी देरी होती।

व्यापार सौदे के लिए सबसे बड़ा खतरा कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म है, जो 2027 से लागू होगा। प्रावधानों से एल्यूमीनियम, सीमेंट, उर्वरक और इस्पात जैसे सामानों पर सीबीएएम के माध्यम से अतिरिक्त कर लगाए जाएंगे, क्योंकि इन वस्तुओं के निर्माण के दौरान बड़ी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करने वाला कानून यूरोपीय संघ द्वारा लागू किया जाने वाला पहला कानून है। अगर नया टैक्स लागू होता है तो फीस कटौती का कोई फायदा नहीं मिलेगा। भारत ने इस तरह के कर लगाने के लिए ₹प्रतिक्रिया₹ की घोषणा की है, और यह स्पष्ट नहीं है कि उसे कोई छूट मिलेगी या नहीं। अंग्रेजों ने ईस्ट इंडिया कंपनी के माध्यम से भारत में प्रवेश किया और अंततः इस देश पर सत्ता स्थापित की। ऐसा नहीं है कि वे व्यापार में आगे थे, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि यह देश नियमों और अनुशासन के कार्यान्वयन में आगे कई योजनाएं थीं, और अभी भी हैं। पिछले कुछ महीनों में, हमने अपने बाजार के बल पर उसी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ दिया है और कुशल श्रमिकों को प्रशिक्षित किया है। यदि विस्तार वांछित होना है, तो भविष्य के व्यापार सौदों के लिए आवश्यक मानसिकता, साहस और दृढ़ संकल्प को इस भूमि में 'बोना' होगा, और यूके के साथ एक सौदा उस संबंध में एक महत्वपूर्ण परीक्षण है।

# हिंदवी स्वराज्य का ज्वलंत दीप: छत्रपति संभाजी भोसले



**प्रो. आरके जैन**

छत्रपति संभाजी भोसले, मराठा साम्राज्य के तेजस्वी सूर्य, जिनका जन्म 14 मई 1657 को पुरंदर किले में हुआ, एक ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने स्वराज्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनकी जयंती न केवल एक ऐतिहासिक अवसर है, बल्कि वह प्रेरणा है जो हर भारतीय के हृदय में शौर्य, धर्म और स्वतंत्रता की ज्वाला प्रज्वलित करती है। संभाजी महाराज का जीवन एक तपस्वी योद्धा, विद्वान शासक और हिंदवी स्वराज्य के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है।

उनके शासनकाल में मराठा साम्राज्य ने मुगल साम्राज्य की विशाल सेना को बार-बार परास्त किया और स्वराज्य की नींव को अडिग रखा।

संभाजी महाराज का जन्म शिवाजी महाराज और उनकी प्रथम पत्नी सईबाई के घर हुआ। मात्र ढाई वर्ष की आयु में माता के देहांत के बाद उनकी दादी, राजमाता जीजाबाई ने उनके लालन-पालन का दायित्व संभाला। जीजाबाई के मार्गदर्शन में संभाजी का व्यक्तित्व एक कुशल योद्धा, चतुर रणनीतिकार और विद्वान के रूप में निखरा। उन्होंने मराठी, संस्कृत और अन्य भाषाओं में प्रवीणता हासिल की, जो उनके साहित्यिक कार्यों में स्पष्ट झलकती है। "बुधभूषण" जैसे उनके ग्रंथ संस्कृत साहित्य में उनकी गहन रुचि और विद्वता को दर्शाते हैं। संभाजी का विवाह जिवुबाई (येसुबाई) के साथ हुआ, जिसने मराठा साम्राज्य को कोंकण क्षेत्र में मजबूती प्रदान की।

यह वैवाहिक गठबंधन सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। बचपन से ही संभाजी को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। नौ वर्ष की आयु में, पुरंदर संधि के तहत उन्हें मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा बंधक बनाकर आगरा ले जाया गया। वहां शिवाजी महाराज के साथ नजरबंदी के दौरान उनकी बुद्धिमत्ता और साहस ने उन्हें एक असाधारण बालक के रूप में स्थापित किया। बाद में, पिता-पुत्र के बीच कुछ मतभेदों के कारण उन्हें पन्हाला किले में नजरबंद किया गया। कुछ इतिहासकार इसे उनके व्यक्तिगत व्यवहार या मुगलों के साथ संक्षिप्त गठजोड़ से जोड़ते हैं, किंतु संभाजी ने अपनी गलतियों से सीखा और पिता की मृत्यु के बाद मराठा साम्राज्य की बागडोर संभाली। 20 जुलाई 1680 को संभाजी का वैदिक रीति से राज्याभिषेक हुआ। उन्होंने "शककर्ता" और "हिंदवी धर्मोधारक" की उपाधियां ग्रहण कीं। उनके शासन की शुरुआत में ही आंतरिक और बाहरी चुनौतियां सामने आईं। शिवाजी की मृत्यु के बाद उनकी सौतेली मां सोयराबाई ने अपने पुत्र राजाराम को सिंहासन पर बिठाने की साजिश रची। संभाजी ने इस साजिश को विफल कर पन्हाला और रायगढ़ किलों पर नियंत्रण स्थापित किया। साजिशकर्ताओं को दंडित कर उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। यह कठोर निर्णय उनके शासन के प्रारंभ में विवादास्पद रहा, किंतु यह मराठा साम्राज्य की एकता के लिए आवश्यक था। संभाजी महाराज का



शासनकाल युद्धों और सैन्य अभियानों का स्वर्णिम अध्याय है। उनके नेतृत्व में मराठाओं ने लगभग 210 युद्ध लड़े, जिनमें से अधिकांश में वे विजयी रहे। बुरहानपुर पर उनका आक्रमण, जिसमें 20,000 मराठा सैनिकों ने मुगल सेना को परास्त कर खानदेश की राजधानी को लूटा, उनकी सैन्य कुशलता का प्रतीक है। उन्होंने मैसूर और गोवा जैसे क्षेत्रों में भी अपने अभियानों को विस्तार दिया। संभाजी ने शिवाजी की छापामार युद्ध शैली को और परिष्कृत किया, जिसमें शत्रु की कमजोरियों का त्वरित और गोपनीय उपयोग उनकी प्रमुख रणनीति थी। उनकी सैन्य रणनीतियों ने औरंगजेब की विशाल सेना को दक्षिण भारत में बार-बार पराजय का सामना करने पर मजबूर किया। प्रशासनिक दृष्टि से, संभाजी ने अपने पिता की नीतियों को और सुदृढ़ किया। धर्म के प्रति उनकी निष्ठा उनके कार्यों में स्पष्ट थी। उन्होंने चिंचवड के देवस्थान को सैनिकों के उपद्रव के लिए कठोर चेतावनी दी और वाई प्रांत के सुबेदार को मठों के लिए नियत अनुदान समय पर पहुंचाने का आदेश दिया। संभाजी ने सक्ती के धर्मांतरण का कड़ा विरोध किया और हिंदुओं के लिए पुनर्जनन विभाग स्थापित किया, जो उनकी धार्मिक सहिष्णुता और समावेशी नीतियों का परिचायक है।

संभाजी का साहित्यिक योगदान भी उल्लेखनीय है। उनके द्वारा रचित "बुधभूषण" और "नायिकाभेद" जैसे ग्रंथ उनकी विद्वता और सांस्कृतिक रुचि को दर्शाते हैं। उन्होंने संस्कृत और मराठी साहित्य को समृद्ध किया और अपने शासनकाल में कवियों और विद्वानों को संरक्षण प्रदान किया। यह उनके व्यक्तित्व का वह पहलू है, जो अक्सर उनके युद्धकौशल के सामने कम चर्चित रहता है। दुर्भाग्यवश, संभाजी का जीवनकाल अल्प रहा।

1689 में, मुगल सेना ने उन्हें धोखे से बंदी बना लिया। औरंगजेब ने उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया, किंतु संभाजी ने अपने धर्म और स्वराज्य के प्रति अटल निष्ठा दिखाई। 11 मार्च 1689 को, तुलापुर में उनकी क्रूर हत्या कर दी गई। उनकी मृत्यु ने मराठा साम्राज्य को झकझोर दिया, किंतु उनके बलिदान ने स्वराज्य की भावना को और प्रज्वलित किया। उनकी पत्नी येसुबाई और पुत्र शाहू ने उनके सपनों को आगे बढ़ाया।

संभाजी महाराज की जयंती हमें उनके बलिदान और स्वराज्य के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को स्मरण करने का अवसर देती है। वे न केवल एक शासक थे, बल्कि एक प्रेरणा थे, जिन्होंने अपने जीवन से हमें सिखाया कि स्वतंत्रता और धर्म के लिए कोई भी बलिदान छोटा नहीं होता। उनका जीवन एक दीपस्तंभ है, जो हमें साहस, बुद्धिमत्ता और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाता है। आज, जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, आइए संकल्प लें कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएंगे और स्वराज्य की भावना को जीवित रखेंगे। संभाजी महाराज का नाम इतिहास के पन्नों में अमर है, और उनकी गाथा हर भारतीय के हृदय में गूंजती रहेगी।

# अमेरिका कभी नहीं चाहेगा कि भारत के हाथों पाकिस्तान का समूल नाश हो

**रामस्वरूप रावतसरे**

भारत और पाकिस्तान के बीच लागू हुआ संघर्षविराम चार घंटे से भी कम समय में टूट गया है। पाकिस्तान ने शनिवार रात को जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए हैं हालांकि, भारत ने इन ड्रोन हमलों को विफल कर दिया है हालांकि, इससे अमेरिका के विश्वास को जरूर धक्का लगा है। अमेरिका ने दावा किया था कि उसकी मध्यस्थता में हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान में संघर्षविराम हुआ है। इसका क्रेडिट खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने लिया है। ऐसे में पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को सीधे अमेरिका के लिए बेइज्जती माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि अमेरिका की मध्यस्थता से हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान ''तत्काल और पूर्ण'' संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने साथ ही दावा किया कि ऐसा अमेरिका की मध्यस्थता वाली वार्ता के कारण संभव हो सका है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में घोषणा की, ''अमेरिका की मध्यस्थता में पूरी रात चली बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान 'तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम' पर सहमत हो गए हैं।'' ट्रंप ने कहा, ''दोनों देशों को समझदारी और विवेक का इस्तेमाल करने के लिए बधाई। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।'' ट्रंप ने यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इस्हाक डार और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बातचीत के बाद की। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने भी 'एक्स' पर ऐसा ही बयान दिया है। रुबियो ने कहा,''यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान की सरकारें तत्काल संघर्ष विराम और तटस्थ स्थल पर व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर सहमत हो गई हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम शांति का मार्ग चुनने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ के विवेक और राजनीतिक सूझबूझ की सराहना करते हैं।'' सरकारी सूत्रों ने हालांकि बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने का मामला सीधे तौर पर दोनों देशों के बीच तय हुआ था। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने भारतीय डीजीएमओ से फोन पर बातचीत की जिसके बाद चर्चा हुई और सहमति बनी। इस्लामाबाद में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इस्हाक डार ने तत्काल प्रभाव से संघर्ष विराम की पुष्टि की। जानकारों की माने तो भारत के हमले से नूर खान एयरबेस के तबाह होने के बाद पाकिस्तान बुरी तरह से डर गया था। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त हो गये थे और वो भारतीय मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने में बुरी तरह से नाकाम साबित हो रहे थे जबकि उस वक्त तक भारत ने अपने काफी कम तबाही मचाने वाले हथियारों का ही इस्तेमाल किया था। ऐसा लग रहा था कि भारत अगले कुछ घंटों में पाकिस्तान के तमाम सैन्य ठिकानों, हथियार भंडार को तबाह करने वाला है। इसी बीच अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करते हैं और उसके बाद सीजफायर का ऐलान हो जाता है। आखिर टेलीफोन पर जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को क्या कहा था, ऐसी क्या ''खतरनाक खुफिया'' जानकारी थी, जिसे जानने के बाद भारत सीजफायर के लिए तैयार होता है? सीएनएन ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले इसका खुलासा किया है कि अमेरिका के पास कुछ ऐसी खुफिया जानकारी थी जो काफी खतरनाक बताई जा रही है। ये जानकारी इतनी संवेदनशील थी डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन, जिसने ठीक एक दिन पहले कह दिया था कि उसे इस युद्ध से कोई मतलब नहीं है, उसे अचानक बीच में आना पड़ा और सीजफायर के लिए भारत से बात करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को आशंका थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति नियंत्रण से बाहर जा सकती है, संभावित तौर पर एक परमाणु युद्ध की आशंका तक पहुंच सकती थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने तत्काल भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टेलीफोन किया और उस खुफिया जानकारी को देने के बाद उनसे पाकिस्तान के साथ सीधी बातचीत के जरिए सीजफायर का समाधान निकालने का प्रस्ताव रखा। उनके टेलीफोन का मकसद भारत को एक सीधे युद्ध से बचने की सलाह दी गई थी। अमेरिकी अधिकारियों से कहा कि ''खुफिया जानकारी मिलने के बाद सबसे पहले जेडी वेंस तत्काल डोनाल्ड ट्रंप के पास पहुंचे थे और उनसे जानकारियां शेयर की और उसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टेलीफोन किया।'' इस दौरान जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि ''अमेरिका का आकलन है कि अगर संघर्ष दो दिनों तक और चलता है तो ये युद्ध नाटकीय अंजाम तक बढ़ सकता है।''

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भरोसे से पहले ज़रूरी है सतर्कता

**राजेश जैन**

आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) न सिर्फ हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बन चुकी है बल्कि अब यह हमारे निर्णयों, कामकाज और सोचने के तरीकों को भी प्रभावित कर रहा है। तकनीक की यह क्रांति अपने साथ अनगिनत संभावनाएं लेकर आई है—चाहे वो कोडिंग हो, रिपोर्ट लेखन, मेडिकल रिसर्च या फिर कानूनी सलाह। लेकिन जितना स्मार्ट यह सिस्टम बनता जा रहा है, उतना ही खतरनाक भी होता जा रहा है। एआई की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह हमेशा सही नहीं होता। तकनीकी शब्दों में कहें तो जब एआई बिना किसी ठोस तथ्य के खुद से जानकारी गढ़ लेता है, तो उसे हैलूसिनेशन कहा जाता है। यह कोई सामान्य तकनीकी खामी नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है—खासतौर पर तब जब इसका उपयोग संवेदनशील क्षेत्रों जैसे मेडिकल रिपोर्ट, कोर्ट केस या बिज़नेस एनालिटिक्स में किया जाए। ऐसे में एक छोटी सी गलती भी किसी की सेहत, न्याय या आर्थिक भविष्य को खतरे में डाल सकती है। हाल ही में ऐसी ही एक घटना कर्सर नामक एक प्रोग्रामिंग टूल कंपनी में सामने आई। उनके एआई सपोर्ट बोट ने ग्राहकों को गलत जानकारी दी कि अब यह टूल केवल एक कंप्यूटर पर ही चलाया जा सकता है जबकि कंपनी की कोई ऐसी पॉलिसी नहीं थी। नतीजतन, कई ग्राहकों ने नाराज़ होकर अपने अकाउंट्स कैंसिल कर दिए। बाद में कंपनी को सफाई देनी पड़ी कि यह एक एआई बोट की हैलूसिनेशन थी। यह मामला दिखाता है कि हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं जहां एआई न केवल सहायता करता है बल्कि गलत दिशा भी दिखा सकता है। गूगल जैमिनी, चैट जीपीटी और बिंग जैसे एआई टूल्स लाखों यूज़र्स की समस्याओं का समाधान करते हैं लेकिन उनमें भी गलतियां आम बात हैं। एक शोध के अनुसार, कुछ एआई मॉडल्स ने 79% मामलों में गलत जानकारी दी। ये आंकड़े सिर्फ तकनीकी चेतावनी नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चिंता का विषय भी हैं। एआई की गलतियों का प्रभाव तब और गंभीर हो जाता है जब ये हमारे सामाजिक, कानूनी या स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप करता है। उदाहरण के लिए, अगर कोई डॉक्टर एआई के सुझाव पर भरोसा कर गलत दवा लिख दे या कोई वकील एआई से प्राप्त गलत केस लॉ के आधार पर दलील पेश करे, तो परिणाम जानलेवा या अन्यायपूर्ण हो सकते हैं। इसलिए, एआई को किसी भी निर्णय का अंतिम स्रोत मानना घातक हो सकता है। आज हम जिस डिजिटल युग में जी रहे हैं, वहां जानकारी ही शक्ति है। लेकिन अगर यह जानकारी गलत है, तो यह शक्ति विनाशकारी भी बन सकती है। सवाल यह है कि इस तेज़ तकनीकी दौड़ में हम कितना भरोसा करें और कितनी सतर्कता बरतें? इसका जवाब बहुत स्पष्ट है-भरोसे से पहले जांच ज़रूरी है। एआई एक अद्भुत सहायक हो सकता है, लेकिन अंतिम निर्णय अभी भी इंसानी विवेक, अनुभव और नैतिकता से ही लिए जाने चाहिए। एआई टूल्स को हमें दिशानिर्देश देने की अनुमति तो देनी चाहिए लेकिन उन्हें अंतिम जज बनने की छूट नहीं दी जा सकती। एआई की कार्यप्रणाली आज भी आंकड़ों पर आधारित है न कि समझ पर। इसे यह नहीं पता होता कि सच क्या है और झूठ क्या। वह बस उपलब्ध डेटा से अनुमान लगाता है और जवाब देता है। यही कारण है कि हमें हर एआई-जनित जानकारी की पुष्टि करनी चाहिए, खासकर तब जब उससे किसी की ज़िंदगी, स्वास्थ्य या न्याय पर असर पड़ सकता हो। हमें टेक्नोलॉजी को अपनाने से डरना नहीं है लेकिन उसे आंख मूंदकर स्वीकार करना भी समझदारी नहीं है। एक ज़िम्मेदार समाज वही होता है जो नई तकनीकों का उपयोग विवेक और नैतिकता के साथ करे। आख़िर में, यह याद रखना जरूरी है कि एआई का विकास मानव कल्याण के लिए हुआ है न कि मानव निर्णय को पूरी तरह हटाने के लिए।

# जीवन सूना सेलफोन बिना



**डॉ टी महादेव राव**

आज का जीवन इतना सरल, सफल और असहज हो गया है तो इसका कारण आप सभी जानते हैं .....जी हां सेलफोन। हर आदमी के कर की शोभा बना सेल अपने आप में एक दिव्यास्त्र की तरह शोभायमान और सदैव सेवा में तत्परता लिये हुए विष्णु के सुदर्शन चक्र की भांति निरंतर चलायमान रहता है। विष्णु तो जब चाहते थे तभी सुदर्शन चक्र उनकी तर्जनी में दर्शन देता और दुष्टों का काम तमाम करता पर सेलफोन तो कर की शोभो बन हर एक का काम हमेशा तमाम करने पर लगा रहता है। पत्नी का फोन आया तो कह दिया आफिस की मीटिंग में व्यस्त हूं बाद में फोन करता हूं भले ही अपने सेक्रेटरी के साथ आप काफी शॉप में हों। बार में बैठे हों और बॉस का फोन आया तो कह दिया कि सर मैं अपने घर में कंप्यूटर पर कल की मीटिंग के प्रेजेंटेशन्स बना रहा हूं। आपका काम भी बन गया और बॉस भी खुश। गर्लफ्रेंड ने फोन किया और आप नहीं मिलना चाहते क्योंकि आप ने उसकी मांग (सिन्दूर वाला नहीं) पूरी नहीं की, क्योंकि महीने के आखिरी दिन जो हैं और तनख्वाह मिलने में चार पांच दिन का समय जो है। आप कह देते हैं कि ऑफिस में हूं बॉस के साथ जबकि आप होते हैं अपनी किसी पुरानी दोस्त के साथ रामकृष्णा बीच में मुरी मसाला खाते हुए। अर्थ यह है कि आपको समस्याओं से बचाने वाला जो यंत्र है सेल फोन। ये अलग बात है कि आप सारे दिन में सच कम या नहीं के बराबर बोलते हैं और झूठ के शहंशाह बन जाते हैं। साथ ही एक और खास बात यह भी है कि आपकी सर्जना शक्ति अजी वही क्रियेटिविटी बढ जाती है। बस बिना तैयारी के आप झूठ बोलने में ऐसे माहिए हो जाते हैं कि सामने वाला आपको विश्व में सबसे अधिक ईमानदार और कर्मठ मानने लगता है, क्योंकि आप इतना विश्वसनीय और आत्मविश्वास से भरे अंदाज में बोलते हैं कि सामने वाले की बोलती बंद हो जाती है। सेल फोन आपको इतना अधिक कॉनफिडेंट बना देता है कि आप झूठ भी ऐसे बोलते हैं कि सच को भी कभी कभी अपने आप पर शक होने लगता है कि वह सच है या झूठ का प्रतिबिब। व्यक्ति चाहे जैसा भी हो उसमें आमूलचूल परिवर्तन लाने में सेल फोन का महत्व नकारा नहीं जा सकता। यह ऐसा चंदन है जिस पर विष व्याप जाता है लिपटे हुए सेलफोन रूपी भुजंग की वजह से। सेलफोन का महत्व ही कारण है कि सेलफोन लेने वाले सभी कमोबेश एक जैसे ही हो जाते हैं। वैसे ही जैसे खरबूजा खरबूजा को देखकर रंग पकडता है। और एक बार चढ गया यह रंग तो फिर चढे न दूजो रंग। सेलफोन की करामात या है कि जाने अंजाने में हम उसके दास हो जाते हैं, ठीक उसी तरह जिस तरह जादुई चराग का जिन उस चराग के मालिक का गुलाम होता है। कभी कभी जब हम सेलफोन कहीं भूल जाते हैं या खो देते हैं तो ऐसा लगने लगता है कि शरीर का कोई अंग कट गया है या छूट गया है, कोई कमी है जो हमें लगातार परेशान कर रही है किसी देनदार की तरह, शादी के लिये पीछे पडी पुरानी प्रेमिका की तरह और दवाइयों के बावजूद न छूटने वाली मर्ज की तरह। तो जीवन का अभिन्न अंग बना सेलफोन खतरे भी कम पैदा नहीं करता।

# वृष संक्रांति आज : सूर्य का वृष राशि में प्रवेश

## सूर्य को जल चढ़ाकर करें दिन की शुरुआत, जल और अन्न का करें दान



बुधवार, 14 मई को सूर्य मेष को छोड़कर वृष राशि में प्रवेश करेगा। इस ज्योतिषीय घटना को वृष संक्रांति कहा जाता है। इस पर्व पर नदी स्नान, दान, व्रत और सूर्य पूजा करने का विशेष महत्व बताया गया है। यह पर्व धार्मिक, आध्यात्मिक दृष्टि और ऋतु परिवर्तन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, वृष संक्रांति पर किया गया तीर्थ स्नान मन, वचन और कर्म से हुए पापों के फल को कम करता है। जिन श्रद्धालुओं के लिए तीर्थ जाना संभव नहीं होता, वे घर पर पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। नहाने के जल में तिल मिलाकर स्नान करना बहुत शुभ माना गया है।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं। मनीष शर्मा के मुताबिक इस दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान करना और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। इसके लिए तांबे के लोटे में जल भरें और जल में कुमकुम, फूल, चावल डालकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें।

**किसे कहते हैं संक्रांति?**

संक्रांति का अर्थ है सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करना। वर्ष भर में कुल 12 संक्रांतियां होती हैं, क्योंकि सूर्य हर माह राशि बदलता है। ये खगोलीय घटना ऋतु परिवर्तन का संकेत देती है। विशेष रूप से वृष संक्रांति के साथ ग्रीष्म ऋतु अपने चरम पर पहुंचती है। इस समय सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है और इन दिनों में गर्मी बढ़ती है, इसी समय नवतपा भी आता है।

**वृष संक्रांति पर दान जरूर करें**

वृष संक्रांति का पर्व हमें प्रकृति और समाज के प्रति आभार मानने का संदेश देता है। इस पर्व पर हमें अपने आसपास रहने वाले जरूरतमंद लोगों को अपने सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए। जल और अन्न का दान विशेष रूप से पुण्यदायक माना जाता है। गर्मी के मौसम में अन्य जीवों को जल देने की व्यवस्था करनी चाहिए। जरुरतमंद लोगों को भोजन कराएं। रोगियों की सेवा करें।

**वृष संक्रांति पर करें ये शुभ काम**

पितरों की शांति के लिए तर्पण करें। वृष संक्रांति पितृ कर्म के लिए भी शुभ मानी जाती है।

घर में हवन करें या किसी मंदिर में पूजा कराएं।

व्रत रखकर सात्विक भोजन करें।

वृष संक्रांति गर्मी के मौसम में आती है, इसलिए जलपात्र, पंखा, चप्पल, छाता आदि का दान करना विशेष पुण्यदायक होता है।

इस दिन की गई साधना और मंत्र जप जल्दी फल देती है। विशेषकर सूर्य, विष्णु और शिव मंत्र का जप करना चाहिए।

गाय को हरा चारा देना, लोगों को भोजन कराएं या दक्षिणा दें।

# ज्येष्ठ मास शुरू, शनिदेव के जन्म से भी है संबंध

**ज्येष्ठ माह 2025 की शुरुआत 12 मई से हुई है। इस माह में भगवान विष्णु और शनिदेव की पूजा का महत्व है। एक समय भोजन, तिल का दान, श्री नारद पुराण श्रवण और भगवान त्रिविक्रम की पूजा लाभकारी मानी जाती है।**



हिन्दू पंचांग के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा के समापन के बाद आज से पावन पवित्र ज्येष्ठ मास की शुरुआत हो चुकी है। ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा तिथि को ज्येष्ठ माह का पहला दिन होता है। हालांकि, गुजरात एवं महाराष्ट्र अनुसार 27 मई 2025 से यह मास प्रारंभ होगा। विष्णु पुराण के अनुसार, ज्येष्ठ माह में भगवान विष्णु के अवतार भगवान त्रिविक्रम की पूजा करते हैं। इस माह को न्याय के देवता शनिदेव से जोड़कर भी देखा जाता है। मान्यता है कि, ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को शनि जयंती मनाई जाती है।

शास्त्रों के अनुसार शनि देव जी का जन्म ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को रात के समय हुआ था। इसलिए इस मास का महत्व और बढ़ जाता है। ज्योतिष आचार्यों की मानें तो इस माह कुछ उपाय अधिक फलदायी माने जाते हैं। अब सवाल है कि आखिर ज्येष्ठ माह कौन से उपाय करना चाहिए? ज्येष्ठ माह में किन उपायों से होगा लाभ?

**ज्येष्ठ माह का प्रारंभ 2025**

दृक पंचांग के अनुसार, इस बार ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 12 मई दिन सोमवार को रात 10 बजकर 25 मिनट से शुरू हुआ। इस तिथि का समापन 13 मई दिन मंगलवार को देर रात 12 बजकर 35 मिनट पर होगा। उदयातिथि के आधार पर ज्येष्ठ माह का शुभारंभ 13 मई से है। उस दिन ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा होगी।

**ज्येष्ठ मास में इन उपायों से होगा लाभ**

एक समय भोजन करेंः महाभारत अनुशासन पर्व अध्याय 106 के अनुसार, "ज्येष्ठामूलं तु यो मासमेकभक्तेन संक्षिपेत। ऐश्वर्यमतुलं श्रेष्ठं पुमान्स्त्री वा प्रपद्यते।।" यानी जो एक समय ही भोजन करके ज्येष्ठ मास को बिताता है वह स्त्री या पुरुष, अनुपम श्रेष्ठ एश्वर्य को प्राप्त होता है।

तिल का दान करेंः शिवपुराण के अनुसार ज्येष्ठ में तिल का दान बलवर्धक और मृत्युनिवारक होता है। वहीं, धर्मसिन्धु के अनुसार, ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को तिलों के दान से अश्वमेध यज्ञ का फल होता है।

**श्री नारद पुराण श्रवण करें:** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के दिन मूल नक्षत्र होने पर मथुरा में स्नान करके विधिवत व्रत-उपवास करके भगवान कृष्ण की पूजा उपासना करते हुए श्री नारद पुराण का श्रवण करें तो भक्ति जन्म-जन्मान्तरों के पाप से मुक्त हो जाता है।

भगवान विष्णु की पूजा करेंः माया के जाल से मुक्त होकर निरंजन हो जाता है। भगवान विष्णु के चरणों में वृत्ति रखने वाला संसार के प्रति अनासक्त होकर फलस्वरूप जीव मुक्ति को प्राप्त करता हुआ वैकुंठ वासी हो जाता है।

**भगवान त्रिविक्रम की पूजा करें:** महाभारत अनुशासन पर्व अध्याय 109 के अनुसार ज्येष्ठ मास की द्वादशी तिथि को दिन-रात उपवास करके जो भगवान त्रिविक्रम की पूजा करता है, वह गोमेध यज्ञ का फल पाता और अप्सराओं के साथ आनन्द भोगता है ।

# 84 लाख योनियों का क्या है सच? पद्म पुराण में छिपा है रहस्य



अक्सर आप लोगों से सुनते होंगे कि अच्छे कर्म के कारण मनुष्य ने जन्म लिया है। पद्म पुराण में 84 लाख योनियों का वर्णन है और इन योनियों में से मनुष्य की योनि को सबसे श्रेष्ठ माना गया है। लेकिन सबसे पहले किस रूप में जन्म लेते है, आइये जानते हैं। मिथिलांचल के लोगों को ये सुनने को भी मिलता है कि इतने लाख योनी हैं।

दअरसल, यहां पर किसी की मृत्यु उपरांत गरुड़ पुराण दस दिनों तक पंडितों के द्वारा सुनाया जाता है, तो उसमें बहुत सी ऐसी चीजों का वर्णन होता है, जिसमें 84 लाख योनी भी एक है। यहां कैसे पृथ्वी पर मनुष्य से लेकर हर जीव जंतु का उत्पन्न हुआ? इस बारे में विस्तार से जानते हैं। शास्त्र के मुताबिक सबसे पहले ब्रह्मा इस सृष्टि में आए थे और उन्होंने पुरुष प्रकृति का निर्माण किया और उसके बाद फिर 84 लाख योनि का उत्पन्न हुआ। धार्मिक मान्यताएं वह बताते हैं कि सबसे पहले तो प्रथम महिला इस संसार में जो आई है वह सप्त रूपा और प्रथम पुरुष जो आए है, वह प्रथम मनु स्वयंभू है। वैसे तो मनु बहुत है लेकिन प्रथम मनु ही इस संसार में पहली बार आए, जिसके बाद से अब आगे प्रकृति को एक सुंदर प्रारूप मिला।

पुराणों में कहा गया

आचार्य रामकुमार बताते हैं कि हमारे पद्म पुराण में 84 लाख योनियों का वर्णन है। ब्रह्मा के बाद हर अक्षरों से यहां पर देवताओं का प्रकट हुआ। बहरहाल पुराणों में कहा गया 84 लाख योनियों को तीन भागों में बांटा गया, जिसमें जलचर, थलचर और नवचर है। हमारे शास्त्र में वर्णन यह भी है कि किस-किस रूप में कितने प्राणी है और उनका कार्य भी है, सब एक दूसरे जुड़े संबंध स्थापित करता है।

पद्म पुराण के अनुसार बताया गया है कि पानी के जीव जंतु 9 लाख, पेड़ पौधे 20 लाख, कीड़े मकोड़े 11 लाख, पंखी 10 लाख, पशु 30 लाख, देव दैत्य, मानव मनुष्य को 4 लाख में विभक्त किया गया है और सबका एक औसत उम्र होती है जिसमें वो इस लोक में आते और जाते हैं। साथ ही इन सभी योनियों में मनुष्यों को सबसे ऊपर बताया गया है, क्योंकि इसके बाद सबसे अधिक बुद्धि और कर्म करने की क्षमता होती है।

# मूलांक 8 वालों की सफलता का सबसे बड़ा मंत्र



अगर आपका जन्म किसी भी महीने की 8 तारीख, 17 तारीख या 26 तारीख को हुआ है, तो आपका मूलांक भी 8 बनता है, जिसे ग्रहों में शनि द्वारा शासित माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही नंबर आपके भविष्य, करियर, शादी, प्यार, स्वास्थ्य और जीवन में होने वाली कई घटनाओं के बारे में भी काफी कुछ बता सकते हैं?

मूलांक 8 विशेष गुणों से भरा होता है। ऐसे लोग अपने भीतर बहुत कुछ समेटे रहते हैं। अंक 8 न्याय, कर्म और दंड का प्रतीक है। आइए जानते हैं ऐसे लोगों की पर्सनैलिटी, करियर और लकी कलर के बारे में।

मजबूत इरादों वाले और मेहनती होते हैं।

**बड़ी से बड़ी मुश्किलों का सामना डटकर करते हैं।**

फैसले लेने में तेज होते हैं

संतुलित दिमाग वाले होते हैं

घर से जाना पड़ता है दूर

जीवन की शुरुआत में संघर्ष अधिक रहता है, लेकिन 36 वर्ष के बाद धीरे-धीरे स्थितियां सुधरने लगती हैं। इनका जीवन धीरे-धीरे एक नई दिशा पकड़ लेता है। अक्सर इन्हें रोजगार और धन के लिए घर से दूर जाना पड़ता है। अगर घर पर रहकर काम करते हैं, तो मानसिक परेशानियां अधिक होती हैं।

**प्यार, शादीशुदा और पारिवारिक जीवन**

वैवाहिक जीवन में भी इन्हें कई बार दिल टूटने का अनुभव होता है। पति-पत्नी के बीच तालमेल में कमी रह सकती है। अगर तालमेल अच्छा हो भी, तो आर्थिक या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बीच में तनाव ला देती हैं। ससुराल पक्ष से भी अक्सर इनका मनमुटाव बना रहता है। इनके लिए सबसे अच्छे पार्टनर नंबर 6 और 5 वाले लोग होते हैं। हालांकि 4, 7, और 3 भी सम है, उनके साथ भी इनकी अच्छी बनती है।

विपरीत लिंग के प्रति इनके अनुभव थोड़े कठिन रहते हैं। अगर प्रेम में कभी धोखा या ठेस लगी हो, तो इनके मन में वैराग्य जैसी भावना आ जाती है और ये फिर से उस रिश्ते में नहीं पड़ना चाहते।

पारिवारिक सुख भी पूरी तरह से इनको नहीं मिल पाता। जीवन के किसी एक क्षेत्र- चाहे मित्र हों, प्रेम संबंध हों या माता-पिता, इनमें से कोई एक पक्ष उनसे नाराज या दूर रहता है। भाइयों के साथ भी इनका वैचारिक मतभेद बना रहता है, लेकिन बड़े दिल के कारण ये लोग अपने भाई-बहनों के लिए बड़े त्याग करते हैं।

भाग्य की दृष्टि से ये लोग अच्छे होते हैं, लेकिन सफलता में देर मिलती है। बॉस इन्हें ज्यादा पसंद नहीं करते, लेकिन अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर ये लोग अपनी अलग पहचान बना लेते हैं। इनके लिए सबसे बड़ा मंत्र है- खूब मेहनत करें।

**स्वास्थ्य**

स्वास्थ्य की दृष्टि से देखा जाए, तो ऐसे लोग अक्सर हड्डियों में दर्द, कमजोरी और मानसिक उदासी जैसी समस्याओं से भी गुजरते हैं।

**होते हैं बेहद समझदार**

ऐसे लोगों की एक ख्वाहिश होती है कि उनका एक सुंदर और आरामदायक घर हो, जिसमें सभी सुख-सुविधाएं उपलब्ध हों। ज्ञान की दृष्टि से ये लोग बहुत समझदार होते हैं और अपनी बातों से दूसरों को प्रभावित करते हैं। लोग इनसे सलाह लेना और बातें करना पसंद करते हैं।

# फ्लॉवर मून की रात करें ये आसान उपाय, चमत्कारी असर से रिश्तों में भर सकती है नई जान



हर महीने आसमान में एक रात ऐसी होती है जब चंद्रमा पूरी रोशनी के साथ चमकता है। इसे पूर्णिमा कहा जाता है लेकिन मई की पूर्णिमा कुछ खास मानी जाती है। इस रात को 'फ्लॉवर मून' कहा जाता है। यह नाम अमेरिका से आया है, जहां इस समय वसंत अपने पूरे रंग में होता है और फूलों की बहार छा जाती है। इसलिए इस विशेष पूर्णिमा को फूलों से जोड़कर देखा गया। इस साल फ्लॉवर मून 12 मई को दिखाई देगा। रात 8 बजकर 19 मिनट से लेकर 9 बजकर 19 मिनट तक चंद्रमा अपने पूरे रूप में चमकेगा। एक घंटे की इस अवधि को लेकर कई लोगों की आस्था और विश्वास जुड़े होते हैं।

**इस दिन करे ये उपाय**

वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा का मानना है कि इस खास रात को अगर एक आसान-सा उपाय किया जाए, तो रिश्तों में आई खटास को कम किया जा सकता है। उनके अनुसार, जब फ्लॉवर मून अपने चरम पर हो, उस समय महिलाएं अपने बाएं हाथ में और पुरुष अपने दाहिने हाथ में कोई मीठी चीज जैसे मिश्री, गुड़ या चीनी लेकर खामोशी से आंखें बंद करें और मन में एक सच्ची प्रार्थना करें। प्रार्थना कुछ ऐसी होः 'चंद्रमा, हमारे रिश्तों में प्रेम भर दो, दूरियां मिटा दो और हमारी बातचीत में मिठास ला दो।'

**दिखेगा ये असर**

इस प्रार्थना के बाद वह मिठाई किसी फूल वाले पौधे को प्रेम से अर्पित कर दें। यह एक प्रतीकात्मक क्रिया है लेकिन इसका असर गहरा हो सकता है। ऐसा कहा जाता है कि चंद्रमा भावनाओं का कारक होता है और मन पर सीधा असर डालता है। इसलिए इस रात की गई प्रार्थना दिल तक पहुंच सकती है।

फ्लॉवर मून को 'मिल्क मून', 'बडिंग मून', 'डांसिंग मून' और 'प्लांटिंग मून' जैसे नामों से भी जाना जाता है। इन नामों का संबंध भी प्राकृतिक बदलावों से है। इस मौसम में नई कोपलें फूटती हैं, दूध उत्पादन बढ़ता है और धरती हरियाली से भरने लगती है।

# रसोई घर यदि अग्निकोण में बनाना संभव न हो तो कहां बनाएं




वास्तु में भवन निर्माण को लेकर हर चीज का महत्व है। हर घर में रसोई होती है और रसोई आपके जीवन में महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। रसोई वह जगह जहां से आपको ऊर्जा मिलती है। आपके जीवन में रसोई महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि घर में रसोई सही जगह नहीं होती है तो उसमें बनने वाला भोजन न तो शरीर को ऊर्जा दे पाएगा और न ही मन को शांति दे पाएगा। रसोई में काम करने वाली गृहणियों के मन भी अशांत रह सकते हैं। कई बार गलत बनी रसोई के कारण घर में अग्निकांड जैसी घटनाएं भी सामने आई है। हालांकि कई बार अग्निकोण में बनी रसोई में भी अग्निकांड देखे गए हैं लेकिन उनमें अधिकांश मानवीय लापरवाही सामने आई होती है। वास्तु का स्थापित सिद्धान्त है कि रसोई घर अग्निकोण में होगा लेकिन कई बार ऐसी परिस्थितियां बन जाती है कि अग्निकोण में रसोई का बनाया जाना संभव नहीं होता। कई बार आयताकार भूखण्डों में जो दक्षिणमुखी होते हैं, वहां पर घर का मुख्यद्वारा अक्सर मजबूरी में अग्निकोण में बनाना होता है। ऐसे में रसोई बनाने के लिए जगह मिलना मुश्किल हो जाता है क्योंकि दक्षिण मुखी मकान में दरवाजे के लिए अग्निकोण और नेत्रृत्य कोण ही मिलते हैं।

वास्तु के अनुसार नेत्रृत्यकोण में मुख्य द्वार बनाना उचित नहीं होता है। विकल्प की अवस्था में अग्निकोण में मुख्यद्वार बनाया जाता है। ऐसी स्थिति में भूखण्ड को चार भागों में बांटने के बाद अग्निकोण वाले चौथाई हिस्से में दरवाजे के आगे के हिस्से में ईशान कोण की सीमा तक रसोई बनाई जा सकती है। हालांकि ये पूरी तरह से ठीक नहीं है लेकिन मजबूरी में यहां रसोई बनाई जा सकती है। इसके अलावा दूसरा विकल्प भूखण्ड का वह चौथाई हिस्सा जो वावव्य कोण का हिस्सा माना जाता है। उसमें रसोई बनाई जा सकती है।

इस दिशा में रसोई बनाते समय ये ध्यान रखना जरूरी है कि रसोई में जो स्लैब बनाई जाएगी उसमें किस रंग का पत्थर उपयोग में लेना है। चूल्हे की दिशा भी सही होनी चाहिए और यहां लगने वाले सिंक और नलों की दिशा भी उचित होनी चाहिए। यहां ये ध्यान रखने वाली बात है कि ईशान और नेत्रृत्य में किसी भी सूरत में रसोई नहीं बनाई जाएगी अन्यथा भवन में निवासरत लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल ईशान कोण जल का स्थान है और रसोई अग्नि की जगह है। ऐसे में ईशान की रसोई बड़ी मुसीबत साबित हो सकती है। इसी प्रकार नेत्रृत्य कोण भूमि का स्थान होता है। यहां भी अग्नि उचित नहीं रहती है। ..रसोई में क्या चीज कहां होनी चाहिए इस बारे में अगली बार जानकारी दी जाएगी।

# ऐसी फिल्म करना चाहता था, जिससे सम्मान मिले : सूरज पंचोली

वेटरन एक्टर आदित्य पंचोली के बेटे और अभिनेता सूरज पंचोली इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'केसरी वीर' को लेकर चर्चाओं में बने हैं। फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली। इस बीच सूरज पंचोली ने अपने करियर को लेकर बात की। साथ ही अभिनेत्री जिया खान की मौत के मामले के बाद आई मुश्किलों पर भी खुलकर बात की।

**सूरज ने बताया कैसी फिल्म करना चाहते थे**

अपनी हालिया बातचीत में सूरज पंचोली ने कहा, "मैं कई स्क्रिप्ट सुन रहा था, लेकिन मैं ऐसी फिल्म करना चाहता था जिससे मुझे सम्मान मिले। जो भी कैमरे के पीछे या सामने काम करता है, वे सभी बहुत मेहनत करते हैं। जब आपके काम की सराहना नहीं होती है, तो आप वास्तव में निराश महसूस करते



हैं। इसलिए, मैं ऐसी फिल्म करना चाहता था, जिसके बारे में लोग कहें कि ठीक है, शायद सूरज सक्षम है।"

**'केसरी वीर' को मैंने खुले दिमाग से किया**

अभिनेता ने आगे कहा, "मैं फिल्मों में काम शुरू करने से पहले अपनी जिंदगी को पटरी पर लाना चाहता था। मैं एक दिन बैठा और अपने माता-पिता से बात की। मैंने कहा कि मुझे यह काम पूरा करने दीजिए, मैं बाद में काम करूंगा। मैं जो चाहूंगा करूंगा, लेकिन पहले मुझे यह काम पूरा करने दीजिए। भगवान का शुक्र है कि मैं यह सब अब कर चुका हूं। 'केसरी वीर' पहली फिल्म है जिसे मैंने नए, खुले और केंद्रित दिमाग से किया है। मैं केवल इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि कैसे प्रदर्शन करना है। अच्छी चीजों में समय लगता है।"

फिर से शुरुआत करने के लिए 'केसरी वीर' से बेहतर कुछ नहीं हो सकता

अथिया शेट्टी के साथ फिल्म 'हीरो' से अपने करियर की शुरुआत करने वाले सूरज पंचोली अब 'केसरी वीर' में अथिया के पिता सुनील शेट्टी के साथ नजर आ रहे हैं। इस पर सूरज का कहना है, "अथिया ने 'हीरो' में मेरे पिता के साथ काम किया और अब मैं सुनील सर के साथ काम कर रहा हूं। इसलिए, यह सब वापस आ रहा है। मेरे लिए अपने जीवन को फिर से शुरू करने के लिए, इस फिल्म से बेहतर कुछ नहीं है।

**23 मई को रिलीज होगी 'केसरी वीर'**

'केसरी वीर' में सूरज पंचोली के साथ सुनील शेट्टी, आकांक्षा शर्मा और विवेक ओबेरॉय भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रिंस धीमन द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

जिया खान के आत्महत्या करने के मामले में जुड़ा था नाम

सूरज पंचोली पर 2013 में अपनी गर्लफ्रेंड जिया खान को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए 2023 में उन्हें बरी कर दिया।

# 'लियो 2' में होंगे थलपति विजय? लोकेश कनगराज ने 'मास्टर 2' पर भी तोड़ी चुप्पी

तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय जहां एक ओर अपने एक्टिंग करियर की कथित आखिरी फिल्म 'जन नायकन' की शूटिंग कर रहे हैं, वहीं डायरेक्टर लोकेशन कनगराज ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिससे फैंस की बांछे खिल गई हैं। विजय ने बीते कुछ महीनों में साफ इशारा किया है कि वह 'जन नायकन' के बाद फिल्में छोड़ अपने राजनीतिक करियर और पार्टी तमिलागा वेट्री कड़गम पर फोकस करेंगे। इस बीच एक इंटरव्यू में लोकेश ने इशारा किया है कि वह सुपरहिट 'लियो' और 'मास्टर' के सीक्वल पर काम करना चाहेंगे। लोकेश का यह बयान ऐसे समय में भी आया है, जब 'जन नायकन' के सेट से विजय की एक तस्वीर भी सामने आई है। इसमें वह पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं।

लोकेश कनगराज से सुधीर श्रीनिवासन ने पॉडकास्ट में थलपति विजय की सुपरहिट



फिल्म 'लियो' के सीक्वल के बारे में पूछा। इस पर डायरेक्टर ने खुलासा किया कि वह 'लियो' से अधिक 'मास्टर' की दुनिया को फिर से फिर से पर्दे पर लाना चाहेंगे। लोकेश कनगराज ने थलपति विजय के साथ फिर से काम करने की इच्छा जाहिर की है।

**'लियो 2' पर क्या बोले लोकेश कनगराज**

लोकेश कनगराज ने 'लियो' के सीक्वल को लेकर सवाल पर कहा, 'यह केवल समय ही बता सकता है। विजय अन्ना को फैसला करना है। हम उन्हें एक कैमियो के लिए ला सकते हैं, लेकिन मैं उनके साथ 'मास्टर' फिर से करना चाहता हूं। हर कोई 'लियो 2' का इंतजार कर रहा है, लेकिन मैं उनके साथ 'मास्टर 2' करना चाहता हूं।'

**थलपति विजय के साथ 'मास्टर 2' बनाने की है चाहत**

डायरेक्टर ने कहा कि उन्हें 'मास्टर' में थलपति विजय के किरदार जेडी की कहानी अभी भी अधूरी लगती है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कहानी का एक हिस्सा अभी भी अनकहा है। यह पहली फिल्म में है, लेकिन इसका कोई निष्कर्ष नहीं है। मैं बस यही फिल्म करना चाहता हूं। मुझे व्यक्तिगत रूप से जेडी का किरदार बहुत पसंद है।'

**'जन नायकन' के सेट से विजय की फोटो वायरल**

दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' के सेट से एक फोटो वायरल हो रही है। इसमें विजय पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने पहले ही विजय की इस फिल्म का पोस्टर रिलीज कर दिया था। यह फिल्म 'जन नायकन' अगले साल 2026 में पोंगल के खास मौके पर 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कथित तौर पर यह थलपति विजय की आखिरी फिल्म होगी, लिहाजा इसको लेकर फैंस का क्रेज अलग ही लेवल पर है।

# अभिनव शुक्ला ने बिना नाम लिए रजत दलाल को दिया करारा जवाब, रुबीना दिलैक की फिटनेस पर उठाई थी उंगली

रियलिटी शो 'बैटलग्राउंड' में रुबीना दिलैक की फिटनेस पर सवाल उठे थे। आसिम रियाज और रजत दलाल ने रुबीना की फिटनेस पर टिप्पणी की थी। अब अभिनव शुक्ला ने बिना नाम लिए उन्हें जवाब दिया है।

फिटनेस रियलिटी शो समझाया है।

रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला को पपाराजी ने मुंबई में एक जगह स्पॉट किया। यहां उन्होंने जब रुबीना से रजत के साथ फिटनेस पर हुई बहस के बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा कि इसका करारा जवाब बगैर कहा, 'अपने फिट दोस्त है वो फोजी लोग, जो एक रोटी खाकर जंग लगते हैं। ये है फिटनेस।' फिर एक्ट्रेस ने कहा, 'कभी कभी, सही सम पर आप सही शब्द बोलते हैं तो उसका प्रभाव ज्यादा होता है। बार-बार अगर प्रश्न उठाया जाए, तो उनके



'बैटलग्राउंड' खत्म हो गया है लेकिन इसमें हुई बहसबाजी का धुंआ अभी भी उठ रहा है। इस शो में पहले आसिम रियाज और फिर रजत दलाल ने रुबीना दिलैक की फिटनेस पर सवाल उठाए थे। जिसका एक्ट्रेस ने पलटवार किया था और करारा जवाब दिया था। अब अभिनव शुक्ला ने बिना नाम लिए कटाक्ष किया है। उन्हें फिटनेस का सही मतलब उनके पति देंगे। एक्टर ने कहा, 'फिटनेस पता है क्या होती है? फिटनेस होती है जो दिखती है और फिट होती है जो दिखती नहीं है। तो हमको लगता है कि सब ऐसे (सीना बाहर निकालते हुए) है तो फिट है। ऐसा नहीं है।'

**अभिनव और रुबीना दिलैक का रजत को जवाब**

अभिनव शुक्ला ने रजत दलाल और आसिम रियाज का नाम लिए जवाब देना ही चाहिए।'

**अभिनव शुक्ला ने मां के साथ 30 किमी ट्रेक किया था**

अभिनव ने कहा, 'हमने एक ट्रेक किया था 30 किलोमीटर एक दिन में, उसमें मां भी थीं। बड़े से बड़ा जो जिम रैट (चूहा) है न वो आ जाए। आधे घंटे बाद बोलेगा मेरे को प्रोटीन खाना है।' इस वीडियो को देखने के बाद हर कोई इनकी तारीफ करने लगा।

# 'रणबीर कपूर की आलोचना करने की औकात नहीं है...', ऐसा क्यों बोले विवेक अग्निहोत्री?



फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। फिल्म इंडस्ट्री सहित वह देश के कई मुद्दों पर मुखरता से बोलते रहते हैं। इस बार विवेक अग्निहोत्री ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के प्रमुख फिल्म निर्माताओं को लेकर अपनी राय रखी है। उन्होंने निर्माताओं के सितारों की अधिक फीस को लेकर बढ़ती परेशानी के बारे में बात की। विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि उनमें से हर कोई सितारों की पीठ पीछे बुराई करता है।

**'रणबीर को बोलने की औकात नहीं...'**

विवेक अग्निहोत्री ने एक साक्षात्कार में कहा कि इंडस्ट्री में रणबीर की आलोचना करने का साहस किसी में नहीं है। निर्माता ने कहा, 'औकात ही नहीं है इनकी, हिम्मत है करने की, कर के दिखाएं। वो रणबीर की आलोचना करने वाले कौन होते हैं? उन्हें कोशिश करने दीजिए।' यह जवाब विवेक अग्निहोत्री ने 'एनिमल' फिल्म के लिए संदीप रेड्डी वंगा की आलोचना होने के सवाल पर दिया। जबकि रणबीर को इसके लिए कुछ नहीं कहा गया।

विवेक अग्निहोत्री ने दी चुनौती

विवेक अग्निहोत्री ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा, 'मैं आपको चुनौती देता हूं कि बॉलीवुड में एक भी ऐसा निर्देशक या निर्माता बताएं जो इन सितारों की बुराई ना करता हो। क्या उनमें सार्वजनिक रूप से कुछ कहने की हिम्मत है? उनमें नहीं है। इसलिए वह पीड़ित होने के हकदार हैं। फिर दें 150 करोड़ रुपये घटिया काम के, सड़ी हुई एक्टिंग के।' उन्होंने अपनी किस्मत सितारों से जोड़ दी है और यही कारण है कि मैंने बॉलीवुड छोड़ दिया।' उन्होंने कहा कि उनकी समस्या असली सितारों से नहीं है, बल्कि ऐसे लोगों से है जो कुछ भी हासिल न करने के बावजूद स्टार की तरह दिखते हैं।

**विवेक अग्निहोत्री का वर्क फ्रंट**

विवेक अग्निहोत्री के आगामी कार्यों की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स: बंगाल चैप्टर' है, जो बंगाल त्रासदी और हिंदू नरसंहार पर बनी है।

इस फिल्म का निर्माण अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी ने किया है। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सलमान खान की लटकती तोंद देखकर फैन्स हुए परेशान


## पब्लिक बोली- बॉडी हैवी हो गई है, कितना फिट रहे कोई भला

हाल ही में सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' के पिटने के बाद एक्टर का एक डांस वीडियो इस वक्त तूफान मचा रहा है। दरअसल इस नए डांस वीडियो में सलमान को डांस करते हुए देखकर लोगों ने माथा पकड़ लिया है। इस वीडियो में सलमान की तोंद लटकती नजर आई है।

सलमान खान का एक थ्रोबैक डांस वीडियो (द बैंकूवर कॉन्सर्ट) सिर्फ इसलिए चर्चा में आ गया है क्योंकि इसमें उनकी तोंद दिख रही है। लड़कियों के साथ वो अपनी ही फिल्म के गाने 'जुम्मे की रात' पर डांस करते दिख रहे हैं। सबकुछ तो ठीक रहा, लेकिन कुछ मूव्स के दौरान उनकी टीशर्ट ऊपर गई कि दुर्घटना घट गई। दरअसल अंदर से झांकते तोंद को देखकर अब लोगों ने उनकी फिटनेस को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**सोलमोन सर भी मोटा गए?**

लोगों ने कहा- बॉडी हेवी हो गई इसलिए मूव नहीं कर पा रहा है। अब लोगों ने इस वीडियो पर रिएक्शन देना शुरू किया और कहा, 'रिटायरमेंट ले लो फिल्मों से। एक और ने कहा, 'भाई अब उम्र तो होगी न, कितना फिट रहे। एक और ने कहा- बुड्ढा हो गए हैं,





बॉडी हेवी हो गई इसलिए मूव नहीं कर पा रहा, किस बात का कॉन्सर्ट, दुर्भाग्य ये है कि एक्टर्स के लिए कोई रिटायरमेंट ऐज नहीं होता। वहीं एक और ने सलमान के लिए लिखा- ओवरएक्टिंग का शॉपिंग मॉल, डांस कहां है भाई?

**सलमान खान की आनेवाली फिल्में**

यहां बताते चलें कि सलमान खान की कई फिल्में इस वक्त चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि 'अंदाज अपना अपना 2' बनाए जाने की भी संभावना है। वहीं 'बजरंगी भाईजान 2', 'किक 2', 'दबंग 4' जैसी फिल्मों को लेकर भी खूब चर्चा चल रही है। इसके अलावा हाल ही में खबर आई कि सलमान 2020 की गलवान घाटी पर बेस्ड फिल्म में एक सेना अधिकारी की भूमिका निभाने को लेकर विचार कर रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो फिल्म 2025 की आखिर तक फ्लोर पर जाएगी।

# पहले सोचा करती थी कि काश मैं उस सुपरस्टार के घर पैदा होती

वामिका गब्बी ने अपनी फिल्म 'भूलचूक माफ' को लेकर बातें कीं और कहा- मैं अपने सफर में कभी निराश नहीं हुई। उन्होंने कहा- पहले मैं ये सोचती थी कि काश मैं उस सुपरस्टार के घर पैदा होती तो जिंदगी कितनी अच्छी होती।

हिंदी और पंजाबी फिल्मों में नाम कमा चुकीं बेहद खूबसूरत वामिका गब्बी 'बेबी जॉन' और '83' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इन दिनों चर्चा में हैं वह अपनी फिल्म 'भूलचूक माफ' को लेकर। इस फिल्म में वह राजकुमार राव के साथ नजर आ रही हैं।

मैं इतने समय से इंडस्ट्री में हूं तो इसकी वजह मेरे माता-पिता का साथ है। उन्होंने मुझे हमेशा से बहुत सुरक्षित महसूस कराया है। मेरे पास ऐसे दोस्त थे जो मेरे साथ खड़े थे। इस वजह से मैं अपने सफर में कभी निराश नहीं हुई। मुझे लगता है कि जब आपकी खुद एनर्जी साफ होती है तो आप अच्छे लोगों को अट्रैक्ट करते हैं। जब मैं अपनी जिंदगी में खुद तैयार हो गई थी, तो मुझे लगता है कि मौका खुद मेरे रास्ते पर आ गया था। मुझे नहीं पता था कि मैं कभी ये वक्त देख पाऊंगी जब मैं 'भूल चूक माफ' जैसी फिल्म कर रही हूं। पहले मैं ये सोचती थी कि काश मैं उस सुपरस्टार के घर पैदा होती तो जिंदगी कितनी अच्छी होती। अब मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं कि जैसी मेरी लाइफ है, जो मेरे पिता हैं, मैं उसी




सुपरस्टार के लिए पैदा हुई हूं।

मैं दिल्ली से तीन घंटे की दूरी पर ही रही हूं। मेरी पहली फिल्म की शूटिंग भी दिल्ली में हुई थी। मैं डेढ़ महीने तक दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में रही थी। हम यहां दो दिन के लिए आए हैं, तो मैं तो काम से फ्री होने के बाद बाहर कुछ खाने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं। मैं दिल्ली की चाट खाऊंगी और कुछ मीठा भी खाऊंगी।

मैंने एक तमिल और एक तेलुगू फिल्म की है। एक फिल्म है जीनी, ये फैंटेसी फिल्म है। एक और फिल्म दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग भी है।

मुझे लगता है कि ये हर जगह है। सरकारी नौकरी एक तरह की सुरक्षा है जिसमें पेंशन है और बाकी सुविधाएं भी हैं। पहले तो ये बहुत ज्यादा होता था लेकिन आज उतना नहीं है। हां, छोटे शहरों में आज भी इसको बहुत महत्व दिया जाता है।

मेरा तो राजकुमार के साथ करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। मैं तो उनके साथ काम करने के लिए खुश थी। साथ ही मेरे माता-पिता बहुत खुश थे कि मैं राजकुमार के साथ फिल्म कर रही हूं। थोड़ी नर्वस भी थी लेकिन राजकुमार और डायरेक्टर करन शर्मा ने मुझे काफी सहज महसूस कराया। इसी वजह से मैं अपना बेस्ट दे पाई। शूटिंग का माहौल बहुत ही अच्छा था।

# ऋतिक-एनटीआर की 'फिल्म वॉर 2' के तेलुगु संस्करण के लिए मिल रही बड़ी डील

फिल्म 'वॉर 2' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर पहली बार साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म के तेलुगु संस्करण को लेकर जानकारी सामने आई है, जिस पर कई टॉलीवुड निर्माताओं की नजर है।

एक खबर के मुताबिक, ऋतिक रोशन और एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' के तेलुगु संस्करण के लिए बड़ी डील की खबर है। यह फिल्म 2019 की सुपरहिट जासूसी थ्रिलर 'वॉर' का सीक्वल है। ऋतिक इसमें रॉ एजेंट मेजर कबीर धालीवाल का किरदार



दोबारा निभा रहे हैं, जबकि एनटीआर एक खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। पहली फिल्म की सफलता के बाद वॉर 2 को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह है। खबर है कि इसके तेलुगु अधिकारों की कीमत 85 से 120 करोड़ रुपये के बीच है। वहीं, टॉलीवुड के बड़े निर्माता नागा वामसी और सुनील नारंग इन अधिकारों को हासिल करने की कोशिश में हैं।

**फिल्म वॉर 2**

फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के अलावा बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

यशराज फिल्म्स के बैनर तले आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी।

# अनुष्का शर्मा की 'चकदा एक्सप्रेस' हो गई डब्बा बंद? गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने बताया सच

एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा पिछले 7 साल से पर्दे से गायब हैं। उन्हें आखिरी बार 2018 में फिल्म 'जीरो' में शाहरुख खान के साथ देखा गया था, जो कि फ्लॉप हो गई थी। हालांकि बाद में वह अपनी अपकमिंग मूवी 'चकदा एक्सप्रेस' की शूटिंग कर रही थीं, जिस पर हर किसी की निगाहें टिकी हैं।

मगर लंबा समय हो गया, मगर ये आज तक रिलीज नहीं हुई है इस बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा को लेकर अक्सर ये अफवाह उड़ती है कि ये डिब्बा बंद हो गई है। मगर अब इसके पीछे की सच्चाई जानिए।

भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपनी जीवन पर आधारित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' की रिलीज में हो रही देरी पर





प्रतिक्रिया दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'चकदा एक्सप्रेस' को अक्टूबर, 2023 में ही ओटीटी पर प्रीमियर होना था लेकिन मौजूदा समय में इसे रोक दिया गया है क्योंकि मेकर्स इसकी रिलीज के लिए बढ़िया प्लेटफॉर्म की तलाश कर रहे हैं।

**झूलन गोस्वामी ने 'चकदा एक्सप्रेस' के बारे में कहा**

झूलन गोस्वामी से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनको किसी ने भी रिलीज के बारे में नहीं हताया है, 'मेरे को कोई न्यूज नहीं है और कॉल मुझे कर रहे हैं सब। मुझे कोई कमेंट नहीं करना है।' उन्होंने फिल्म की रिलीज के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसकी वजह से उन्होंने इस पर रिएक्ट करने से परहेज किया। बता दें कि एक्टर दिव्येंदु भट्टाचार्य ने पहले बताया था कि फिल्म की शूटिंग बहुत अच्छी तरह से हुई थी और उन्होंने इसकी देरी में अपनी चिंता जाहिर की थी।

**'चकदा एक्सप्रेस' में कौन-कौन**

वहीं, एडिटर मानस मित्तल ने भी 'हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' को बताया था कि फिल्म को पहले क्रिकेट विश्व कप से ठीक पहले रिलीज करने की प्लानिंग थी लेकिन ये भी संभव नहीं हुआ। वहीं, एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने इस पर रिएक्ट नहीं किया है।

प्रोसित रॉय की डायरेक्टेड इस फइल्म में रेणुका शहाणे, अंशुल चौहान, कौशिक सेन और महेश ठाकुर भी अहम भूमिका में हैं।






# नए स्कूल के लिए बच्चे को ऐसे करें तैयार, बिना रोए खुद जाने के लिए होगा तैयार

बच्चे का पहली बार स्कूल जाना हर माता-पिता के लिए एक बड़ा और भावुक क्षण होता है। लेकिन अधिकतर छोटे बच्चे पहली बार स्कूल जाते वक्त सहमे हुए होते हैं। छोटे बच्चों के मन में नए माहौल, अनजान लोगों और मम्मी-पापा से अलग होने का डर रहता है। यही वजह है कि कई बच्चे स्कूल के पहले दिन रोने लगते हैं या जाने से घबराते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा बिना आंसू और डर के खुशी-खुशी स्कूल जाए तो कुछ आसान और असरदार टिप्स को आजमाकर आप उसे सहज और आत्मनिर्भर बना सकते हैं। यहां पहली बार स्कूल जा रहे बच्चे को खुशी खुशी स्कूल भेजने के टिप्स दिए जा रहे हैं जो उनके माता पिता को अपनाने चाहिए।





**स्कूल के लिए उत्साह बढ़ाएं**

बच्चे को स्कूल से जुड़ी प्यारी कहानियां और कविताएं सुनाएं। उसे बताएं कि वहां नए दोस्त मिलेंगे। ढेर सारे खिलौने होंगे और बहुत सारी मस्ती करने का मौका मिलेगा। स्कूल के मजेदार किस्से और कहानियां बच्चे का उत्साह बढ़ाएंगी। स्कूल को रोमांचक जगह की तरह पेश करें, ताकि वह खुशी खुशी स्कूल जाने के लिए तैयार हो जाए।

**स्कूल विजिट कराएं**

स्कूल शुरू होने से पहले बच्चे को उसके स्कूल लेकर जाएं। क्लास रूम, प्लेग्राउंड और टायलेट आदि दिखाएं। बच्चे को टीचर से मिलवाएं ताकि वह पहचान बना सके। इससे बच्चे को नए माहौल से डर कम लगेगा और जब वह पहली बार स्कूल जाएगा तो उसे यह जगह जानी पहचानी लगेगी।

दिनचर्या में बदलाव लाएं

कई बच्चे स्कूल के शुरुआती दिनों में रोते हुए जाते हैं। इसका एक कारण है कि वह स्कूल की दिनचर्या के मुताबिक खुद को तैयार नहीं कर पाते। वह सुबह उठने और तैयार होने में वक्त लेते हैं और उनका स्कूल जाने का मन भी नहीं करता। इसलिए स्कूल जाने से कुछ दिन पहले से ही धीरे-धीरे बच्चे को स्कूल के समय के हिसाब से उठने, नहाने और खाने की आदत डालें। इससे स्कूल वाले दिन अचानक बदलाव नहीं लगेगा।

**बच्चे के डर को समझें**

अगर बच्चा कहे कि उसे डर लग रहा है, तो उसकी भावना को हल्के में न लें। प्यार से समझाएं और भरोसा दें कि आप उसके साथ हैं। बच्चा रोए तो घबराएं नहीं। यह सामान्य है और धीरे-धीरे ठीक हो जाएगा। खुद आत्मविश्वास में रहें, बच्चे को भी आपका आत्मविश्वास महसूस होगा।



**टिफिन में पसंद की चीजें दें**

पहली बार स्कूल जाते वक्त बच्चे के टिफिन में उसकी पसंदीदा चीजें रखें। इससे उसका मन स्कूल में लगा रहेगा। टिफिन के लालच में ही बच्चा स्कूल जाने के लिए तैयार रहेगा।

# अपनी पसंद की लड़की से शादी के बाद भी मर्द क्यों करते हैं एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर

हर व्यक्ति अपने पसंद के इंसान से शादी करना चाहता है। कई बार लोग ऐसा करने के लिए अपने परिवार तक से बगावत कर लेते हैं। कुछ मामलों में अंत में सबकी राजी खुशी से शादी हो जाती है, तो कुछ मामलों में घरवाले हमेशा के लिए रिश्ता तोड़ देते हैं। आज के समय में भी लव मैरिज करना बहुत मुश्किल है। ऐसा कर पाना हर किसी के बस की बात नहीं होती है।

लेकिन कई बार दो लोग जो एक-दूसरे के साथ रहने के लिए इतनी लड़ाई लड़ रहे होते हैं, उन्हें खुद के फैसले पर ही आंसू बहाना पड़ जाता है। ऐसा आमतौर पर तब होता है, जब शादी के रिश्ते में किसी तीसरे व्यक्ति की एंट्री हो जाए। वैसे तो इसके लिए पति या पत्नी दोनों में से कोई भी जिम्मेदार हो सकता है। लेकिन ज्यादातर ऐसे धोखे आदमियों से ही मिलते हैं।

जर्नल सोशल सर्वे में भी इस बात की पुष्टि हुई है, कि पुरुष औरतों की अपेक्षा ज्यादा धोखेबाज होते हैं।अपनी शादी में नाखुश होने पर वह कई बार एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर भी कर लेते हैं। ऐसे में यहां आज हम कुछ ऐसे कारणों को आपके साथ शेयर कर रहे हैं, जिसकी वजह से लव मैरिज करने के बावजूद पुरुष अपनी पत्नी के साथ रिश्ते को सुधारने की जगह दूसरी औरतों के साथ रिलेशनशिप में आ जाते हैं।



**प्रेशर में आकर शादी करना**

केवल अरेंज मैरिज ही नहीं कभी-कभी कुछ लोगों को लव मैरिज भी प्रेशर में करना पड़ता है। यह प्रेशर मां-बाप या पार्टनर द्वारा बनाया जाता है। ऐसे में आदमी जब मानसिक रूप से शादी की जिम्मेदारियों को उठाने के लिए तैयार न हो, तो वक्त के साथ उसके सिखने की संभावना कम और इससे उबकर दूर भागने के चांस ज्यादा होते हैं। कई बार ऐसी शादियां एक्सट्रा मैरिटल अफेयर्स पर खत्म होती है।

**घर में बढ़ते झगड़े**

शादी के बाद अक्सर पुरुष बीवी और परिवार के मतभेद के बीच पीसते रहते हैं। कई बार उनके लिए साइड चुनने की स्थिति आती रहती है। यह कंडीशन अपने पसंद की लड़की से शादी करने वाले पुरुषों के साथ और भी भयावह होता है।क्योंकि परिवार से उसे हर समय अपनी पसंद की लड़की से शादी करने के ताने मिलते रहते हैं। और पत्नी बनी प्रेमिका से घर छोड़ने का प्रेशर। ऐसे में आदमी इन सब सिरदर्द से दूर भागने के लिए कई बार पराई औरत के साथ रिश्ते में आ जाता है।

**रिश्ते में बोरियत होना**


शादी से पहले कई साल साथ रहने के पर अक्सर रिश्ते बाद में बोरियत से भर जाते हैं। पति-पत्नी को एक-दूसरे को जानने के लिए कोई कोशिश करने की आवश्यकता नहीं होती है। ऐसे में कई मर्द रोमांच महसूस करने के लिए एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर करते हैं। ताकि जो चीज वह अपने पार्टनर के साथ अनुभव नहीं कर पा रहे हैं, वो चीज वह दूसरी औरत के साथ कर सके।

**रिलेशनशिप में बदलाव हैंडल न कर पाना**

हर गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड शादी से पहले एक-दूसरे की इच्छाओं को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। साथ में कई ऐसी चीजों को ट्राई करते हैं, जो उन्हें आकाश में आजाद उड़ते पक्षियों सा महसूस करता है। कुछ देर के लिए साथ रहने पर सारी जिम्मेदारी बस एक-दूसरे को खुश करना ही लगता है। ऐसे में जब दोनों शादी करके साथ रहने लगते हैं, तो कई बार इसके साथ आने वाले बदलाव को वह सही तरह से हैंडल नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण आपसी संबंध बिगड़ने लगते हैं। रिश्ते से प्यार रोमांस धीरे-धीरे खत्म होने लगता है। हर बात एक मतभेद पर खत्म होती है। जिससे तंग आकर पुरुष अक्सर पराई स्त्री में अपना सुकून तलाशने निकल पड़ते हैं।

# हैंडसम लड़कों के पास से गुजरते हुए क्या सोचती हैं लड़कियां, उनके दिल की बात

अक्सर जब कोई स्मार्ट, आत्मविश्वासी और हैंडसम लड़का सामने से गुजरता है तो कई बार लड़कियों के मन में तरह-तरह के विचार आते हैं। आकर्षक लड़के के बगल से निकलते समय लगभग हर लड़की के दिमाग में कुछ बातें जरूर आती हैं। हालांकि हर लड़की की सोच अलग हो सकती है, लेकिन कुछ सामान्य बातें हैं जो अधिकतर लड़कियों के मन में जरूर आती हैं।



यह सोच लड़कियों की उम्र, अनुभव और मन स्थिति पर भी स्थित होती हैं। लेकिन यह सच है कि लड़कियों के मन में भी उतनी ही उत्सुकता और विचार आते हैं, जितने लड़कों के मन में लड़कियों को देखकर आते हैं। फर्क बस इतना है कि लड़कियां अपने जज़्बातों को बेहतर तरीके से संभालना जानती हैं। आइए जानें हैंडसम लड़कों के सामने से निकलते समय लड़कियों के दिल में क्या बात आ सकती है।

**वाह! क्या पर्सनैलिटी है**

लड़कियां सबसे पहले लड़के के लुक्स पर नजर डालती हैं। लड़के ने कैसे कपड़े पहनें हैं, उनका हेयर स्टाइल और चलते समय उनका आत्मविश्वास देखकर लड़कियां लड़के की पर्सनैलिटी को नोटिस करती हैं। जब उन्हें लड़के का लुक और पर्सनैलिटी उनकी पसंद के अनुरूप लगती है तो वह सबसे पहले उनके मन में यही विचार आता है, 'कितना स्मार्ट और स्टाइलिश है ये लड़का।

**क्या ये मुझे नोटिस कर रहा है?**

अगर लड़के की पर्सनैलिटी लड़की को पसंद आती है तो उसके करीब से गुजरते समय लड़की न केवल लड़के को ठीक से निहारती है, बल्कि उनके मन में यह भी उत्सुकता होता है कि क्या सामने वाला लड़का उन्हें देख रहा है या नहीं। लड़कियों के मन में यह सवाल आता है कि सामने से आ रहे हैंडसम लड़के की नजर मुझपर पड़ी या नहीं। वहीं अगर लड़की की आंखें उस प्रभावशाली लुक वाले लड़के से टकरा जाती हैं तो उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान आ जाती है।

**क्या ये सिंगल होगा?**

हैंडसम लड़के को सामने देखकर लड़कियां ये जरूर सोचती हैं कि क्या यह लड़का सिंगल होगा। इस लड़के की गर्लफ्रेंड होगी या नहीं और अगर ये इतना हैंडसम है तो इसकी गर्लफ्रेंड कैसी दिखती होगी।

**कहीं घमंडी तो नहीं?**

बहुत ज्यादा दिखावे या अतिआत्मविश्वासी वाले लड़कों को लड़कियां तुरंत पहचान लेती हैं और सोचती हैं, "बस देखने में हैंडसम है, पर एटीट्यूड बहुत है।" ऐसी स्थिति में आकर्षण की जगह दूरी बन जाती है।

# भीषण गर्मी में घर वालों को बनाकर पिलाएं ठंडा-ठंडा आम पन्ना, ये हैं बनाने के अलग-अलग तरीके

गर्मी के मौसम में यदि आप अपनी सेहत का सही से ध्यान नहीं रखेंगे तो इससे कई बीमारियां आपको जकड़ने लगेंगी। यही वजह है कि इस मौसम में लोग अपने पहनावे से लेकर खान-पान तक में बदलाव कर लेते हैं। सभी डॉक्टर्स का कहना होता है कि लोगों को इस मौसम में ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिसके सेवन से शरीर हाइड्रेट रहे।



इसी के चलते हम आपको यहां आम पन्ना बनाने की तीन आसान विधियां बताने जा रहे हैं। ये आपको न सिर्फ लू से बचाता है बल्कि शरीर को डिटॉक्स करता है, पाचन सुधारता है और तुरंत ताजगी देता है। वैसे तो आम पन्ना बनाना काफी आसान है, लेकिन यदि आप इसे हमारी बताई विधि से आम पन्ना बनाएंगे तो ये और भी स्वादिष्ट बनेगा। तो चलिए बिना देर किए आपको आम पन्ना बनाने की तीन आसान विधियां बताते हैं।

**खट्टा-मीठा आम पन्ना बनाने का सामान**

इसे बनाने के लिए आपको 2 कच्चे आम, कप चीनी, 1 चम्मच भुना जीरा, काला नमक स्वादानुसार की जरूरत पड़ेगी।

विधि

क्लासिक आम पन्ना बनाने के लिए सबसे पहले आम को उबालकर ठंडा होने दें और फिर इसी छील लें। अब इसका गूदा निकालकर इसे मिक्सी में चीनी, नमक और मसालों के साथ ब्लेंड करें। आखिर में इसमें पानी डालकर थोड़ा पतला करें और ठंडा करने के बाद सर्व करें।

## मसालेदार आम पन्ना

इसे बनाने के लिए 2 कच्चे आम, छोटा चम्मच काली मिर्च, 1 चम्मच भुना जीरा, काला नमक, पुदीना की पत्तियां और गुड़ या चीनी की जरूरत पड़ेगी।



विधि

मसालेदार आम पन्ना बनाने के लिए आम को उबालकर गूदा निकालें। अब इसमें पुदीना, मसाले और मीठा मिलाकर पीसें। इसके बाद इन सभी चीजों को पानी में मिक्स करें और ठंडा-ठंडा परोसें। ठंडा करने के लिए इसे आप फ्रिज में रख सकते हैं।

## मिंट फ्लेवर आम पन्ना

इसे बनाने के लिए आपको 2 कच्चे आम, कप चीनी, पुदीना पत्ते, नींबू का रस, काला नमक और जीरा पाउडर की जरूरत पड़ेगी।

विधि

मिंट फ्लेवर आम पन्ना बनाने के लिए सबसे पहले उबले हुए आम के गूदे में पुदीना और मसाले मिलाएं। अब इसे मिक्सी में ब्लेंड करें और फिर पानी डालकर ठंडा परोसें। ऊपर से नींबू का रस मिलाएं। इसे ठंडा ही परोसना ज्यादा अच्छा लगता है।



# बेटी नहीं करना चाहती है शादी? लड़कियां विवाह से क्यों दूर भागती हैं



आज के दौर में लड़कियों की सोच और जीवन के प्रति उनका नजरिया तेजी से बदल रहा है। जहां कभी शादी जीवन का सबसे बड़ा और अहम पड़ाव होता था, वहीं अब कई बेटियां अपने करियर, आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्राथमिकता देने लगी हैं। पहले माता-पिता जब बेटियों के लिए रिश्ते तलाशते या उनकी शादी तय करते तो लड़कियां राजी खुशी शादी के लिए तैयार हो जाया करती थीं। आज के दौर में बदलाव आया है। अब जहां माता पिता शादी को लेकर अपनी बेटी की राय जानने की इच्छा रखते हैं, वहीं लड़कियां भी शादी न करने की बात सीधे तौर पर कह जाती हैं।

वैसे तो शादी हर लड़की का व्यक्तिगत फैसला होता है लेकिन अधिकतर मामलों में देखने को मिल रहा है कि लड़कियां शादी से दूर भागने लगी हैं। वह शादी न करने की अपनी इच्छा को लेकर काफी गंभीर होती है। इसके कुछ कारण भी हो सकते हैं। अगर आपकी बेटी या किसी जान-पहचान की लड़की शादी को लेकर अनिच्छुक है, तो उसके पीछे कुछ गहरी और जायज वजहें हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि आजकल लड़कियां शादी करने से क्यों कतराती हैं, इसके कारण क्या हैं ताकि माता पिता लड़कियों पर विवाह का दबाव बनाने के बजाए उनकी सोच को समझ पाएं।

**करियर और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता**

आज के जमाने की लड़कियां करियर को मजबूत बनाना चाहती हैं। वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। शादी के बाद पारिवारिक जिम्मेदारियों और करियर के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती हो सकता है जो लड़कियों को उनके लक्ष्य से भटका सकता है। इस कारण लड़कियां शादी के फैसले को लेकर हिचकिचाहट महसूस करती हैं।

**असफल शादियों के उदाहरण और डर**

कई बार लड़कियां अपने आसपास के रिश्तेदारों, दोस्तों या समाज में टूटते रिश्ते, तलाक और घरेलू हिंसा जैसे उदाहरण देख कर शादी से भयभीत हो जाती है। वे नहीं चाहतीं कि जल्दबाजी या दबाव में शादी करने के बाद उन्हें भी ऐसी स्थिति का सामना करें।

**सही जीवनसाथी न मिलना**

कई बार लड़की को ऐसा जीवनसाथी नहीं मिल पाता जो उसके विचारों, मूल्यों और जीवन शैली से मेल खाता हो। गलत समझौता करने के बजाय वे सिंगल रहना ज्यादा बेहतर समझती हैं।

**मानसिक तैयार न होना**

शादी एक बड़ा फैसला है जिसके लिए भावनात्मक और मानसिक रूप से तैयार होना जरूरी है। अगर लड़की को लगता है कि वह इस जिम्मेदारी के लिए अभी तैयार नहीं है तो वह इससे दूरी बनाए रखती है।

**व्यक्तिगत स्वतंत्रता का महत्व**

कई युवतियां महसूस करती हैं कि शादी के बाद उनकी स्वतंत्रता पर अंकुश लग सकता है। जैसे समय का बंधन, फैसलों में दूसरे की राय, पारिवारिक अपेक्षाएं आदि। वे बिना किसी बंधन के अपने मनमुताबिक जीवन जीना चाहती हैं, इसलिए शादी नहीं करना चाहतीं।

**माता-पिता को क्या करना चाहिए**

अगर आपकी बेटी शादी के लिए मना कर रही है तो अभिभावकों को चाहिए कि वह उसपर दबाव न डालें, बल्कि बेटी के विचारों को समझने की कोशिश करें। सबसे पहले तो,

बेटी से बातचीत करें।

विवाह न करने के पीछे बेटी के कारणों के बारे में पता लगाएं। बेटी की भावनाएं समझें और उनकी बातों को गंभीरता से सुनें।

शादी के लिए जबरदस्ती न करें या ताना न दें, बल्कि उसे समय दें।

अपनी बेटी पर विश्वास बनाए रखें और खुद पर भी उनका विश्वास कायम रखते हुए उन्हें यकीन दिलाएं कि उसके फैसले में परिवार साथ है।

बेटी को सही साथी मिले तो उसे समझदारी से निर्णय लेने में मार्गदर्शन करें।

समाज की परवाह न करें। रिश्तेदारों या समाज के तानों से ज्यादा बेटी की खुशी और भलाई को महत्व दें।





# ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीनी माल की फजीहत का सबसे बड़ा संकेत, 'मेड इन इंडिया' का बजा डंका



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। आज शेयर बाजार में कुछ अलग ही रंग देखने को मिला। एक तरफ चीन के डिफेंस स्टॉक्स में गिरावट आई तो दूसरी तरफ भारत के डिफेंस स्टॉक्स में उछाल देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेड इन इंडिया' डिफेंस उपकरणों पर जोर दिया है। इसके बाद एचएएल, बीडीएल, बीईएल और एमडीएल जैसे भारतीय डिफेंस स्टॉक्स में तेजी आई। चीन की बात करें तो चीन स्टेट शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन और झुझोऊ होंगडा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्प लिमिटेड के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, भारत में पीएम मोदी के आत्मनिर्भरता पर जोर देने के बाद डिफेंस स्टॉक्स में दौड़ पड़े। पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई नीति के बारे में साफ संदेश दिया है। उन्होंने कह दिया है कि भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग बर्दाश्त नहीं करेगा। घर में घुसकर मारेगा। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पिनपॉइंट टारगेट सेट किए गए थे। भारत ने इसमें 100 फीसदी सफलता हासिल की। इसके बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की। इसमें चीन के हथियारों के इस्तेमाल की बात भी सामने आई है। पाकिस्तान के आर्सनल में 80 फीसदी से ज्यादा चीनी हथियार हैं। भारत-पाकिस्तान संघर्ष में ये पूरी तरह फुस्स साबित हुए। आज चीन के डिफेंस स्टॉक्स में गिरावट से इसका सबूत मिलता है। चाइना स्टेट शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन के शेयर 4% से ज्यादा गिर गए। यह कंपनी मिलिट्री और सिविलियन जहाज बनाती है। मिलिट्री इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट बनाने वाली झुझोऊ होंगडा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्प लिमिटेड के शेयरों में भी 6% से ज्यादा की गिरावट आई। इसी तरह चीनी जेट जे-10सी और जे-17 बनाने वाली कंपनी एविक चेंगदू एयरक्राफ्ट कंपनी लिमिटेड के शेयर 9% तक लुढ़क गए। चाइना एवियोनिक्स सिस्टम्स कंपनी लिमिटेड के शेयरों में 1.91% की गिरावट आई। पाकिस्तान ज्यादातर डिफेंस उपकरण इम्पोर्ट करता है। इसमें जे-10सी फाइटर जेट भी शामिल हैं। 2019-2023 के बीच पाकिस्तान के इम्पोर्ट में 82% हिस्सा चीन का था। जबकि 2009-2012 के दौरान यह आंकड़ा 51% था।इसके उलट, भारत के डिफेंस स्टॉक्स में आज तेजी देखने को मिली।

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1200 से ज्यादा अंक गिरा, निफ्टी 24600 के नीचे

नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के एक दिन बाद मंगलवार को बड़ी गिरावट रही। बेंचमार्क सेंसेक्स 1,282 अंक गिर गया। जबकि एनएसई निफ्टी 346.35 अंक या 1.39 प्रतिशत गिरकर 24,578.35 अंक पर आ गया। भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बीच जारी तनाव और अमेरिका-चीन के बीच हुए समझौतों के बाद शेयर बाजार में गिरावट के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,281.68 अंक या 1.55 प्रतिशत गिरकर 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। इसमें से 25 शेयर नुकसान में और पांच शेयर लाभ में बंद हुए। कारोबार के दौरान यह 1,386.21 अंक या 1.68 प्रतिशत गिरकर 81,043.69 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में सबसे ज्यादा 3.54 फीसदी की गिरावट आई। जबकि पावर ग्रिड में 3.4 फीसदी, इटरनल में 3.38 फीसदी, एचसीएल टेक में 2.94 फीसदी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.88 फीसदी और भारती एयरटेल में 2.74 फीसदी की गिरावट आई। इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, मारुति, टाटा मोटर्स और एमएंडएम भी पिछड़ गए। सन फार्मा, अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में लाभ रहा। क्षेत्रीय सूचकांकों में बीएसई फोकस्ड आईटी में 2.44 प्रतिशत, टेक (2.39 प्रतिशत), आईटी (2.21 प्रतिशत), यूटिलिटीज (1.35 प्रतिशत), पावर (1 प्रतिशत), धातु (0.95 प्रतिशत) तथा तेल एवं गैस (0.95 प्रतिशत) में गिरावट आई। स्वास्थ्य सेवा, औद्योगिक, पूंजीगत सामान, सेवा और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में लाभ रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली देखी गई। इसके चलते आईटी, एफएमसीजी और ऑटो क्षेत्र सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि सोमवार की तेजी के बाद घरेलू बाजार में मुनाफावसूली देखी गई। व्यापार युद्ध तनाव और भारत-पाक भू-राजनीतिक तनाव में कमी सहित वैश्विक और घरेलू जोखिमों में कमी से राहत-प्रेरित उछाल में राहत मिलती दिख रही है। इससे पहले सोमवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांकों ने आसमान छूए। बाजार की बढ़त को अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध के नरम पड़ने का भी फायदा मिला था। दोनों देश इस समझौते पर पहुंचे हैं कि वे 90 दिनों की शुरुआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और काउंटर टैरिफ वापस ले लेंगे। इस बीच चीन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत कर लगाएगा।एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स सकारात्मक दायरे में बंद हुए। जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार अधिकतर तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार में काफी तेजी रही। नैस्डैक कंपोजिट में 4.35 प्रतिशत, एसएंडपी 500 में 3.26 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 2.81 प्रतिशत की तेजी आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत बढ़कर 65.17 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने एक दिन की राहत के बाद सोमवार को 1,246.48 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सोना 1,268 बढ़कर 94,344 पर पहुंचा

## इस साल 18,182 महंगा हो चुका है; चांदी 96,820 किलो बिक रही



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 13 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,268 बढ़कर 94,344 पर पहुंच गया है। कल सोने की कीमत 93,076 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 1,094 बढ़कर 96,820 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,726 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,770 रुपए है।

**मुंबई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,620 रुपए है।

**कोलकाता** : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 87,650 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 95,620 रुपए है।

**चेन्नई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,620 रुपए है।

**भोपाल** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 88,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 96,930 रुपए है।

**इस साल अब तक 18,182 रुपए महंगा हो चुका है सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 18,182 रुपए बढ़कर 94,344 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 10,803 रुपए बढ़कर 96,820 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**साल के आखिर तक 1.10 लाख तक जा सकता है सोना**

इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है।

# आम जनता को मिली बड़ी राहत, 6 साल में सबसे कम महंगाई



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। देश की जनता को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत मिली है। सरकार की ओर से जारी किए गए रिटेल महंगाई के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में घटकर अब 3.16 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले मार्च में रिटेल महंगाई दर में गिरावट आई थी। वहीं पांच महीने के निचले स्तर पर 3.34 प्रतिशत पहुंच गई थी। अप्रैल में महंगाई में गिरावट आने का सबसे मुख्य कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी आना है।

**6 साल में सबसे कम हुई महंगाई**

खुदरा महंगाई की दर अप्रैल में घटकर 3.16 प्रतिशत रह गई है, जो करीब 6 साल में सबसे निचला स्तर है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि सब्जियों, फलों, दालों और दूसरे प्रोटीन रिच खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी है। बता दें, ये आंकड़ा रिजर्व बैंक की तय सीमा के अंदर है। जिसके कारण आर्थिक हालात स्थिर बनी हुई है।

**अप्रैल 2024 में यह 4.83 प्रतिशत थी**

मार्च के महीने में खुदरा महंगाई दर 3.34 प्रतिशत थी, जबकि अप्रैल 2024 में यह 4.83 प्रतिशत थी। इससे पहले जुलाई 2019 में यह दर 3.15 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इसमें सबसे खास बात यह है कि अप्रैल 2025 में खाद्य महंगाई सिर्फ 1.78 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में ये 2.69 प्रतिशत और एक साल पहले की बात करें तो अप्रैल 2024 में 8.7 प्रतिशत थी।

**ट्रांसपोर्टेशन और टेलीकॉम में महंगाई दर**

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल के महीने में जहां स्वास्थ्य महंगाई दर 4.25 फीसदी रही, वहीं मार्च में यह 4.26 प्रतिशत थी। इसका मतलब ये हुआ कि ये लगभग फ्लैट ही रहा है। इसके अलावा ट्रांसपोर्टेशन और टेलीकॉम में महंगाई दर 3.73 फीसदी दर्ज की गई है। इसमें मार्च की तुलना में इजाफा देखने को मिला है। मार्च 2025 में ये आंकड़ा 3,36 फीसदी था। इसके अलावा ईंधन और बिजली की महंगाई में तेज बढ़ोतरी आई है और ये मार्च में 1.42 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर अप्रैल के महीने में 2.92 फीसदी तक पहुंच गई है।

# गेल ने तोड़ दिए कमाई के सारे रेकॉर्ड

## कमाया अब तक का सबसे ज्यादा प्रॉफिट

नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। सरकारी गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने आज अपना चौथी तिमाही का रिजल्ट जारी किया। कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 2025 में कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कंपनी ने इस दौरान सबसे अधिक एबिटा और प्रॉफिट दर्ज किया। ग्लोबल इकॉनमी की चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया।

कंपनी के बोर्ड ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1 रुपये का फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की है। यह 6.50 रुपये के अंतरिम डिविडेंड के अतिरिक्त है। कंपनी ने बताया कि फाइनेंशियल ईयर 2025 में उसका कैपेक्स 10,512 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान कंपनी के रेवेन्यू 1,37,288 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल 1,30,638 करोड़ रुपये था। इसी तरह कंपनी का एबिटा 19,168 करोड़ रुपये पहुंच गया जो फाइनेंशियल ईयर 2024 में 15,583 करोड़ रुपये था। कंपनी का प्रॉफिट बेफोर टैक्स 14,825 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल 11,555 करोड़ रुपये था। इसी तरह कंपनी का प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स फाइनेंशियल ईयर 2025 में 11,312 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल 8,836 करोड़ रुपये था।

**तिमाही-दर-तिमाही**

मार्च तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 35,707 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की समान तिमाही में 34,958 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी का एबिटा 3,783 करोड़ रुपये रहा जो पिछली तिमाही में 6,027 करोड़ रुपये था। इसी तरह कंपनी का प्रॉफिट बेफोर टैक्स 2,701 करोड़ रुपये रहा जो पिछली तिमाही में 5,029 करोड़ रुपये थी। कंपनी का प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स मार्च तिमाही में 2,049 करोड़ रुपये रहा जो पिछली तिमाही में 3,867 करोड़ रुपये था।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- | मेष मे |
| चंद्र- | वृश्चिक मे |
| मंगल | कर्क मे |
| बुध- | मेष मे |
| गुरु- | वृष मे |
| शुक्र- | मीन मे |
| शनि- | मीन मे |
| राहु- | मीन मे |
| केतु- | कन्या मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मेष--- | 04-06 बजे |
| वृष--- | 05-52 बजे |
| मिथुन.. | 07-52 बजे |
| कर्क--- | 10-04 बजे |
| सिंह--- | 12-15 बजे |
| कन्या-- | 14-22 बजे |
| तुला---- | 16-28 बजे |
| वृश्चिक-- | 18-37 बजे |
| धनु...... | 20-52 बजे |
| मकर... | 22-58 बजे |
| कुंभ.... | 00-46 बजे |
| मीन.... | 02-26 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
सूर्योदय 05-48
सूर्यास्त 18-36
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
दिशाशूल - उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया 02-29 तक उपरान्त तृतीया
मास - ज्येष्ठ कृष्ण , बुधवार 14 May
नक्षत्र - अनुराधा 11-46 तक उपरान्त ज्येष्ठा
योग - परिघ 06-33 तक उप शिव
करण- तैतिल 13-34 तक गर
विशेष.- श्री नारद ज. वृष मे सूर्य
व्रत -त्योहार - मिथुन मे गुरु

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 12:13 से 13:49 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| लाभ | 05:48 - 07:22 | शुभ |
| अमृत | 07:22 - 08:59 | शुभ |
| काल | 08:59 - 10:36 | अशुभ |
| शुभ. | 10:36 - 12:13 | शुभ |
| रोग. | 12:13 - 13:49 | अशुभ |
| उत्पात | 13:49 - 15:26 | अशुभ |
| चंचल | 15:26 - 17:03 | शुभ |
| लाभ | 17:03 - 18:36 | शुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| उत्पात | 18:36 - 20:03 | अशुभ |
| शुभ | 20:03 - 21:26 | शुभ |
| अमृत. | 21:26 - 22:49 | शुभ |
| चंचल | 22:49 - 00:12 | शुभ |
| रोग | 00:12 - 01:36 | अशुभ |
| काल | 01:36 - 02:59 | अशुभ |
| लाभ | 02:59 - 04:22 | शुभ |
| उत्पात | 04:22 - 05:48 | अशुभ |

# शेयर बाजार की आंधी में, अडानी और अंबानी की मौज, एक ही दिन में कमा डाले 1,000 करोड़ डॉलर



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। शेयर बाजार में आई तेजी के चलते देश के बड़े कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अडानी को खूब फायदा हुआ। सोमवार के दिन भारतीय मार्केट सहित दुनियाभर के लगभग सभी बाजारों में तेजी देखने को मिली थी।

भारतीय बाजार का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 4 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ था, जिसका फायदा मुकेश अंबानी और गौतम अडानी को भी हुआ। दोनों ने एक दिन में ही 1,000 करोड़ डॉलर रुपये कमा लिए। दिलचस्प बात यह है कि गौतम अडानी कई दिनों के बाद फिर से टॉप 20 अमीरों की लिस्ट में आ गए। इंडेक्स के मुताबिक, सोमवार को मुकेश अंबानी की दौलत में 4.42 बिलियन यानी करीब 442 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ। वहीं, गौतम अडानी की नेटवर्थ में रिकॉर्ड 5.31 बिलियन की बढ़ोतरी देखी गई।

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद जहां एक ओर भारतीय बाजार में तेजी देखी गई। वहीं, दूसरी ओर अमेरिका और यूरोपीय मार्केट में भी रैली देखने को मिली। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क से लेकर लैरी एलिसन की संपत्ति में बढ़ोतरी देखी गई। एलन मस्क की संपत्ति में एक दिन में 14.5 बिलियन डॉलर की तेजी आई।

वहीं, जेफ बेजोस और मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में इजाफा हुआ। इसके साथ ही लैरी एलिसन को भी एक दिन में करीब 700 अरब डॉलर का मुनाफा हुआ।


**निवेशकों ने कमाए 16 लाख करोड़**

शेयर बाजार में सोमवार को आई रैली में निवेशकों की चांदी रही। छोटे निवेशकों से लेकर बड़े निवेशकों ने बढ़िया मुनाफा कमाया। मार्केट की तेजी में निवेशकों ने एक ही दिन में करीब 16 लाख करोड़ रुपये कमा डाले।

बीएसई सेंसेक्स 2,975.43 अंक यानी 3.74 फीसदी की बढ़त के साथ सात महीने के उच्चतम स्तर 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,041.5 अंक बढ़कर 82,495.97 अंक पर पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी में 916.70 अंक यानी 3.82 फीसदी की बढ़त देखी गई और यह 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी में 936.8 अंकों की बढ़त दर्ज की गई और यह 24,944.80 अंक पर पहुंच गया।

# टाटा मोटर्स का चौथी तिमाही में मुनाफा 51% कम हुआ

## रेवेन्यू 0 .53% बढ़कर 1.19 लाख करोड़ रहा,6 रुपए डिविडेंड देगी कंपनी




मुंबई, 13 मई (एजेंसियां)। ऑटोमोबाईल कंपनी टाटा मोटर्स को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 8,470 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 51.34% कम रहा है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 17,407 करोड़ रुपए था। जनवरी-मार्च तिमाही में ऑपरेशन से कंपनी का रेवेन्यू 1.19 लाख करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में टाटा मोटर्स ने 1.18 लाख करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। सालाना आधार पर यह 0.53% बढ़ा है। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है। टाटा मोटर्स ने आज मंगलवार (13 मई) को जनवरी-मार्च तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए हैं।चौथी तिमाही में टाटा मोटर्स की टोटल इनकम सालाना आधार पर 0.48% बढ़कर 1.21 लाख करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी की टोटल इनकम 1.20 लाख करोड़ रुपए रही थी।

**नतीजों में आम आदमी के लिए क्या?**

कंपनी ने वित्त-वर्ष 2024-25 के लिए हर शेयर पर 6 रुपए फाइनल डिविडेंड यानी लाभांश देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा अपने शेयरहोल्डर्स को देती हैं, इसे डिविडेंड या लाभांश कहा जाता है। नतीजों के पहले टाटा मोटर्स का शेयर आज 1.73% की गिरावट के साथ 708 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर एक महीने में 14% चढ़ा और 6 महीने में 10% गिरा है। एक साल में कंपनी का शेयर 26% गिरा है। टाटा मोटर्स का मार्केट कैप 2.61 लाख करोड़ रुपए है। कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कॉन्सोलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट या सेगमेंट का फाइनेंशियल परफॉर्मेंस दिखाया जाता है। जबकि, कॉन्सोलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी का डेटा जारी होता है। यहां, टाटा मोटर्स की जगुआर लैंड रोवर जैसी 100 से ज्यादा सब्सिडियरी और एसोसिएट कंपनियां हैं। इन सभी के फाइनेंशियल रिपोर्ट को मिलाकर कॉन्सोलिडेटेड कहा जाएगा। वहीं, अगर जगुआर लैंड रोवर के अलग रिजल्ट को स्टैंडअलोन कहा जाएगा।

# चौथी तिमाही में हीरो मोटोकॉर्प को 1,081 करोड़ का मुनाफा

## कमाई 5% बढ़कर 10,162 करोड़ पहुंची, 65 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देगी कंपनी

मुंबई, 13 मई (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी टू-व्हीलर मैन्युफैक्चरर हीरो मोटोकॉर्प प्रति शेयर 65 रुपए का डिविडेंड यानी लाभांश देगी। कंपनी ने यह जानकारी मंगलवार (13 मई) को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों के साथ दी।

हीरो ने बताया जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 1,081 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (स्टैंड अलोन नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 6.39% बढ़ा है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1,016 करोड़ रुपए था।

**हीरो मोटोकॉर्प की टोटल इनकम 5% बढ़ी**

चौथी तिमाही में हीरो मोटोकॉर्प की टोटल इनकम सालाना आधार पर 4.77% बढ़कर 10,162 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी की टोटल इनकम 9,699 करोड़ रुपए रही थी।

**उम्मीद के मुताबिक हैं कंपनी के नतीजे**

बाजार के जानकारों को उम्मीद थी कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में हीरो मोटोकॉर्प का मुनाफा करीब 1100 करोड़ रुपए होगा। इस हिसाब से देखा जाए तो कंपनी ने मार्केट विश्लेषकों की उम्मीद के मुताबिक परफॉर्म किया है।

इसका पॉजिटिव असर कंपनी के शेयरों पर आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है।

**स्टैंड अलोन नतीजों का मतलब केवल सेगमेंट का प्रदर्शन**

कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंड अलोन और कॉन्सोलिडेटेड। स्टैंड अलोन में केवल एक यूनिट या सेगमेंट का फाइनेंशियल परफॉर्मेंस दिखाया जाता है। जबकि, कॉन्सोलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी का डेटा जारी होता है।

**हीरो मोटोकॉर्प के शेयर का परफॉर्मेंस कैसा है?**

हीरो मोटोकॉर्प का शेयर आज 1.77% की तेजी के साथ 4,055 के स्तर पर बंद हुआ।

कंपनी का शेयर एक महीने में 6.61% चढ़ा है। जबकि, बीते 6 महीने में यह 10.27%, एक साल में 16.99% और इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 3.08% गिरा है। हीरो मोटोकॉर्प का मार्केट कैप 81,300 करोड़ रुपए है।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज कार्य क्षेत्र में आप किसी गलतफहमी का शिकार हो सकते है , लेकिन अपने सहकर्मियों की आलोचना न करे ।आप ग्रहों के प्रभाव की वजह से तनाव और गुस्से में आ सकते है और आप इसकी भड़ास अपने सहयोगियों पर निकाल सकते है । इसकी वजह से आपके कार्यस्थल में अनावश्यक और अतिरिक्त तनाव पैदा होगा।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
कुछ वित्त और कैरियर के विभिन्न अवसर आज आपके सामने आ सकते हैं और आप उन्हें लेने के लिए अभिभूत होंगे लेकिन थोड़ा उलझन भी महसूस कर सकते हैं की किस दिशा में जाये ।सावधान रहें की ये अनिर्णय आपको पंगु न बनाये । अगर आप सही दिशा में आगे बढ़ते है , तो यह पूरी तरह से आपके वित्तीय भविष्य को बदल सकता हैं।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
हाल ही में सह कर्मी आपसे ईर्ष्या के कारण असहयोगी रहे है ! लेकिन उनके सामने जोर से न चिल्लाये क्योकि ये अलग रूप में तोड़ मरोड़ कर आपके वरिष्ठ अधिकारियो तक बहुत चालाकी से पहुचाया जाएगा । बस कुछ समय के लिए ऐसे लोगों के साथ दूरी बनाए रखें। आपको आज कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
संतुलन बनाना आज का प्रमुख विषय रहेगा और आप अपनी आय और व्यय के बीच एक संतुलन हासिल करने की कोशिश करेंगे । आप अपनी आय के पूरक के लिए एक दूसरी नौकरी की तलाश शुरू कर सकते है और आज आपको एक बहुत अच्छा अवसर मिलने की संभावना है। साथ ही साथ आप अपने व्यय को भी नियंत्रित करने के लिए खर्चो पर लगाम लगाएंगे ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आज का दिन सट्टा उद्यम के लिए उपयुक्त है पर बिना सोचे समझे कोई निर्णय न ले । अगर आप गणना करके जोखिम लेंगे तो लाभ में रहेंगे परन्तु याद रखे अज्ञानता में लिए गया फैसला नुकसान दिला सकता है इसलिए फिलहाल लाटरी के मकड़जाल में न फसे । बिना सोचे समझे सट्टा खेलना या निवेश करना हानिकारक है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आप आत्मविश्वास और सकारात्मक रहेंगे । आज किसी भी साक्षात्कार या ग्राहक के साथ किसी भी सौदे को तय करने के लिए एक अच्छा दिन है। आपको आज एक अछा लाभ मिल सकता है । आप दिन के उत्तरार्ध में किसी कार्य को लेकर कुछ अटक सकते है। कल के लिए मनोरंजन या मनोरंजन के लिए अपनी योजनाओं को स्थगित करे एवं अपने सहयोगी से आज मदद ले ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आपने अपने व्यक्तिगत काम में व्यस्त होने के कारण अपने पेशेवर कार्यो को कुछ समय के लिए अधर में लटका दिया था , लेकिन लोगों को कार्यस्थल पर आपकी बुरी तरह से आवश्यकता है , हालाँकि अगर आप ई-मेल पर संदेश या फोन पर जवाब न दें पाये तो इसमें कोई बुराई नहीं है ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज के दिन उधार दिए हुए पैसे आपको वापस मिल सकते है । आज के दिन आप एक ऐसे व्यक्ति से भी मिल सकते है जिसे आप पहले से जानते हो और वो आपकी काफी हद तक आपकी भविष्य में आय को बढाने में मदद कर सकता है और यहाँ तक की ये व्यक्ति आपको अच्छी आय वाली नौकरी दिलाने में भी मदद कर सकता है।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
अपनी नौकरी के क्षेत्र मैं बदलाव लाने का ये उपयुक्त समय है । अगर आप नौकरी से सम्बंधित किसी दुविधा में थे तो ये समय नौकरी में परिवर्तन लाने का समय है जो की आपको उचित दिशा में ले जाएगा और आपके लिए फायदेमंद होगा । इस उपरांत अगर आपको कुछ जोखिम लेना पड़े तो न सोचे क्योकि यह जोखिम ही आपको अंत में मददगार साबित होगा ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
हालाँकि की आज आप अपने सभी कार्यों को जल्द पूरा करने में बहुत ज्यादा सक्षम हैं लेकिन आप अपने में बेचैनी , असावधानी और सुस्ती महसूस करेंगे और नतीजतन अधिक समय होने के बावजूद आपका बकाया कार्य और जिम्मेदारियां बढ़ती हुई चली जाएंगी । एक दिन की छुट्टी लेना इस का उपाय है ताकि अगले दिन आप तरोताजा महसूस करे ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आपका ध्यान आज भटकने की संभावना है , हालाँकि आपका कार्य जमा होता जा रहा है, लेकिन आपका ध्यान अनुत्पादक गतिविधियों में लिप्त रहेगा , लेकिन फिर भी आपको आराम करने का अवसर नहीं मिल पायेगा क्योंकि जागरूकता और चिंता हमेशा आपके मन पर हावी रहेगी की आपका कार्य अभी अधूरा है ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आप की भावना अदम्य है, इसलिए आप अपनी क्षमता को दुसरो को आगे बढ़ने में समर्पित करे और चीजों को व्यवस्थित एवं संगठित करे । इससे आप अपनी कठोर मेहनत के बल पर मान्यता और प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे । आपके व्यय में वृद्धि हो सकती है , इसलिए अपने खर्चे और निवेश को कम करे ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# खरोरा हादसे में अपनों को खोने का दर्द

## पिता बोले- बाइक से ले जाता तो बेटा बच जाता, एक परिवार के 7 समेत 13 मौतें





विक्रम

रायपुर, 13 मई (एक्सक्लूसिव डेस्क)। मेरा बेटा एकलव्य (6 साल) मेरे साथ बाइक से घर आना चाहता था। मैंने उससे कहा नहीं मम्मी के साथ आना। इसके बाद रात करीब 10 बजे मैं और परिवार के कुछ लोग बाइक से चटौद आ गए। डेढ़ घंटे बाद खबर आई कि जिस माजदा से मेरा परिवार लौट रहा था, उसका एक्सीडेंट हो गया। मैं तुरंत मौके पर पहुंचा। चारों तरफ लाशें थीं। बॉडी पाट्‌र्स इधर-उधर बिखरे थे। मैंने लाशों को पलट-पलटकर देखना शुरू किया। पहला शव जो हाथ में आया वो मेरे बेटे का था।

सोमवार दोपहर करीब दो बजे हम मोहंदी पहुंचे। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ था। पता चला कि सभी लोग श्मशान घाट गए हुए हैं। हम भी मौके पर पहुंचे। यहां मौजूद सभी की आंखें नम थीं। लोग आपस में हादसे के बारे में ही बात कर रहे थे।

स्थानीय विधायक अनुज शर्मा भी मौके पर पहुंचे। एक ग्रामीण ने बताया कि सप्ताह भर पहले ही विक्रम के छोटे भाई दुर्गेश (चाचा का बेटा) की शादी हुई थी।

पूरे गांव में खुशियां थी। छठी के बाद पूरे मेहमान भी वापस नहीं लौटे थे। इस बीच ये हादसा हो गया। विक्रम ने बताया कि परिवार के करीब 20 लोग छठी के कार्यक्रम में चटौद से बाना गए थे। मैं और घर के कुल 13 लोग अलग-अलग बाइक से गए थे।

महिला और बच्चे माजदा (मिनी ट्रक) से गए। हादसे में सिर्फ मेरी पत्नी मनीषा ही बची। जो सदमे में हैं। मनीषा के सामने ही उसके 6 साल के बेटे ने दम तोड़ दिया।



मोहंदी से कुछ आठ-दस किलोमीटर दूर चटौद गांव हैं। इसी गांव में साहू समाज के लोग छठी कार्यक्रम में शामिल होने बाना के लिए निकले थे। इस गांव से सास-बहू समेत तीन महिलाओं की हादसे में मौत हुई है। जब तक हम पहुंचे तीनों का अंतिम संस्कार किया जा चुका था। इसके बाद हम गांव के भीतर गए, शोक पत्र बांट रहा एक ग्रामीण हमें पीड़ित परिवार के घर लेकर गया।

हादसे में पत्नी और बहू को खोने वाले मोतीराम साहू ने बताया कि कुंती (पत्नी) से आखिरी बार फोन पर बातचीत हुई थी। उसने बोला था कि कार्यक्रम से देर रात तक वापस लौटेंगे। आप सो जाना। इसके बाद मैं आंगन में ही सो गया।

नींद नहीं आ रही थी। सोचा था, बहू और पत्नी आएंगे तो दरवाजा खोल दूंगा। हादसे की जानकारी मुझे रात को ही लग गई थी। मुझे बताया गया था कि कुंती और बहू टिकेश्वरी सेफ हैं।

कीर्ति के हर्षित (5 साल) और (भव्य) 3 साल के दो छोटे बच्चे हैं। ये दोनों भी मां और दादी के साथ छठी के कार्यक्रम में बाना गए हुए थे। दोनों को हादसे में चोट आई है। रायपुर के डीकेएस में इलाज चल रहा है, फिलहाल खतरे के बाहर हैं। इन दोनों को नहीं मालूम कि इनकी मां का देहांत हो गया है। मोतीराम कहते हैं कि सब कुछ समाप्त हो गया। समझ नहीं आ रहा बच्चों को आगे क्या बताएंगे, क्या कहेंगे, कैसे संभालेंगे?

मोतीराम के घर के बगल में ही बीरझा साहू (60साल) का घर है। ये भी उस माजदा में सवार थी, जिसका एक्सीडेंट हुआ। बहू भी साथ ही बैठी हुई थी। बीरझा बताती हैं कि माजदा और ट्रेलर की टक्कर के बाद बहुत सारे लोग दूर जा गिरे। मेरे सामने मेरी बहू कीर्ति साहू (37 साल) बैठी हुई थी। वो सड़क किनारे खेत में जा गिरी। थोड़ी देर में बहू को एम्बुलेंस में डालकर ले गए।

हादसे में महिमा साहू(18साल), वर्षा साहू(27 साल) और राजबती साहू (60साल) इन तीन महिलाओं की भी मौत गई। तीनों का अंतिम संस्कार खरोरा, बेरला और मंदिरहसौद में किया गया।

# तेज हवाओं के साथ बारिश

## कोरबा में बिजली गिरने से 3 बच्चे चपेट में आए, 2 गंभीर, 31 जिलों में अलर्ट

रायपुर, 13 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ फिर से मौसम का मिजाज बदला है। रायपुर में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ दोपहर में बारिश हुई। इधर कोरबा जिले के कुरुडीह गांव में सोमवार की शाम बिजली गिरने से 3 बच्चे चपेट में आ गए।

तीनों गांव के ही तालाब के पास मौजूद थे। मनीष कश्यप (14 साल) और लोकेश कुमार (13 साल) गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं एक को थोड़ी देर बाद होश आ गया।

सूचना मिलते ही 112 की मदद से घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि मौसम विभाग ने रायपुर-दुर्ग, बिलासपुर समेत 31 जिलों में 3 दिन आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

रायपुर में सुबह से बादल छाए हैं। दोपहर के बाद प्रदेश के कुछ हिस्सों में 40-60 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है। 15 मई तक ऐसी ही स्थिति रहेगी। उसके बाद तापमान 2-3 डिग्री तक बढ़ेगा। 42 डिग्री के साथ सोमवार को दुर्ग सबसे गर्म रहा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के साथ दक्षिण-पश्चिम उत्तरप्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। बारिश के इन दोनों स्ट्रॉन्ग सिस्टम के एक्टिव होने से छत्तीसगढ़ में आंधी-बारिश की स्थिति बन रही है।



12 मई को दुर्ग में टेम्प्रेचर 42.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में दिन का सबसे गर्म स्थान रहा। बिलासपुर में 41.6°सी, बलौदाबाजार में 40.1°सी, और रायपुर में 41.3°सी तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक था। कोरबा, रायगढ़, दंतेवाड़ा और कोरिया समेत कुछ जिलों में तापमान में हल्की गिरावट देखी गई, लेकिन सरगुजा और सूरजपुर में तापमान में 1.5°सी ज्यादा रहा।

पश्चिमी विक्षोभ कैस्पियन या भूमध्य सागर से बनने वाले तूफान होते हैं। ये भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में बारिश और ठंड लाने का काम करते हैं। असल में ये हवाएं बर्फीली होती हैं, जो अपने साथ नमी लेकर आती हैं।

पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर से निकलती हैं। इसके बाद ये ईरान, इराक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से होते हुए सीधा भारत पहुंचती हैं। यहां पहुंचते ही यह मैदानी इलाकों में अपना असर दिखाने लगती हैं।

मई में हो रही बारिश कोई नई बात नहीं है। आमतौर पर मई में तेज बारिश और अंधड़ की स्थिति बनती ही है।

# सीबीएसई 12वीं रिजल्ट प्रगति को 98.5% मार्क्स

## काव्य को 98 .5% और आर्ची के आए 98 परसेंट महासमुंद के जुड़वां भाइयों को 90% अंक मिले



प्रगति अग्रवाल



काव्य अग्रवाल



आर्ची पटेल

रायपुर, 13 मई (एजेंसियां)। सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ से प्रगति अग्रवाल को सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। प्रगति ने 98.5 परसेंट अंक प्राप्त किए हैं। वहीं टॉप 5 की बात करें तो 4 लड़कियां और 1 लड़का शामिल है।

इनमें काव्य अग्रवाल 98.25 परसेंट, आर्ची पटेल को 98 परसेंट, इशिका अग्रवाल को 97.50 परसेंट, आद्या अग्रवाल को 97.25 और पूर्वी पारख को 97 परसेंट अंक मिले हैं।

छत्तीसगढ़ के छात्रों का ओवरऑल पास प्रतिशत 82.17% रहा है। सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए कुल 31,911 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 31,711 स्टूडेंट्स ने एग्जाम में हिस्सा लिया। इनमें 16,696 लड़के और 15,015 लड़कियां शामिल थीं।

सीबीएसई 12वीं बोर्ड रिजल्ट में छात्रों को मिले अंकों की बात करें तो रायपुर की पूर्वी नितेश पटेल को 97.4 प्रतिशत मिले हैं। कबीर नगर के आदित्य प्रकाश गिरी को 92.89% अंक, अश्वनी नगर, रायपुर के सिद्धार्थ शर्मा को 92.4% अंक और रायपुर की वेदिका गर्ग को 91.20% अंक मिले हैं।

वहीं भिलाई के अधिमय सोनी ने 91.8% अंक हासिल किए हैं। वहीं महासमुंद के चंद्रकांत साहू और चंद्रहास साहू को 90 परसेंट से ज्यादा अंक मिले हैं। दोनों जुड़वां भाई हैं।

# स्कूली छात्रा का अबॉर्शन कराने हाईकोर्ट ने दी अनुमति

## 16 साल की लड़की को बहलाकर ले गया युवक, प्रेग्नेंट होने पर हाईकोर्ट में लगाई याचिका

बिलासपुर, 13 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की रेप पीड़ित स्कूली छात्रा का हाईकोर्ट ने अबॉर्शन कराने का आदेश दिया है। इससे पहले जस्टिस एके प्रसाद ने उसका मेडिकल कराने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने उसे उसका अबॉर्शन कराने की अनुमति दे दी। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने रेप के आरोपी को सजा दिलाने के लिए उसका भ्रूण सुरक्षित रखने कहा है।

दरअसल, 16 साल की लड़की को युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। करीब साल भर पहले पहले छात्रा के स्कूल जाते समय आरोपी युवक उसे बहला करने अपने साथ ले गया। छात्रा उसकी बातों में की बातों में आकर साथ चली गई। इस दौरान युवक ने उसके साथ रेप किया। इधर, छात्रा के गायब होने पर परेशान परिजन उसकी तलाश करते रहे। वहीं, परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने छात्रा और युवक की तलाश शुरू कर दी।

**छात्रा के बयान के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया केस**

पुलिस ने उसकी खोजबीन की, तब वह आरोपी युवक के साथ मिल गई। इस दौरान पुलिस ने छात्रा का बयान दर्ज किया, तब यौन शोषण करने का मामला उजागर हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**मेडिकल रिपोर्ट में पता चला प्रेग्नेंट हो गई है छात्रा**

केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जब छात्रा का मेडिकल कराया, तब पता चला कि वो प्रेग्नेंट हो गई है। मेडिकल रिपोर्ट में 10 सप्ताह 4 दिन की गर्भावस्था पाई गई। पीड़िता की उम्र और केस लंबित होने के कारण डॉक्टरों को गर्भपात की अनुमति नहीं दी। इधर, गर्भ बढ़ने से पीड़िता को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें होने लगी। डॉक्टरों ने सलाह दी कि तत्काल ऑपरेशन नहीं हुआ तो उसकी जान को खतरा हो सकता है।

**अबॉर्शन कराने हाईकोर्ट में लगाई याचिका**

जिससे परेशान होकर छात्रा और परिजन ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने छात्रा का मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा, जिसके बाद राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कोर्ट के आदेश के बाद सीएमएचओ ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि पीड़िता का गर्भपात किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट पहले ही सुचिता श्रीवास्तव बनाम चंडीगढ़ प्रशासन समेत अन्य कई केस में ऐसा निर्णय दे चुका है।

रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने सीएमएचओ को पीड़िता का गर्भपात कराने का आदेश दिया है। पीड़िता को उसकी मां या कानूनी अभिभावक के साथ जिला अस्पताल में उपस्थित होने को कहा गया है। डॉक्टरों की टीम पीड़िता की दोबारा जांच करेगी। यदि वह मानसिक और शारीरिक रूप से गर्भपात के लिए सक्षम पाई जाती है तो ऑपरेशन किया जाएगा। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कर पूरी सहायता दी जाएगी।

**भ्रूण का सैंपल लेकर रखना होगा सुरक्षित**

भ्रूण का डीएनए नमूना लिया जाएगा। इसे पॉक्सो एक्ट 2020 के नियम 6(6) के तहत साक्ष्य के रूप में सुरक्षित किया जाएगा। आरोपी के खिलाफ केस अभी लंबित है।

यह प्रक्रिया बिना देरी के पूरी की जाएगी। सीएमएचओ को निर्देश दिया गया है कि वे खुद मामले की निगरानी करें। कोर्ट ने कहा है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट, 1971 की धारा 5ए के तहत पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाए।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

## ग्रामीणों ने भाग रहे चालक और ट्रक को पकड़ा, बेटी के घर जाते वक्त हुआ हादसा

गिरिडीह, 13 मई (एजेंसियां)। धनबाद-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर वनांचल कॉलेज के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सरिया थाना क्षेत्र के फकीरा पहरी निवासी शंभू पांडेय (55) अपनी बेटी के घर पूर्णानगर जा रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने भागते हुए ट्रक और चालक को पकड़ लिया। मुफ्फसिल थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घायल शंभू पांडेय को सदर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें धनबाद रेफर किया गया। हालांकि, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इधर, ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस जगह पर सड़क दुर्घटना हुई है, वह अत्यंत व्यस्त मार्ग है।

चूंकि आसपास का इलाका इंडस्ट्रियल है। इसलिए वहां आम आदमी को चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त मार्ग पर प्रशासन को स्पीड ब्रेकर का निर्माण के साथ दुर्घटना की रोक थाम के आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए। इससे भविष्य में ऐसे घटनाओं की पुर्णावृति न हो।

# नाबालिग का अपहरण कर हैवानियत

गुमला, 13 मई (एजेंसियां)। झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र में छह युवकों ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसका बलात्कार किया। लड़की बेहोश हो गई तो युवकों ने उसे मरा समझकर जंगल में फेंक दिया। होश आने पर लड़की किसी तरह घर पहुंची। वारदात की एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने सभी छह आरोपियों को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में गुमला जिले के सुरसांग थाना क्षेत्र के सुरेंद्र नगेसिया, विमल कुमार और संजू राम और सिमडेगा जिले के पाकरटांड़ थाना क्षेत्र निवासी अर्पण रोशन सोरेंग, दिनेश तिर्की उर्फ नितिन और अमरदीप कुल्लू शामिल हैं। आरोपियों की उम्र 18 से 23 वर्ष के बीच है। बताया गया कि सुरसांग थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को एक वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित हो रहा था। गांव में सिमडेगा जिले से बारात आई थी। वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल चार लड़कियां रात करीब नौ बजे शौच के लिए एकांत इलाके में गईं तो छह लड़कों ने वहां पहुंचकर उनके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। तीन लड़कियां तो वहां से बचकर निकल गईं, लेकिन वे एक नाबालिग लड़की को उठाकर जंगल की ओर ले गए। सभी युवकों ने बारी-बारी से उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान लड़की बेहोश हो गई तो उन्होंने उसे जंगल में एक झाड़ी में फेंक दिया।

सुरसांग के थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू ने बताया कि रविवार को पीड़िता के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को अलग-अलग जगहों से पकड़ा। पकड़े गए युवकों ने जुर्म कबूल किया है। लड़की की मेडिकल जांच कराई गई है।

उधर, रांची में भी पुलिस ने यौन शोषण के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पिठौरिया थाने के प्रभारी ने बताया कि शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने और उसके बाद मुकर जाने की शिकायतों के आधार पर रातू थाना क्षेत्र के भोडा ग्राम निवासी सुफियान अंसारी और सतकनादू गांव निवासी सुनील मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# मोबाइल विवाद में दुल्हन के भाई की हत्या

## पांच नाबालिग समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

बालोद, 13 मई (एजेंसियां)। रानचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम चिचबोड़ में 19 वर्षीय युवक राम प्रसाद की हत्या के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें पांच नाबालिग और तीन बालिग शामिल हैं। सभी आरोपी राजनांदगांव जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जो बालोद में एक बारात में शामिल होने आए थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि हत्या का कारण मोबाइल और 500 रुपये को लेकर हुआ विवाद था। बरात में आए एक लड़के का मोबाइल गुम हो गया था, जिसे 500 रुपये देने के बाद वापस कर दिया गया। इसके बाद भी आरोपियों ने साजिश रचकर राम प्रसाद की चाकू, हाथ और मुक्कों से बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की।

बारातियों को ग्रामीणों ने रोक रखा था, जिससे पुलिस को घटनास्थल की बारीकी से जांच और आरोपियों को पकड़ने में आसानी हुई। मृतक राम प्रसाद दुल्हन के भाई का दोस्त था और शादी समारोह में शामिल था। हत्या के बाद शादी का माहौल मातम में बदल गया।

पुलिस को तुरंत सूचना दी गई, और शव को रात में ही मरच्यूरी में स्थानांतरित किया गया।

# बुजुर्ग मकान मालिक की हत्यारोपी महिला गिरफ्तार

बोकारो, 13 मई (एजेंसियां)। बोकारो निवासी कलिका राय (85) की हत्या मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। महिला उनके घर पर किराएदार थी। महिला ने पुलिस को बताया कि काफी समय से किराया बकाया होने के कारण मकान मालिक उसे कमरे में बुलाकर छेड़छाड़ करते थे। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि घटना वाली रात शनिवार को कलिका राय ने महिला को मछली देने के बहाने बुलाया और गलत हरकत करने का प्रयास किया। दरअसल, रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बोकारो स्टील सिटी थाना क्षेत्र के को-ऑपरेटिव सोसाइटी में मकान नंबर 192- ए के मालिक कलिका राय की हत्या कर दी गई है।

# बालोद में मानसून से पहले संकट

## नाली नहीं बनने से जलभराव बच्चे नहीं जा पाते स्कूल, ग्रामीण परेशान

बालोद, 13 मई (एजेंसियां)। बालोद जिले के बीटाल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के निर्माण के बाद से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सड़क किनारे नाली का निर्माण नहीं होने के कारण बारिश के मौसम में गांव तालाब में तब्दील हो जाता है। घरों में कमर तक पानी भर जाता है, जिससे ग्रामीणों का जीवन यापन मुश्किल हो गया है। मानसून नजदीक होने के साथ ही ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।

पिछले तीन-चार वर्षों से ग्रामीण नाली निर्माण के लिए प्रशासन और सरकार से गुहार लगा रहे हैं। मंगलवार को भी ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी समस्या को लेकर अधिकारियों से मिले। गांव की सरपंच पवन बाई ने बताया, 'राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के दौरान नाली निर्माण को नजरअंदाज कर दिया गया। बारिश में गांव जलमग्न हो जाता है। हमने 2021 से नाली बनाने की मांग शुरू की थी, लेकिन 2025 तक कोई सुनवाई नहीं हुई। यह सड़क हमारे लिए परेशानी का सबब बन गई है।' ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद गांव का स्तर नीचे हो गया है, जिससे जलभराव की समस्या और गंभीर हो गई है। बारिश के दिनों में बच्चों को स्कूल जाने में भी भारी दिक्कत होती है।

सड़क निर्माण के दौरान अधिकारियों ने नाली बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने जलभराव की स्थिति को दर्शाने वाले वीडियो और तस्वीरें प्रशासन को दिखाई हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मानसून से पहले ग्रामीण उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी मांग पर ध्यान दिया जाएगा, ताकि उन्हें बाढ़ जैसे हालात का सामना न करना पड़े।

# बारात में गए युवक की कुएं में मिली लाश

कोडरमा, 13 मई (एजेंसियां)। कोडरमा के डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बारात में गए 26 वर्षीय युवक का शव कुएं से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान तिलैया थाना क्षेत्र के इंदरवा बस्ती निवासी अमन कुमार के रूप में हुई है।

मृतक के चाचा सोनू कुमार ने बताया कि अमन अपने कुछ दोस्तों के साथ बेहराडीह गांव में एक बारात में गया था। सुबह करीब 5 बजे उसके दो दोस्त घर आए। उन्होंने अमन की बाइक और एक मोबाइल उसकी मां को सौंप दिया। दोस्तों ने बताया कि अमन ने रात को ही अपना मोबाइल और बाइक की चाबी उन्हें दे दी थी। उसने कहा था कि नाचने-गाने में कहीं ये चीजें गिर न जाएं। सुबह जब दोस्तों ने अमन के दूसरे नंबर पर कॉल किया तो फोन नेटवर्क कवरेज से बाहर था।

परिवार को शक हुआ और उन्होंने अमन की तलाश शुरू की। बेहराडीह के मुखिया ने अमन के पिता को फोन कर बताया कि शादी वाली जगह के पास कुएं से एक युवक का शव मिला है। परिवार वहां पहुंचा तो शव अमन का निकला। इसके बाद डोमचांच पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मानसून के पहले गरीबों को मिलेगा 3 महीने का एडवांस राशन

## मंत्री इरफान बोले- 'राशन और राहत' का पूरा प्लान तैयार

रांची, 13 मई (एजेंसियां)। झारखंड सरकार ने मानसून के पहले गरीबों को तीन महीने का एडवांस में राशन देने का फैसला लिया है। आगामी मानसून और बारिश-बाढ़ की आशंका को देखते हुए खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है।

झारखंड के 2.88 करोड़ राशन कार्डधारी लाभुकों को जून, जुलाई और अगस्त तीनों माह का राशन एक साथ दिया जाएगा, ताकि आपदा के समय भी कोई भूखा न सोए। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद, राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए 1 से 30 जून तक राशन वितरण के आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग ने सभी जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि वितरण कार्य में कोई भी लापरवाही न हो और लाभुकों को समय पर व सुरक्षित ढंग से राशन प्राप्त हो।



राज्य के खाद्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट कहा है कि गरीबों के साथ अन्याय किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर वो पूरी जवाबदेही के साथ काम कर रहे हैं। डॉ. अंसारी ने कहा कि वह खुद वितरण कार्यों की निगरानी करेंगे और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री इरफान अंसारी ने सभी डीएसओ, एफसीआई अधिकारियों की एक आपात बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। इस बैठक में तीन माह के अनाज का संग्रह, गोदामों की उपलब्धता, लॉजिस्टिक व्यवस्था और राशन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

# ट्रम्प का मिडिल ईस्ट दौरा, सऊदी अरब पहुंचे

## राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक विदेश यात्रा, यूएस में 50 लाख करोड़ निवेश करेगा सऊदी



रियाद, 13 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने मिडिल ईस्ट दौरे के पहले दिन सऊदी अरब पहुंच गए हैं। इस दौरान सऊदी की वायुसेना ने उन्हें एयर स्पेस में सुरक्षा मुहैया कराई। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प की यह पहली औपचारिक विदेश यात्रा है। इससे पहले वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 26 अप्रैल को वेटिकन पहुंचे थे।

ट्रम्प 14 मई को खाड़ी नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फिर कतर जाएंगे। 15 मई को ट्रम्प अपने दौरे के आखिरी दिन यूएई पहुंचेंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति बनने के बाद कनाडा-मेक्सिको या फिर यूरोपीय देश की यात्रा करने की परंपरा है। ट्रम्प ने 2017 में राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले सऊदी अरब पहुंच कर इस परंपरा को तोड़ा था।

ट्रम्प ने दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के बाद सबसे पहले सऊदी प्रिंस एमबीएस को ही फोन किया था। दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट में स्थिरता लाने, क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने की कोशिशों पर चर्चा की थी। इसके बाद सऊदी सरकार ने एक बयान जारी कर कहा था कि उनका देश अगले चार सालों के भीतर अमेरिका में 600 अरब डॉलर (50 लाख करोड़ रुपए) के निवेश के लिए तैयार है। हालांकि, ट्रम्प ने कहा था कि वो इसे बढ़ाकर 1 ट्रिलियन डॉलर होते देखना चाहते, जिसमें ज्यादा से ज्यादा अमेरिकी मिलिट्री इक्विपमेंट की खरीद भी शामिल है। सऊदी अरब के सॉवरेन वेल्थ फंड और पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) में 925 अरब डॉलर की भारी भरकम रकम है। सऊदी ने इसके जरिए पहले ही अमेरिका में कई इन्वेस्टमेंट कर रखे हैं। वहीं, यूएई ने भी अगले 10 साल में अमेरिका के एआई, सेमीकंडक्टर, एनर्जी और इन्फ्रा सेक्टर में 1.4 ट्रिलियन डॉलर निवेश करने की इच्छा जताई है।

ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान सऊदी अरब समेत खाड़ी देशों के साथ बेहतर रिश्ते कायम किए थे। ट्रम्प के पद छोड़ने के बाद भी सऊदी अरब ने ट्रम्प के दामाद और पूर्व सहयोगी जेरेड कुशनर की एक फर्म में 2 अरब डॉलर (17 हजार करोड़ रुपए) का निवेश किया था।

कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि जब जमाल खाशोज्जी की हत्या के बाद सऊदी अरब और अमेरिका के संबंधों पर असर पड़ा तो कुशनर ने इसे संभालने में मदद की थी।

ट्रम्प सऊदी अरब की यह यात्रा ऐसे मौके पर कर रहे हैं, जब उनके टैरिफ ने दुनिया भर में उथल पुथल मचा रखी है। इस साल के शुरुआती तीन महीनों में अमेरिका के आर्थिक प्रोडक्शन में गिरावट आई है, जो पिछले तीन सालों में पहली गिरावट है।

ट्रम्प ने पिछले कार्यकाल में सऊदी अरब और इजराइल के बीच रिश्ते बेहतर करने की कोशिश की थी।

ट्रम्प चाहते हैं कि सऊदी अरब, इजराइल को मान्यता दे। वहीं सऊदी अरब का कहना है कि पहले फिलिस्तीन अलग देश बने जिसकी राजधानी पूर्वी यरूशलम हो और उनके बीच सीमा 1967 से पहले जैसी हो। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब अब्राहम एकॉर्ड को मानेगा।

# जेलेंस्की बोले- पुतिन से ही होगी बात

कीव, 13 मई (एजेंसियां)। रूस ने सोमवार की रात यूक्रेन पर 10 शाहेद और नकली ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के मुताबिक, यह इस साल का सबसे छोटा ड्रोन हमला था। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब दोनों देश तुर्किये में संभावित शांति वार्ता की तैयारी कर रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को गुरवार को इस्तांबुल में सीधी बातचीत का प्रस्ताव रखा है, जिस पर क्रेमलिन ने अब तक सीधे तौर पर कोई जवाब नहीं दिया है। जेलेंस्की के सलाहकतार मिखाइलो पोडोल्याक ने रूसी पत्रकारों के एक यूट्यूब कार्यक्रम में मंगलवार को कहा कि जेलेंस्की इस्तांबुल में पुतिन के अलावा किसी अन्य रूसी अधिकारी से नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि निचले स्तर पर शांति वार्ता सिर्फ समय की बर्बादी होगी। यूरोपीय नेताओं ने आरोप लगाया है कि पुतिन युद्ध को लंबा खींच रहे हैं।

# ब्रिटिश पीएम के लंदन वाले घर में लगी आग

## आतंकी घटना के नजरिए से जांच एक शख्स किया गया गिरफ्तार



लंदन, 13 मई (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के उत्तरी लंदन स्थित घर में सोमवार तड़के आग लग गई। पुलिस और दमकल विभाग इस मामले की जांच कर रहे हैं। अच्छी बात यह रही कि इस घटना में किसी को चोट नहीं पहुंची, लेकिन घर का मुख्य दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक, यह घटना 12 मई को रात करीब 1:11 बजे हुई।

लंदन फायर ब्रिगेड को एक मकान के बाहर आग लगने की सूचना मिली। तुरंत दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

**कहां हुआ हादसा?**

उत्तरी लंदन के केन्टिश टाउन इलाके में हुई, जहां कीर स्टार्मर का निजी घर है। हालांकि अब वह प्रधानमंत्री होने के कारण 10 डाउनिंग स्ट्रीट में रहते हैं, लेकिन उनका यह निजी घर अभी भी उनके पास है।

हालांकि, इस आगजनी में कोई घायल नहीं हुआ। जबकि घर का आगे का दरवाजा जल गया और सड़क पर पुलिस ने बैरिकेड लगाकर क्षेत्र को घेर लिया है। मामले में एक पड़ोसी ने बताया कि उसने अचानक एक तेज धमाके की आवाज सुनी, जो किसी फायरबम जैसी लगी। ऐसा लगा जैसे कांच टूट गए हों।

इस मामले को संदिग्ध माना जा रहा है। इसलिए आतंकवाद विरोधी पुलिस भी जांच में शामिल की गई है।

पुलिस ने कहा कि वह आग लगने के कारणों की गहराई से जांच कर रही है। वहीं ब्रिटेन की पुलिस ने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के घर में आग लगाने के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

मेट्रोपोलिटन पुलिस ने कहा कि उन्हें आग की जानकारी लंदन फायर ब्रिगेड से मिली और वह तुरंत मौके पर पहुंचे।

वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से कहा गया कि पीएम कीर स्टार्मर आपातकालीन सेवाओं के त्वरित काम के लिए आभारी हैं, लेकिन चूंकि जांच जारी है, इसलिए वे इस पर फिलहाल कोई और टिप्पणी नहीं कर सकते।

# अब भी झूठ बोलने से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान

## बोला- भारत से टकराव में 11 सैन्यकर्मी मारे गए, 78 घायल



इस्लामाबाद, 13 मई (एजेंसियां)। भारत की ओर से पाकिस्तान के सभी प्रोपेगैंडा को ध्वस्त करने के बाद भी पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने मंगलवार को एक बार झूठा दावा करते हुए कहा कि भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य टकराव के दौरान 11 सैन्यकर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए, जबकि भारत ने सबूतों के साथ बताया था कि उसकी कार्रवाई में पाकिस्ताप के 35 से 40 सैनिक मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मिट्टी में मिलाया।

एक बयान में पाकिस्तानी सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। भारत और पाकिस्तान ने चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को एक समझौता किया था।

पाकिस्तानी सेना ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा करते हुए पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के 11 कर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। हताहतों में स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, मुख्य तकनीशियन औरंगजेब, वरिष्ठ तकनीशियन नजीब, कॉर्पोरल तकनीशियन फारूक और वरिष्ठ तकनीशियन मुबाशिर शामिल हैं। बयान में कहा गया कि हमले में मारे गए सैन्य कर्मियों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक दिलावर खान, लांस नायक इकरामुल्लाह, नायक वकार खालिद, सिपाही मुहम्मद अदील अकबर और सिपाही निसार शामिल हैं।

# इंडोनेशिया में अनुपयोगी गोला-बारूद में हुआ विस्फोट

## चार सैनिकों समेत 13 लोगों की मौत

जकार्ता, 13 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में सोमवार को हुए एक भीषण विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई। इनमें चार सैनिक शामिल हैं। यह विस्फोट एक्सपायर हो चुके गोला बारूद में हुआ। हालांकि विस्फोट की वजह क्या रही, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। इसकी जांच चल रही है।

इंडोनेशिया की सेना ने बताया कि इंडोनेशिया की सेना के सदस्य इस्तेमाल न होने वाले और एक्सपायर गोला बारूद को शिफ्ट कर रहे थे। यह गोला बारूद गुरुट जिले में स्थित सेना के केंद्रीय गोदाम में रखे थे। इसी दौरान एक विस्फोट हुआ और फिर एक के बाद एक कई विस्फोट हुए। इन विस्फोटों में नौ नागरिक और सेना के चार जवान मारे गए।

# रूसी एस-400 का 'बेटा' है एस-500 सिस्टम

## अमेरिकी एफ-35 जेट और बी-2 बॉम्बर्स के लिए 'काल', पुतिन ने भारत को दिया है ऑफर




मॉस्को/नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने अपनी ताकत दिखाई है। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने भारत के स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश और बराक के साथ मिलकर पाकिस्तान के एक भी ड्रोन और मिसाइल को जमीन पर गिरने नहीं दिया। यही वजह थी कि भारत ने पाकिस्तान में तबाही फैला दी। अब रूस की न्यूज एजेंसी ने धीरे से भारत को एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम की पेशकश कर दी है, जो दुनिया का सबसे एडवांस और ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम है।

रूसी न्यूज एजेंसी आरटी इंडिया ने एक के बाद एक एक्स पर कई पोस्ट के जरिए एस-500 का 'लालच' देने की कोशिश की है। इसने लिखा है कि रूस की नेक्स्ट जेनरेशन एयर डिफेंस सिस्टम, जिसे स्टील्थ विमान से लेकर हाइपरसोनिक मिसाइलों तक हर चीज का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है, दुर्जेय एस-400 का स्वाभाविक उत्तराधिकारी है। आरटी इंडिया ने अपने पोस्ट में एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम की ताकत का खुलासा किया है।


रूसी न्यूज एजेंसी आरटी इंडिया ने रूस के एक और एजेंसी टीएएसएस का हवाला देते हुए लिखा है कि एस-400 मुख्य रूप से हाई एल्टीट्यूड वाले विमानों और क्रूज मिसाइलों को निशाना बनाता है, वहीं एस-500 को भविष्य के युद्ध के मैदान के लिए डिजाइन किया गया है और यह इनसे निपट सकता है। इसमें कहा गया है कि एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम बैलिस्टिक मिसाइलें (600 किमी तक की रेंज), हाइपरसोनिक हथियार, लो ऑर्बिट सैटेलाइट, एफ-35 और बी-2 बॉम्बर जैसे पांचवीं पीढ़ी के विमानों के खिलाफ कारगर है। यानि रूस ने एक तरह से अमेरिकी हथियारों को निशाना बनाने की चुनौती दे दी है। आरटी इंडिया ने लिखा है कि इसकी रेंज प्रभावशाली है, बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस के लिए 600 किमी और हवाई लक्ष्यों के लिए 500 किलोमीटर से ज्यादा। यह मैक 20 तक की स्पीड से यात्रा करते हुए एक साथ 10 हाइपरसोनिक लक्ष्यों को ट्रैक और इंगेज कर सकता है।

दावे के मुताबिक एस-500 में इंटरसेप्टर का मिश्रण इस्तेमाल किया गया है। इसमें 77एन6-एन और 77एन6-एन1 मिसाइलें (नई एंटी-मिसाइल सीरिज) हैं, साथ ही एस-400 प्रणाली के वेरिएंट भी हैं, जो इसे कई तरह के खतरों के खिलाफ लचीलापन और मल्टी लेयर सुरक्षा प्रदान करते हैं। इसके अलावा एस-500 को ट्रकों से काफी आसानी से एक जगह से दूसरे जगह ले जाया जा सकता है, जिससे दुश्मनों के लिए इसे निशाना बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा यह कमांड सेंटर और परमाणु सुविधाओं जैसे रणनीतिक क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए एक आदर्श सिस्टम है। न्यूज एजेंसी का कहना है कि एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस नेटवर्क बनाने की रणनीति का हिस्सा है, जिसमें एस-400 लंबी दूरी को कवर करता है, एस-350 और पैंट्सिर मध्यम और छोटी दूरी के खतरों के खिलाफ काम करता है और एस-500 बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ स्टील्थ फाइटर जेट्स और लोअर ऑर्बिट सैलेटाइट से रक्षा करता है।

आरटी इंडिया ने लिखा है कि इतनी सारी क्षमताओं का मतलब ये है कि एस-500 डिफेंस सिस्टम अमेरिका के ताड और एजिस बीएमडी जैसे एयर डिफेंस सिस्टम को ना सिर्फ टक्कर देता है, बल्कि उनसे आगे भी निकल जाता है।

# भारतीय पायलटों को मारना चाहते थे पाकिस्तानी एयरफोर्स के चीफ

## भारत के जांबाजों ने चटाई धूल, वॉर रूम के अंदर की पूरी कहानी



नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान हर हाल में भारतीय पायलटों को मारना या बंदी बनाना चाहता था, ताकि फिर से एक बार अभिनंदन जैसा वाकया हो। खुलासा हुआ है कि इस बार जब भारत और पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों के बीच जब जंग चल रही थी उस वक्त पाकिस्तानी एयरफोर्स के प्रमुख बार भारतीय पायलटों को मारने के लिए चिल्ला रहे थे। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के प्रमुख का फोकस हर हाल में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भारतीय पायलटों को मारने पर थी। वो बार बार वॉर रूम में चिल्ला रहे थे कि 'उन्हें मार डालो, उन्हें मार डालो, उन्हें पाकिस्तान में एक इंच भी घुसने ना दो।' द न्यूज इंटरनेशनल ने बताया है कि एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू 15 स्क्वाड्रन के पायलटों से सीधे बात कर रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि उस वक्त वो एक खुफिया कमांड सेंटर में मौजूद थे।

दरअसल पाकिस्तान हर हाल में भारत के पायलटों को मारना चाहता था, ताकि वो भारत को शर्मिंदा कर सके और पूरी दुनिया में अपनी बहादुरी के ढोल पीट सके। लेकिन हकीकत ये है कि आज ही पाकिस्तान की सेना ने कबूल किया है कि भारत के हमले में पाकिस्तान के 11 सैनिक मारे गये हैं और 78 से ज्यादा घायल हुए हैं।

जिनमें 5 जवान पाकिस्तानी वायुसेना के हैं। माना जा रहा है कि भारत के हमलों में पाकिस्तानी एयरफोर्स के और भी कई जवान मारे गये हैं, जिनकी मौत की बात धीरे धीरे पाकिस्तान कबूल करेगा।

आपको बता दें कि भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान एक संघर्ष में फंस गये। भारत ने आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान की सेना को जिम्मेदार ठहराया है।

पाकिस्तान दावा करता है कि भारत ने पाकिस्तान में हमला करने के लिए 80 फाइटर जेट्स को भेजा था, जिनमें 32 राफेल, ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस 30 Su-30 और मिग फाइटर जेट्स थे। हालांकि पाकिस्तान के दावों की यहीं पर हवा निकल जाती है, क्योंकि भारत के पास 36 राफेल ही हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि भारतीय फाइटर जेट्स के खिलाफ पाकिस्तानी एयरफोर्स ने 40 फाइटर जेट्स को भेजा था।

# भारत से डरकर क्या पाकिस्तान परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने वाला था?

## पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने दिया ये जवाब



इस्लामाबाद, 13 मई (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम की धमकी देता रहा था। पाकिस्तान के मंत्रियों ने खुलेआम परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर बयान जारी किए। इसके बावजूद भारत पीछे नहीं हटा और उसने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने परमाणु बम को लेकर एकदम उलट दावा किया है। डार ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने के लिए परमाणु हथियार तैनात करने पर विचार नहीं किया।

शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद सीएनएन को दिए पहले इंटरव्यू में डार ने कहा कि भारत के हमलों के बाद इस्लामाबाद के पास आत्मरक्षा में हमले करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। पिछले सप्ताह 7 मई की सुबह भारत ने पाकिस्तान और पीओके के अंदर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत 9 आतंकवादियों को अड्डों को निशाना बनाया गया था। हमले में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े लगभग 100 आतंकी मारे गए थे।

इसके बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसे भारत ने नाकाम करते हुए जवाबी कार्रवाई की। दोनों तरफ से मिसाइलों और ड्रोन दागे गए। 1971 के बाद यह दोनों के बीच सबसे खराब लड़ाई थी। डार ने भारत के हमले युद्ध बताया, लेकिन कहा कि परमाणु विकल्प कभी भी विचार में नहीं लाया गया।

नई दिल्ली और इस्लामाबाद ने शनिवार को एक युद्धविराम समझौते पर सहमति जताई है। इस बीच पाकिस्तान की तरफ से कई बार उल्लंघन की कोशिश की गई है। डार ने सीएनएन से बात करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच दीर्घकालिक वार्ता अभी पूरी नहीं हुई है।

**पीएम मोदी का पाकिस्तान को संदेश**

इस बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के नाम संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत ने अपने हमलों को केवल रोका है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नई रेखा खींची है। पीएम मोदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि 'भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा।' पीएम मोदी ने बताया कि भारत के हमले के बाद पाकिस्तान दुनिया से तनाव कम करने की अपील कर रहा था।

# मेयर पद की उम्मीदवार समेत चार की गोली मारकर हत्या

## लाइव स्ट्रीमिंग में कैद हुई पूरी घटना

मैक्सिको, 13 मई (एजेंसियां)। मैक्सिको की मेयर पद की उम्मीदवार समेत चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मेयर पद की उम्मीदवार येसेनिया लारा गुटेरेज को गोली उस वक्त मारी गई, जब वे मेयर चुनाव के लिए प्रचार कर रहीं थी। मेयर उम्मीदवार की हत्या की घटना फेसबुक पर पोस्ट लाइव स्ट्रीमिंग में दर्ज हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि येसेनिया लारा गुटेरेज प्रचार के दौरान लोगों से मिल रहीं थी। इस दौरान उनके समर्थकों ने उन्हें घेरा हुआ था।

गुटेरेज जब लोगों से मिलते हुए सड़क से गुजर रहीं थी। इसी दौरान हमलावरों ने उन पर गोली चला दी। इस दौरान कुल 20 राउंड फायरिंग हुईं, जिसमें मेयर पद की उम्मीदवार गुटेरेज समेत कुल चार लोगों की मौत हो गई। घटना मैक्सिको के वेराक्रूज की है। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने हमले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हत्या की वजह अभी साफ नहीं है। इसकी जांच की जा रही है। येसेनिया गुटेरेज, मैक्सिको की राष्ट्रपति की पार्टी मोरेना पार्टी की सदस्य थीं। गोलीबारी की घटना में कुल चार लोगों की मौत समेत तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। मेयर पद के लिए मतदान एक जून को होना था। जांच एजेंसियां हत्या के मामले की जांच में जुट गई हैं।

मैक्सिको में चुनाव के दौरान उम्मीदवारों पर हमले का पुराना इतिहास है। साल 2024 में मैक्सिको में रिकॉर्ड नंबर में राजनीतिक-आपराधिक हिंसा में लोगों की जान गई थी। इस दौरान 661 लोगों और प्रतिष्ठानों पर हमले हुए। जिन पर हमले हुए, वो या तो स्थानीय नगर निगम में अहम पदों पर थे या फिर चुनाव लड़ रहे थे। बीते साल मई में भी मैक्सिको के गुएरो शहर में मेयर पद के उम्मीदवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके कुछ दिन बाद ही कोटिजा शहर की मेयर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अक्तूबर में चिलपैनकिंगो शहर के मेयर की भी हत्या कर दी गई थी।

# मलेशिया के एमएच-17 विमान को गिराने के लिए रूस जिम्मेदार

## वैश्विक एविएशन एजेंसी की जांच में खुलासा

कुआलालम्पुर, 13 मई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की परिषद ने अपनी जांच के आधार पर दावा किया है कि रूस ही मलेशिया एयरलाइंस के एमएच17 विमान को मार गिराने के लिए जिम्मेदार है। एमएच17 विमान हादसे में 298 लोगों की जान चली गई थी। नागरिक उड्डयन संगठन की परिषद के फैसले से अब विमान हादसे के पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। जांच में पता चला है कि एमएच17 विमान को यूक्रेन के हवाई क्षेत्र में अलगाववादियों ने रूस की मदद से मार गिराया था।

# भारत के हाथों पिटने के बाद पाकिस्तान आर्मी चीफ की आई पहली प्रतिक्रिया

## खुलेआम हुई बेइज्जती को ढंकने की कोशिश

इस्लामाबाद, 13 मई (एजेंसियां)। भारत से टकराने का अंजाम पाकिस्तान को एक बार फिर पता चल गया है। भारत के घुसकर हमला करने के बाद पाकिस्तान की पूरी दुनिया में बेइज्जती हो रही है। भारत ने पाकिस्तान के अहम एयरबेस को निशाना बनाया और उसका एयर डिफेंस नष्ट कर दिया। भारत की मिसाइलों ने दिखा दिया है कि पाकिस्तान में अब कुछ भी उसकी पहुंच के बाहर नहीं है। इस बीच भारत से पिटने के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने बयान दिया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने कहा कि दुश्मन की कोई भी योजना पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के संकल्प को कमजोर नहीं कर सकती है। इन हमलों से तिलमिलाए पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की, जिसे भारतीय बलों ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। भारत ने पलटवार करते हुए पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमला किया और उसके चकलाला, सरगोधा और रफीकी जैसे महत्वपूर्ण सैन्य बेस को निशाना बनाया था। भारतीय मिसाइलों को रोकने में पाकिस्तान का एयर डिफेंस पूरी तरह नाकाम रहा। भारतीय बलों ने लाहौर में पाकिस्तानी एयर डिफेंस को ही तबाह कर दिया। चार दिनों तक ड्रोन और मिसाइल हमले के बाद शनिवार को दोनों पक्ष युद्धविराम के लिए तैयार हुए।

# हमास ने अमेरिकी-इजरायली बंधक को रिहा किया

## 19 महीनों से कैद में था एडन

यरूशलम, 13 मई (एजेंसियां)। हमास ने इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर को 19 महीनों बाद रिहा कर दिया है। 21 साल का एडन गाजा की सीमा पर इजराइली सेना में था, उसे 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने पकड़ लिया था। इजराइल ने सोमवार को गाजा में अपने सैन्य अभियान को कुछ घंटों के लिए रोक दिया ताकि यह हस्तांतरण आसान हो सके।

हमास के एक अधिकारी के मुताबिक यह रिहाई सद्भावना के तौर पर की गई है। यह मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा से पहले एक नए युद्धविराम समझौते पर पहुंचने के प्रयासों का हिस्सा थी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने रिहाई पर उनके परिवार को बधाई दी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर के उत्तरी लंदन में स्थित घर में आग लगने की घटना सामने आई है। यह आग सोमवार की सुबह लगी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड और पुलिस अधिकारियों ने आग पर काबू पाया। मामले में पुलिस ने 21 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच आतंकी हमले से जोड़ कर भी कर रही है। हालांकि, आग लगने के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। जुलाई में पदभार ग्रहण करने के बाद से स्टार्मर प्रधानमंत्री के आधिकारिक डाउनिंग स्ट्रीट निवास में रह रहे हैं।



## 'कांग्रेस पृष्ठभूमि के कर्मचारियों को बॉर्डर पर भेजा'

### डोटासरा बोले- सर्वदलीय बैठक में प्रदेशाध्यक्षों को नहीं बुलाया

जयपुर, 13 मई (एजेंसियां)। राजस्थान बॉर्डर पर कर्मचारियों की तैनाती को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भजनलाल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पृष्ठभूमि के कर्मचारियों को बॉर्डर वाले इलाकों में भेजने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने सर्वदलीय बैठक में पार्टी प्रदेशाध्यक्षों को नहीं बुलाए जाने पर भी सवाल उठाए।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने महीनों से एपीओ चल रहे कर्मचारियों को अचानक बॉर्डर वाले जिलों में भेज दिया गया है। कांग्रेस पृष्ठभूमि के कर्मचारी बॉर्डर पर जाने से नहीं डरते हैं, लेकिन सरकार इसमें भी भेदभाव कर रही है।



**सरकार में ब्यूरोक्रेट हावी- डोटासरा**

उन्होंने सरकार की ओर से बुलाई सर्वदलीय बैठक में पार्टी प्रदेशाध्यक्षों को नहीं बुलाए जाने पर भी सवाल उठाए। डोटासरा ने कहा कि बैठक में सत्ताधारी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को नहीं बुलाया। सरकार में पूरे तरीके से ब्यूरोक्रेट हावी है, जो नहीं चाहते कि सर्वदलीय बैठक में सबको बुलाया जाए।

डोटासरा ने आगे कहा कि सर्वदलीय बैठक में मुझे कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष होने के नाते नहीं बुलाया गया, ये तो समझ में आती है। लेकिन, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को भी नहीं बुलाया गया। जबकि मदन राठौड़ दिल्ली से चलकर आए थे। यह बात समझ से परे है। राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को ही सर्वदलीय बैठक में नहीं बुलाया जाएगा तो फिर वो किस तरह की सर्वदलीय बैठक हुई? पीसीसी चीफ ने कहा कि समय रहते सरकार को इसकी सुध लेनी चाहिए। क्योंकि जिस तरह से सरकार में नौकरशाह हावी है, मंत्रियों की नहीं चल रही है। उससे आने वाले दिनों में सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश पनप सकता है।

## बॉर्डर पर हालात सामान्य

### खुले स्कूल, कॉलेज, ट्रेन, बस और उड़ानें भी नियमित

जयपुर, 13 मई (एजेंसियां)। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में हालात अब पूरी तरह सामान्य हो गए हैं। सीजफायर के ऐलान के बाद आज से सभी सीमावर्ती जिलों में स्कूल-कॉलेज और शिक्षण संस्थान खोल दिए गए हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते सीमावर्ती जिलों में शैक्षणिक संस्थानों को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। हवाई उड़ानें भी अपने नियमित समय से संचालित होंगी। बाजारों पर से प्रतिबंध कल ही हटा लिया गया था। रेल व बस सेवाओं को भी अब पूरी तरह बहाल किया जा चुका है। बीकानेर, जैसलमेर व जोधपुर में नागरिक उड़ानों के लिए हवाई अड्डा खोल दिया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अनुसार देश भर में 32 एयरपोर्ट 15 मई तक के लिए बंद किए गए थे। इसमें राजस्थान के जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर के एयरपोर्ट शामिल थे। प्रदेश में अब स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं, ऐसे में कई जिलों में पर्यटकों की आवजाही भी बढ़ेगी। इस लिहाज से भी परिवहन के साधनों का बहाल होना बाजार के लिए अच्छा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान की तरफ से लगातार ड्रोन हमलों और गोलाबारी के चलते 10 मई को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 14 मई तक के लिए 32 हवाई अड्डों से विमानों का संचालन बंद कर दिया था। इनमें राजस्थान के जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर के अलावा अन्य राज्यों में उधमपुर, अंबाला, अमृतसर, अवंतीपुरा, बठिंडा, भुज, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जम्मू, जामनगर, कांडला, कांगड़ा, केशोद, किशनगढ़, कुल्लू-मनाली, लेह, लुधियाना, मुद्रा, नलिया, पठानकोट, पटियाला, पोरबंदर, राजकोट, सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोइस और उत्तरलाई शामिल थे।

## उम्मेदाराम के बयान पर मदन राठौड़ का कड़ा पलटवार

### बोले- इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं

जयपुर, 13 मई (एजेंसियां)। उन्होंने कहा कि पूरा देश और दुनिया जानती है कि इस आतंकी हमले में हमलावरों ने धर्म पूछकर हमला किया था। यह बात पीड़ित परिवारों और प्रत्यक्षदर्शियों ने खुद कही है। ऐसे में बेनीवाल का यह बयान देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है।

राठौड़ ने कहा कि एक सांसद होकर उम्मेदाराम जी इस तरह के गैर-जिम्मेदार बयान दे रहे हैं, इससे ज्यादा शर्मनाक बात कुछ और नहीं हो सकती। कांग्रेस को तुरंत इस पर फैसला लेना चाहिए कि ऐसे व्यक्ति को पार्टी में बनाए रखना है या बाहर का रास्ता दिखाना है।



गौरतलब है कि कल बाड़मेर-जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने बयान दिया था कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मारा है, इस बात की कहीं पुष्टि नहीं हुई है या मोदी को बता देना इस बात का कहीं भी कोई पुख्ता सबूत नहीं है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यह वक्त देश की एकता और सेना के शौर्य को सलाम करने का है, न कि संदेह फैलाने का। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा आतंकियों को लेकर नरम रुख अपनाती रही है और यह बयान उसी सोच की बानगी है। बेनीवाल के बयान पर मचे इस सियासी बवाल के बीच राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर बहस छिड़ गई है।

## पाकिस्तान की जेल में 28 माह कैद काटकर आए गेमराराम ने पाली में दी जान

### बाड़मेर जिले का है निवासी

पाली, 13 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान की जेल में 28 महीने कैद काटकर आया एक युवक का शव पाली की एक फैक्ट्री में फंदे पर झूलता मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि बाड़मेर जिले के बिजराडा थाना क्षेत्र के कुम्हारों का टीबा निवासी गेमराराम (24) पुत्र जामाराम मेघवाल जो करीब 1 साल से जाड़न कस्बे की एक लोहा फैक्ट्री में कोयले का काम करता था। वह अपने भाई और रिश्ते में मामा के साथ एक कमरे रहता था।

उसका शव फैक्ट्री के एक सुने कमरे में फंदे पर झूलता हुआ मिला। घटना की जानकारी जब उसके भाई और मामा को लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पाली के बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजन शव को एम्बुलेंस से बाड़मेर के लिए रवाना हो गए। पुलिस पुरे मामले की जांच में जुटी है।

## सीकर की बेटी खुशी ने बढ़ाया मान

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में हासिल किया देश में दूसरा स्थान

सीकर, 13 मई (एजेंसियां)। सीबीएसई ने देश भर में 12वी का रिजल्ट आज ( 13 मई) को जारी कर दिया है. जिसमें परीक्षा में 88.39 स्टूडेंट पास हुए है. वही राजस्थान के अजमेर रीजन में भी 90.4 फीसदी स्टूडेंट पास हुए है. उसमें से सीकर के लक्ष्मणगढ़ की रहने वाले खुशी शेखावत ने 99.80 फीसदी नंबर हासिल कर पूरे देश में दूसरे स्थान पर कब्जा किया है.

**500 में से 499 अंक किए हासिल**

खुशी शेखावत ने 12वीं की परीक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त करके 99.80 प्रतिशत अंकों के साथ अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है. इतना ही नहीं, खुशी ने 4 विषयों में 100 अंक प्राप्त किए हैं, जिसमें इतिहास में 100, राजनीति विज्ञान में 100, भूगोल में 100 और चित्रकला में 100 अंक प्राप्त किए हैं.



**पिता सेना से है रिटायर्ड**

खुशी मूलतः सीकर में लक्ष्मणगढ़ के धोलाड़ में अपने माता पिता के साथ रहती थी.वर्तमान में परिवार सहित वे धोद रोड, सीकर पर रहते है, खुशी की स्कूलिंग की बात कि जाए तो कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की पूरी स्कूलिंग प्रिंस एकेडमी सीकर से की है. खुशी के पिता दिलीप सिंह शेखावत भारतीय सेना से रिटायर्ड है जबकि माता संजु कंवर गृहणी है. खुशी भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर आमजन की सेवा करना चाहती है.

**सीबीएसई के अजमेर रीजन का रिजल्ट**

अजमेर रीजन में 1 लाख 22 हजार 772 में से 1 लाख 22 हजार 243 स्टूडेट्स एग्जाम में शामिल हुए. एक लाख 10 हजार 508 पास हुए और रिजल्ट 90.40 प्रतिशत रहा. अजमेर रीजन में लड़कों का पासिंग प्रतिशत 88.31 और गर्ल्स का पासिंग प्रतिशत 93.30 हैं. राजस्थान का पासिंग प्रतिशत 89.47 है.

## होटल संचालक से मारपीट कर किया अपहरण

### फिर जख्मी हालत में सड़क किनारे फेंककर भागे बदमाश


सीकर, 13 मई (एजेंसियां)। सीकर शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित पालवास गांव में एक हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। बीती रात दो कैंपर गाड़ियों में सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने सूर्या होटल के संचालक दीवान सिंह के साथ जमकर मारपीट की और अपहरण कर लिया। मारपीट और अपहरण की यह पूरी घटना होटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह बदमाश होटल संचालक के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे हैं। बदमाशों ने पहले होटल में घुसकर दीवान सिंह से बुरी तरह से मारपीट की, जिससे उसके हाथ-पैर टूट गए। इसके बाद उसे जबरन गाड़ी में डालकर अपहरण कर लिया। गाड़ी में भी बदमाशों ने दीवान सिंह से बेरहमी से मारपीट की और गंभीर रूप से घायल हालत में रास्ते में पटककर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और घायल दीवान सिंह को इलाज के लिए सीकर के एसके अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने के चलते उसे जयपुर रेफर कर दिया गया है, जहां पर होटल संचालक का इलाज चल रहा है। सदर थाने के हेड कांस्टेबल शौकीन खान ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि अभी तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। सदर थानाधिकारी इंद्रराज मरोड़िया ने बताया कि होटल संचालक दीवान सिंह के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है।


## व्हाट्सएप मैसेज भेजने पर युवक गिरफ्तार

### पुलिस ने इन धाराओं में की कार्रवाई

हनुमानगढ़, 13 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के दौरान वॉइस मैसेज भेजकर माहौल खराब करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस युवक को हनुमानगढ़ की संगरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक व्हाट्सएप ग्रुपों में अनर्गल वाइस मैसेज भेज रहा था।

दरअसल, दोनों देशों के बीच जारी तनाव के दौरान प्रशासन की तरफ से कई तरह की गाइडलाइन जारी की गई है। इस बीच प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह का माहौल को खराब करने वाले कंटेट को प्रसारित करने पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। इसी क्रम में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है।





**साम्प्रदायिक माहौल को खराब करने की कोशिश**

बताया जा रहा है कि संगरिया थाने के हवलदार कैलाशचंद्र, शंकरलाल और कांस्टेबल हरदीपसिंह की टीम ने राहुल पुत्र मनोहर लाल विश्नोई को गिरफ्तार किया है। यह युवक आसाखेड़ा रोड चौटाला, हरियाणा का बताया जा रहा है। इसपर आरोप है कि गाइडलाइन के खिलाफ यह साम्प्रदायिक और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा था।

**प्रशासन की तरफ से जारी गाइडलाइन**

पुलिस ने आरोपी को शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार किया है। जिले में प्रशासन की तरफ से साफ कहा गया है कि सायरन या धमाकों की आवाज सुनकर खबराएं नहीं। तुरंत सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। पुलिस-प्रशासन की तरफ से जारी गाइडलाइन का पालन करें। संदिग्ध वस्तुओं, गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें।

**पुलिस की कड़ी चेतावनी**

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मामलों को सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्रसारित नहीं करें। संवेदनशील मामलों की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और लाइव कवरेज पर पूरी तरह से बैन है। इसके साथ ही ऐसी हर गतिविधि से दूर रहें, जिससे सामाजिक और साम्प्रदायिक सौहार्द को नुकसान हो सकता है। पुलिस ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## किशनगढ़ में वकील की गिरफ्तारी से भड़के अधिवक्ता

### अजमेर में उग्र प्रदर्शन, पुलिस सतर्क

अजमेर, 13 मई (एजेंसियां)। अजमेर जिले के किशनगढ़ में अधिवक्ता बालकिशन सुनारिया की गिरफ्तारी के मामले ने अजमेर जिले में तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को जिले के सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते हुए विरोध दर्ज कराया। सुबह अजमेर में जनरल हाउस की बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि गिरफ्तारी के विरोध में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

इसके बाद सभी अधिवक्ता कोर्ट परिसर से बाहर आए और मुख्य मार्ग पर पहुंचकर रास्ता जाम कर दिया। विरोध स्वरूप वकीलों ने रैली निकाली और कलेक्ट्रेट की ओर कूच किया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने बैरिकेट्स तोड़ दिए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन और फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार की, जिससे अधिवक्ता और अधिक आक्रोशित हो गए। वकील बिना ज्ञापन दिए वापस कोर्ट लौट आए।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अजमेर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। कलेक्ट्रेट और कोर्ट परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रदर्शन से पहले अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर से सभी पुलिसकर्मियों को बाहर निकाल दिया और उन्हें अंदर न आने की चेतावनी दी।

एडवोकेट राहुल भारद्वाज ने बताया कि थाना अधिकारी भीकाराम काला को बर्खास्त करने, उच्च स्तरीय जांच कराने और अन्य मांगों को लेकर विरोध जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिवक्ता बालकिशन सुनारिया के साथ पुलिस ने द्वेषपूर्ण कार्रवाई की, जिससे पूरे अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश व्याप्त है।

## साइक्लिंग में राजस्थान ने लहराया परचम, दोनों वर्गों में जीते सोने के तमगे

पटना, 13 मई (एजेंसियां)। पटना के मरीन ड्राइव पर मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के तहत रोड साइक्लिंग की टाइम ट्रायल रेस कराई गई। ठंडी हवा और लोगों की भीड़ के बीच राजस्थान के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया और छह में से पांच पदक अपने नाम कर लिए। इसमें दो गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज शामिल हैं। लड़कों की 30 किलोमीटर रेस में तो राजस्थान ने सभी तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप कर लिया।

लड़कियों की 20 किलोमीटर रेस में बाड़मेर की मंजू चौधरी ने पहला स्थान हासिल किया। मंजू ने ये रेस 32 मिनट 15 सेकेंड में पूरी की। यह उनका पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स था। मंजू बीकानेर में प्रैक्टिस करती हैं और उनके पिता किसान हैं। मंजू ने कहा कि वह अपना बेस्ट देने आई थीं और अपनी परफॉर्मेंस से खुश हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें सिर्फ रोड रेसिंग पसंद है और वह टाइम ट्रायल में ही हिस्सा लेती हैं।



महाराष्ट्र की जुल गंजम नारकर ने 32 मिनट 49 सेकेंड में रेस पूरी कर दूसरा स्थान पाया, जबकि मंजू की टीम साथी रुक्मिणी ने 33 मिनट 40 सेकेंड में रेस पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की इस रेस में महाराष्ट्र की शिवानी चौथे और बिहार की अमृता कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं।

अब बात करें लड़कों की 30 किलोमीटर रेस की। इसमें बीकानेर के रामवतार चिम्पा सबसे आगे रहे। रामवतार ने ये रेस 40 मिनट 21 सेकेंड में पूरी कर गोल्ड मेडल जीता। उनके पिता बीकानेर में मिठाई की दुकान चलाते हैं। रामवतार के बाद महादेव सारन ने 40 मिनट 49 सेकेंड में रेस पूरी कर सिल्वर और महावीर सारन ने 41 मिनट 43 सेकेंड में रेस पूरी कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इस तरह राजस्थान ने दोनों वर्गों में गोल्ड मेडल जीतकर अपना दबदबा दिखा दिया।

## ट्रैक्टर की टॉपलिंग को लेकर हुए विवाद में चली गोली

### घायल मां-बेटे को अलवर रैफर किया

अलवर, 13 मई (एजेंसियां)। जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जावली में मामूली विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया और दो पक्षों में झगड़े के दौरान गोलीबारी हो गई। फायरिंग में एक महिला और उसका बेटा घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अलवर के जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

पुलिस जाप्ता तत्काल मौके पर पहुंचा। जांच में सामने आया कि गांव के ही राजू मीणा और हिमांशु शर्मा के बीच ट्रैक्टर की टॉपलिंग को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोप है कि राजू मीणा टॉपलिंग लेकर गया था और जब उसे लौटाने को कहा गया तो उसने विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान आरोप है कि राजू मीणा ने बाजार में हिमांशु शर्मा के पिता से मारपीट भी की।

घटना के कुछ समय बाद राजू मीणा अपने साथियों के साथ हिमांशु के घर पहुंचा और वहां फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुल छह राउंड फायर किए गए जिनमें से तीन हवा में और तीन सीधा निशाना साधकर किए गए। इस फायरिंग में हिमांशु की मां हेमा शर्मा के पैर में गोली लगी, जबकि हिमांशु को भी एक गोली छूकर निकल गई, जिससे उसे हल्की चोट आई है। दोनों को पहले लक्ष्मणगढ़ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अलवर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

लक्ष्मणगढ़ थाने के हेड कांस्टेबल भम्बल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। फिलहाल घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है और पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

## फिल्मी अंदाज में हुई लूट का खुलासा

### अंतरराज्यीय गैंग के मुख्य आरोपी समेत 5 लोग गिरफ्तार

उदयपुर, 13 मई (एजेंसियां)। उदयपुर पुलिस ने एक बड़ी डकैती का खुलासा करते हुए एक अंतरराज्यीय गैंग को गिरफ्तार किया है, जिसने 17 किलो 500 ग्राम चांदी से भरा बैग लूटा था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि लूटी गई चांदी खरीदने वाला महाराष्ट्र के बारामती का एक सुनार भी पकड़ा गया है।

यह वारदात 16 अप्रैल को डबोक थाना क्षेत्र में हुई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ज्वेलर शिव कुमार सोनी अपने बेटे के साथ रोज की तरह दुकान से चांदी लेकर घर लौट रहे थे। तभी तीन बाइक सवार बदमाशों ने हमला कर चांदी लूट ली और विरोध करने पर बेटे को गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गए। घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।



घटना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने करीब 210 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों को महाराष्ट्र और गुजरात से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने डकैती की साजिश कबूल की है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार, बाइक, हथियार, फार्मा इंजेक्शन और गुग्गी पाउडर भी जब्त किया है।

बताया जा रहा है कि यह डकैती महाराष्ट्र के एक स्थानीय गिरोह द्वारा योजनाबद्ध तरीके से की गई थी। आरोपी वारदात से पहले रेकी कर सूनसान स्थान और समय का चयन करते थे ताकि भागने में आसानी हो। आरोपियों ने लूटी गई चांदी को बारामती के एक सुनार को बेच दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

गिरोह के तीन सदस्य आदित्य पवार, गणेश लाडो और समीर शाह अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने मामले में और भी खुलासों की संभावना जताई है।

# उत्तम ने धान खरीद के आंकड़ों के साथ हरीश राव के आरोपों का जवाब दिया


हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने मंगलवार को धान खरीद से जुड़े आरोपों को लेकर पूर्व मंत्री और बीआरएस नेता टी हरीश राव पर पलटवार किया। आधिकारिक आंकड़े साझा करते हुए मंत्री ने हरीश राव से आग्रह किया कि वे "झूठ का दैनिक अभियान" बंद करें। हरीश राव को सीधे संबोधित एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उत्तम कुमार रेड्डी ने मौजूदा रबी सीजन के दौरान धान खरीद में तेज वृद्धि दिखाते हुए एक तुलनात्मक चार्ट साझा किया। मंत्री द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से पता चला है कि तेलंगाना सरकार ने चालू रबी 2024-25 सीजन के दौरान 12 मई तक 43.10 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) धान खरीदा था। पिछले रबी सीजन (2023-24) में इसी अवधि के दौरान खरीदे गए 29.88 एलएमटी और 2022-



23 में 19.62 एलएमटी की तुलना में यह उल्लेखनीय वृद्धि है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल की तुलना में इस साल करीब 44 फीसदी की उछाल आई है और दो साल पहले की तुलना में 120 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है, जो मौजूदा प्रशासन के सक्रिय खरीद प्रयासों को दर्शाता है। उत्तम कुमार रेड्डी ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए अधिक खरीद केंद्र स्थापित किए हैं और संचालन को सुव्यवस्थित किया है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता, अच्छी गुणवत्ता वाले धान के लिए प्रति क्विंटल 500 रुपये का बोनस देना और समय पर खरीद ने तेलंगाना भर के धान की खेती करने वालों को राहत दी है। मंत्री उत्तम ने धान उत्पादन में तेलंगाना के रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वनकालम सीजन में 66.7 लाख एकड़ में 153.5 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ, जबकि चल रही यासांगी फसल ने 55 लाख एकड़ को कवर किया, जिससे 127 लाख मीट्रिक टन की पैदावार हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार तेलंगाना ने एक कृषि वर्ष में कुल 280 एलएमटी धान का उत्पादन किया है- जो न केवल राज्य के इतिहास में, बल्कि पूरे देश में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारत के कृषि परिदृश्य में यह दुर्लभ और असाधारण उपलब्धि कालेश्वरम परियोजना के ध्वस्त हो जाने के बावजूद हासिल की गई।

## टीटीडी आंध्र प्रदेश-टीएस जनप्रतिनिधियों के पत्रों के लिए वीआईपी ब्रेक दर्शन फिर से शुरू करेगा

तिरुमला, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने तिरुमला में श्रीवारी दर्शन के लिए इन दो तेलुगु राज्यों के एमपी, एमएलए और एमएलसी के अनुशंसा पत्रों को स्वीकार करना फिर से शुरू करने का एक अस्थायी निर्णय लिया है। टीटीडी 15 मई से जुड़वां तेलुगु राज्यों से संबंधित जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा पत्रों को स्वीकार करेगा। हालांकि, इसके अलावा अन्य अनुशंसा पत्रों पर पहले लिया गया निर्णय जारी रहेगा। जिन भक्तों को नियमों के अनुसार वीआईपी ब्रेक दर्शन टिकट आवंटित किए गए हैं, उन्हें 16 मई से श्रीवारी दर्शन प्रदान किए जाएंगे।



नए सूचना आयुक्त पीवी श्रीनिवास राव, बोरड्डी अयोध्या रेड्डी, देशमा भूपाल, मोहिसिना परवीन ने अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से जुबली हिल्स आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

## हरीश राव ने अफवाहों को खारिज किया, केसीआर और बीआरएस के प्रति दोहराई वफादारी



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने मंगलवार को पार्टी के भीतर अंदरूनी दरार और उनके संभावित बाहर निकलने की अटकलों को खारिज करते हुए उन्हें पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने लोगों से उनके खिलाफ झूठे प्रचार पर विश्वास न करने का आग्रह किया और कहा कि वह बीआरएस और पार्टी प्रमुख के चंद्रशेखर राव के वफादार सिपाही हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि वे पहले ही इस झूठे प्रचार की निंदा कर चुके हैं, जबकि पार्टी नेता दासोजू श्रवण और एरोला श्रीनिवास ने उनकी ओर से इस मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि मैंने डीजीपी से फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध भी किया है।

हरीश राव ने चंद्रशेखर राव और बीआरएस के प्रति अपनी वफ़ादारी दोहराई। उन्होंने कहा कि मैंने सैकड़ों बार कहा है- के चंद्रशेखर राव हमारे नेता हैं और मैं एक अनुशासित कार्यकर्ता हूं जो उनके निर्देशों का सख्ती से पालन करता हूं। पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर उन्होंने कहा कि अगर चंद्रशेखर राव पार्टी की कमान केटी रामा राव को सौंपने का फैसला करते हैं तो वह बिना किसी शर्त के उस फैसले का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर राव और पार्टी के प्रति मेरी निष्ठा निर्विवाद है। दलबदल की अफवाहों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह न तो बीआरएस छोड़ रहे हैं और न ही किसी अन्य पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

## स्वयंभू अघोरी के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज



करीमनगर, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। स्वघोषित अघोरी एलारी श्रीनिवास के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया गया है। कोत्तापल्ली पुलिस ने एक महिला के साथ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया है। पीड़िता द्वारा 28 अप्रैल को दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 64(1), 87, 318(4), 351(2) बीएनएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्रीनिवास ने पिछले साल 21 नवंबर को महिला का अपहरण कर लिया था और उसके साथ यौन शोषण किया था। बाद में, उसे कोंडागट्टू अंजनेया स्वामी मंदिर भी ले जाया गया, जहां उसने उसके गले में एक पवित्र धागा बांध दिया। श्रीनिवास ने उससे 3 लाख रुपए लिए और उसे चेतावनी दी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उसने पहले फोन पर उससे दोस्ती की थी और शुरू में वह उससे सनातन धर्म के बारे में बात करता था। इससे पहले मोकिला पुलिस ने एक मामले में श्रीनिवास को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। वह फिलहाल चंचलगुडा जेल में बंद है।

## आईआईसीटी वैज्ञानिक को प्रतिष्ठित आईएनएसए विशिष्ट व्याख्यान फेलोशिप से किया गया सम्मानित



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईआईसीटी) के अनुसंधान वैज्ञानिक डॉ. सूर्य प्रकाश सिंह को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) द्वारा वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित आईएनएसए विशिष्ट व्याख्यान फेलोशिप से सम्मानित किया गया है।

डॉ. सिंह सीएसआईआर-आईआईसीटी और हैदराबाद के पहले शोधकर्ता हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है। वे आईआईसीटी में एक शोध समूह का नेतृत्व करते हैं जो संधारणीय ऊर्जा और सामग्री विज्ञान में वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के साथ अनुवाद संबंधी शोध पर केंद्रित है। उनका काम अगली पीढ़ी की सौर प्रौद्योगिकियों जैसे डाई-सेंसिटाइज्ड, ऑर्गेनिक और पेरोवस्काइट सौर कोशिकाओं की दक्षता को बढ़ाने के लिए उन्नत आणविक सामग्री, विशेष रूप से फोटोसेंसिटाइज़र को डिज़ाइन करने पर केंद्रित है।

डॉ. सिंह के शोध की एक प्रमुख उपलब्धि जैविक प्रणालियों में माइटोकॉन्ड्रियल इमेजिंग के लिए तटस्थ, गैर-विषाक्त, स्थिर और अत्यधिक फ़्लोरोसेंट बॉडीपी रंगों का विकास है। यह नवाचार वैज्ञानिक और जैव चिकित्सा उपयोग के लिए आशाजनक है। डॉ. सिंह के योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें सीआरएसआई कांस्य पदक (2024), एनएएसआई-यंग साइंटिस्ट प्लेटिनम जुबली पुरस्कार (2012) और एवीआरए यंग साइंटिस्ट पुरस्कार (2015) शामिल हैं।

## दुब्बाक में बुनकर ने की आत्महत्या

सिद्दीपेट, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कथित तौर पर गहरे आर्थिक संकट में फंसे एक बुनकर का शव सोमवार को दुब्बाक कस्बे में लटका हुआ पाया गया। गोरीत्याला बलराज (48), जो पिछले तीन दशकों से बुनाई का काम कर रहे थे, ने एक साल पहले यह पेशा छोड़ दिया था क्योंकि वह उचित आय नहीं कमा पा रहे थे। जब बालाराजू दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम कर रहा था, तब उसकी पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ हैदराबाद चली गई थी, जहां वह एक फैक्ट्री में काम कर रही थी। बालाराजू ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्रोतों से 5 लाख रुपये उधार लिए थे, कहा जाता है कि जब वे कर्ज चुकाने के लिए जोर दे रहे थे, तो उसने आत्महत्या करने का फैसला किया। बलराज दुब्बाक के हथकरघा बुनकर सहकारी समिति के सदस्य थे। उनके साथी बुनकरों ने कहा कि बलराजु के परिवार की दुर्दशा दुब्बाक के हर बुनकर की दुर्दशा को दर्शाती है।

## खम्मम में गांजा मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

खम्मम, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। गांजा तस्करी में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से दो किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, यह जानकारी करेपल्ली के पुलिस निरीक्षक तिरुपति रेड्डी ने दी। उन्होंने बताया कि करेपल्ली के एसआई राजाराम और स्टाफ ने करेपल्ली चौराहे पर गश्त के दौरान कोत्तागुडेम के वलीपीरेड्डी राज कमल और कुंजा दिलीप नामक दो लोगों को संदिग्ध रूप से घूमते देखा। जब उन्हें हिरासत में लेकर उनकी जांच की गई तो पुलिस को उनके पास मौजूद एक बैग में दो किलो गांजा मिला। जांच के दौरान पता चला कि कोत्तागुडेम जिले के येलंडु का राज कमल येलंडु और करेपल्ली पुलिस थानों के अंतर्गत दो हत्या के मामलों में मुख्य आरोपी था। वह खम्मम आबकारी पुलिस थाने के अंतर्गत गांजा मामले में भी आरोपी था। सीआई ने बताया कि आरोपी के खिलाफ करेपल्ली पुलिस थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मोदी के चित्र का दुग्धाभिषेक



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जामबाग डिवीजन के पार्षद राकेश जायसवाल ने सिंदूर ऑपरेशन की शानदार सफलता का जश्न मनाते हुए पुतली बाउली एक्स रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र का दुग्ध अभिषेक किया।

यह प्रतीकात्मक इशारा नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आभार और गर्व व्यक्त करने के लिए किया गया था। जायसवाल ने बताया कि बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के अथक प्रयासों के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिनमें ए. राज कुमार, अध्यक्ष, जामबाग डिवीजन, राजेंद्र जायसवाल, संदीप जैन, बालाजी हिवारे, बी. श्रीकांत जी. बलराज भानु चंद्र, शिव कुमार, रवि, महेश, हरिनाथ प्रमुख हैं। समारोह में देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण नारे भी लगाए गए।

## रिश्वतखोरी के मामले में सूर्यापेट के डीएसपी और इंस्पेक्टर गिरफ्तार

सूर्यापेट, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पार्थसारथी और इंस्पेक्टर पी वीरा राघवुलु को एक शिकायतकर्ता से 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया, जिसे बाद में 16 लाख रुपये में बदल दिया गया। आरोपी अधिकारियों को मंगलवार को हैदराबाद के नामपल्ली में एसपीई और एसीबी मामलों के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, शिकायतकर्ता, एक स्कैनिंग सेंटर का मालिक, फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट रैकेट में शामिल होने के कारण कानूनी मुद्दों का सामना कर रहा था। पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर उसकी गिरफ्तारी से बचने और उसके व्यवसाय को बिना किसी हस्तक्षेप के चालू रखने की अनुमति देने के लिए रिश्वत की मांग की।

खुद को लगातार पुलिस के दबाव में पाकर शिकायतकर्ता ने नलगोंडा में एसीबी अधिकारियों से संपर्क किया, जिन्होंने तुरंत जांच शुरू कर दी। स्टिंग ऑपरेशन के बाद एडिशनल एसपी कमलाकर रेड्डी के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने डीएसपी और इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया। उनके दफ्तरों और घरों की तलाशी ली गई।

## बेटे की मौत से दुखी व्यक्ति ने की आत्महत्या

करीमनगर, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। अपने बेटे की मौत को पचा न पाने के कारण तिम्मापुर मंडल के मन्नेमपल्ली में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। कीटनाशक का सेवन करने वाले सिरिकोंडा तिरुपति राव ने सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। तिरुपति राव अपने बेटे निखिल की मौत से दुखी थे, जिसने 10 मार्च को एक कृषि कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी थी। बीएससी एग्रीकल्चर के तीसरे वर्ष के छात्र निखिल को ऑनलाइन गेमिंग की लत लग गई थी और वह बहुत बड़ी रकम हार गया था। हालांकि उसके माता-पिता ने कथित तौर पर उसका 4 लाख रुपए का कर्ज चुका दिया था, फिर भी निखिल ने यह कदम उठाया। अपने बेटे की मौत से दुखी होकर तिरुपति राव ने भी यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

## सीबीएसई कक्षा 12 के परिणामों में तेलंगाना की लड़कियां लड़कों से आगे

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा 2025 के परिणामों में तेलंगाना के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.73 दर्ज किया गया। सीबीएसई के अनुसार, तेलंगाना से कुल 8477 छात्र पंजीकृत हुए, 8443 परीक्षा में शामिल हुए और 8420 उत्तीर्ण हुए। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों को पछाड़ दिया है, तथा उत्तीर्णता में 0.14 प्रतिशत अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। कुल 4,003 लड़कियां 99.80 प्रतिशत पास हुईं, जबकि 4,440 लड़के 99.66 प्रतिशत पास हुए। कुल मिलाकर, देश भर से 1704367 छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया। 1692794 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 1496307 उत्तीर्ण हुए, इस प्रकार उत्तीर्ण प्रतिशत 88.39 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक है।

# वन अधिकारियों ने कोत्तागुडेम में वन भूमि पर अतिक्रमण के प्रयास को किया विफल



कोत्तागुडेम, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वन अधिकारियों ने जिले के मुथारम बीट में कुछ व्यक्तियों द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण करने के कथित प्रयास को विफल कर दिया है।

वन प्रभागीय अधिकारी एस सुजाता ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि गोल्लागुडेम के कुछ निवासियों ने पलोंचा रेंज में मुथारम बीट के कंपार्टमेंट नंबर 59 में वन भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश की। वन और पुलिस विभागों के तहत सितंबर 2024 में 17 स्थानीय लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे, जब उन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश की थी और इस घटना के संबंध में एक मामला उच्च न्यायालय में लंबित था।

हालांकि, रविवार को स्थानीय लोगों ने फिर से उक्त भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश की। वन अधिकारियों ने पुलिस की मदद से उन्हें खदेड़ दिया और भूमि पर पुनः कब्ज़ा कर लिया। सुजाता ने बताया कि मंगलवार को भूमि पर पौधे लगाए गए और स्थानीय लोगों को वन भूमि से दूर रहने को कहा गया। वन प्रभागीय अधिकारी ने चेतावनी दी कि जो लोग दोबारा ऐसी हरकत करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गांव के निवासियों से वनों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की।

## नर्सों और लैब तकनीशियनों के लिए थैलेसीमिया और सिकल सेल पर सीएमई कार्यक्रम

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया के निदान, प्रबंधन और रोकथाम में नवीनतम विकास पर नर्सों और प्रयोगशाला तकनीशियनों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मंगलवार को थैलेसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी (टीएससीएस) द्वारा एक सीएमई कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया - निदान और प्रबंधन' पर एक पैनल चर्चा का नेतृत्व डॉ. सुमन जैन, सचिव, टीएससीएस, रत्नावल्ली कोटापल्ली, उपाध्यक्ष, टीएससीएस और डॉ.के सरोजा, चिकित्सा अधिकारी, टीएससीएस ने किया।

एक अन्य सत्र 'थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया की बुनियादी आनुवंशिकी' में डॉ.वी. संध्या, बाल चिकित्सा हेमेटोलॉजिस्ट और ओन्कोलॉजिस्ट, रेनबो चिल्ड्रेंस हॉस्पिटल, और डॉ. ममता, एक शोध वैज्ञानिक ने भाग लिया। डॉ. बनोथ सत्यवती, डिप्टी डीएम एंड एचओ, कीसरा डिवीजन, मलकाजगिरी ने रक्त विकारों के बारे में ज्ञान के साथ नर्सों और लैब तकनीशियनों को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया।

## लापरवाह कार चालक ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारी, दो लोग घायल

मेदक, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कौडिपल्ली मंडल के वेंकटरावपेट में मंगलवार दोपहर गलत दिशा से आ रहे एक कार चालक ने उनके दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इस पूरी घटना को दो अन्य व्यक्तियों ने रिकॉर्ड किया जो कार के पीछे यात्रा कर रहे थे, जिसे कथित तौर पर काफी लापरवाही से चलाया गया था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घायल व्यक्ति मंडल के राजूपेट निवासी लक्ष्मण और रमेश थे। उन्हें कोवडीपल्ली के एक क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### 'उत्तराधिकारी जस्टिस गवई ...

इस दौरान न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि न्यायमूर्ति खन्ना ने न केवल अपनी चाचा की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि उसे अपनी पहचान भी दी। उन्होंने न्यायमूर्ति खन्ना की न्यायिक स्पष्टता, नैतिक विश्वास और मौलिक अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। न्यायमूर्ति संजय कुमार ने भी न्यायमूर्ति खन्ना की कार्यशैली की तारीफ की और बताया कि वह हमेशा शांत और संयमित रहते थे, भले ही वकील तैयार नहीं होते थे। इस मौके पर केंद्रीय वकील आर. वेंकटरमणि और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी न्यायमूर्ति खन्ना के निर्णयों की सराहना की, जिनमें सटीकता, स्पष्टता और संविधानिक मूल्यों की झलक मिलती थी।

वहीं सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने कहा, न्यायमूर्ति खन्ना एक प्रकाश स्तंभ की तरह हैं, जिन्होंने न्यायपालिका के मानक को ऊंचा किया है। उनका न्याय के प्रति सहज संवेदनशीलता और युवा वकीलों को प्रोत्साहन देने का तरीका कभी नहीं भुलाया जाएगा। न्यायमूर्ति खन्ना का कार्यकाल बहुत ही महत्वपूर्ण और संक्षिप्त रहा, लेकिन उनकी निर्णयों, पारदर्शिता और न्यायिक जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें इतिहास में एक स्थायी स्थान दिलवाया है।

### सूचना देने पर ...

भारत ने तेजी से और निर्णायक तरीके से जवाब देते हुए 11 खास पाकिस्तानी एयरबेसों को टारगेट किया। एलओसी पर कई दिनों तक चले तनाव के बाद दोनों देश 10 मई को सीजफायर पर पहुंचे। हालांकि, उसी रात पाक की तरफ से फिर सीजफायर का उल्लंघन किया गया।

बीते दिन फिर दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच बातचीत हुई है। भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने शाम 5 बजे हॉटलाइन पर बातचीत की। इसमें दोनों पक्ष इस बात पर राजी हुए कि बॉर्डर और फॉरवर्ड एरिया पर जवानों की संख्या घटने के लिए विचार करें। साथ ही किसी भी तरह का हमला ना करें।

### राजनाथ सिंह ने ...

गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई।

### क्या मोदी सरकार ...

हालांकि उसकी कुछ बातें आज भी गोपनीय हैं- और रहनी भी चाहिए। उन्होंने लिखा, उस कमेटी की अध्यक्षता भारत के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रह्मण्यम ने की थी, जो विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी के पिता हैं। क्या मोदी सरकार अब पहलगाम की घटना पर वैसी ही कोई जांच कराएगी, भले ही एनआईए जांच कर रही हो?

जयराम रमेश के इस बयान के पीछे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बड़ा दावा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के बीच एक परमाणु संघर्ष टल गया था और इसमें अमेरिका की भूमिका रही। ट्रंप ने कहा, शनिवार को हमने भारत और पाकिस्तान के बीच एक पूर्ण और तात्कालिक युद्धविराम कराने में मदद की।

यह एक स्थायी समझौता है, और हमने एक बड़ा परमाणु टकराव टाल दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे युद्ध बंद करते हैं, तो अमेरिका उनके साथ बड़ा व्यापार करेगा। और अगर नहीं माने, तो कोई व्यापार नहीं होगा। ट्रंप ने यह भी कहा, लोगों ने कभी व्यापार को इस तरह से इस्तेमाल नहीं किया जैसे मैंने किया। मैंने कहा- युद्ध बंद करो, तो व्यापार होगा, नहीं तो कुछ नहीं। और उन्होंने युद्ध बंद कर दिया।

भारत सरकार के सूत्रों के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के सैन्य प्रमुखों (डीजीएमओ) ने आपसी सहमति से सभी तरह की सैन्य कार्रवाई (जमीन, हवा और समुद्र) को रोकने का फैसला किया। भारत ने स्पष्ट किया है कि इसमें कोई तीसरी पार्टी शामिल नहीं थी।

### चुनाव आयोग ने ...

यह भी बताया गया कि डुप्लीकेट वोटर आईडी कार्ड और एक जैसे ईपीआईसी नंबर का मुद्दा काफी समय से लंबित था। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और भारत भर के सभी 4,123 विधानसभा क्षेत्रों के सभी 10.50 लाख मतदान केंद्रों के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों ने 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं के संपूर्ण चुनावी डाटाबेस की खोज की।

बताया गया कि जब 2005 में विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग वोटर कार्ड जारी करने के दौरान अल्फान्यूमेरिक श्रृंखला का उपयोग कर रहे थे। 2008 में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद इन श्रृंखलाओं को फिर से बदलना पड़ा। इस दौरान कुछ विधानसभाओं ने गलती से या तो पुरानी श्रृंखला का इस्तेमाल जारी रखा या टाइपोग्राफिक त्रुटियों के कारण उन्होंने कुछ अन्य निर्वाचन क्षेत्रों को आवंटित श्रृंखला का इस्तेमाल किया। इस मुद्दे को लेकर वरिष्ठ टीएमसी नेता ने कहा कि हम तभी प्रतिक्रिया देंगे जब चुनाव आयोग रिकॉर्ड पर बोलेगा, न कि सूत्रों के माध्यम से।

मार्च में पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस ने कई राज्यों में डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र नंबरों का मुद्दा उठाया और चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया था।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# कोहली के जल्दबाजी में संन्यास की 5 वजहें: युवाओं को मौका देने की सोच

## कोच गंभीर के सख्त नियम; 10,000 रन नहीं बना सके

खेल डेस्क, 13 मई (एजेंसियां)। 36 साल के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वे अगर 1-2 साल और खेलते तो 10 हजार रन बनाकर इस फॉर्मेट में भारत के तीसरे टॉप स्कोरर बन जाते, लेकिन विराट ने रिकॉर्ड की परवाह नहीं की।

विराट भारत के चौथे टॉप स्कोरर रहे। देश के टॉप-5 टेस्ट स्कोरर में कोहली ने ही सबसे जल्दी संन्यास लिया। सचिन तेंदुलकर ने तो 36 साल की उम्र के बाद 9 टेस्ट शतक और लगा दिए थे। वे 40 साल तक खेले, लेकिन विराट ने इस फॉर्मेट में अपना करियर लंबा नहीं होने दिया।

**टेस्ट में अपना पीक फॉर्म खो दिया**

विराट कोहली ने 2019 में अपना 27वां टेस्ट शतक लगाया। अगले ही साल कोरोना वायरस आया, मुकाबले कम होने लगे और कोहली ने अपना पीक फॉर्म खो दिया। 2019 तक उन्होंने करीब 55 की औसत से 7202 रन बना लिए थे। वे अगले 5 साल के 39 टेस्ट में महज 31 की औसत से 2028 रन ही बना सके। इस दौरान उनके बैट से 3 ही सेंचुरी निकलीं।

कोहली के खराब फॉर्म में कोरोना के बाद की बॉलिंग फ्रेंडली पिचों का योगदान भी बड़ा रहा। महामारी के बाद कोहली ने 37 टेस्ट में 32.09 की औसत से रन बनाए, जो उनके स्टैंडर्ड से बेहद सामान्य रहा। हालांकि, इस दौरान दुनिया भर के टॉप-7 बैटर्स का औसत महज 29.87 का रहा। वहीं कोहली को छोड़कर टीम इंडिया के बाकी टॉप-7 बैटर्स का औसत भी 31.15 का ही रहा। यानी कोहली पिछले 5 साल में दुनिया के टॉप बैटर्स में कम्पीट तो करते रहे, लेकिन उन्हें अपने ही स्टैंडर्ड में गिर जाना नहीं पसंद आया।

बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली 3 सीरीज में भी कोहली आउट ऑफ फॉर्म नजर आए। वे एक फिफ्टी और एक सेंचुरी ही लगा सके। 3 से 5 जनवरी तक उन्होंने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला और मई में संन्यास ले लिया।




**दिसंबर 2019 तक**

| टेस्ट | रन | औसत |
|---|---|---|
| 84 | 7202 | 54.97 |
| **शतक** | **फिफ्टी** | **बेस्ट** |
| 27 | 22 | 254* |

**जनवरी 2020 से**

| टेस्ट | रन | औसत |
|---|---|---|
| 39 | 2028 | 30.72 |
| **शतक** | **फिफ्टी** | **बेस्ट** |
| 3 | 9 | 186 |

**हेड कोच गंभीर की सख्त पॉलिसी**

गौतम गंभीर अगस्त 2024 में टीम इंडिया के नए हेड कोच बनाए गए। उन्होंने कोच बनते ही बयान दिया था कि वे टीम इंडिया के स्टार कल्चर को खत्म करना चाहते हैं। उनका मानना रहा कि फैंस और मैनेजमेंट का फोकस प्लेयर के रिकॉर्ड्स से ज्यादा टीम की जीत पर होना चाहिए।

गंभीर की एंट्री के बाद BCCI ने लंबे दौरों पर परिवार के ज्यादा समय साथ रहने पर पाबंदी लगा दी। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और टीम के कुछ सीनियर प्लेयर इस फैसले से नाराज नजर आए। गंभीर के कोच बनने के बाद टीम ने न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान और ऑस्ट्रेलिया से उन्हीं के मैदान पर सीरीज हार झेली। जिसके बाद रविचंद्रन अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली को संन्यास लेना पड़ गया।

**रोहित शर्मा का इन्फ्लुएंस**

टीम इंडिया के वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। इसके 5 दिन के भीतर विराट कोहली ने फिर रेड बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। यह पहला मौका नहीं है, जब दोनों प्लेयर्स ने एक साथ किसी फॉर्मेट से संन्यास लिया।

29 जून 2024 को जब भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता था, तब प्लेयर ऑफ द फाइनल विराट कोहली ने प्रेजेंटेशन सेरेमनी में टी-20 से संन्यास की घोषणा की। जिसके कुछ देर बाद ही रोहित शर्मा ने भी जीत सेलिब्रेट करते हुए सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। यानी रोहित के टेस्ट रिटायरमेंट ने कहीं न कहीं कोहली पर भी संन्यास लेने का दबाव बनाया।

**ऑस्ट्रेलिया में दे दिए थे संकेत**

नवंबर से जनवरी के बीच भारत ने ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट दौरा किया, जहां टीम को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। कोहली ने पहले ही मुकाबले में शतक लगाया, जिसके बाद उन्हें लगा कि वे अपना फॉर्म वापस पा चुके हैं। हालांकि, बाद के 4 टेस्ट की 7 पारियों में विराट हर बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर स्लिप में ही कैच हुए। वे एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके और 190 रन के साथ सीरीज खत्म की।

ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद कोहली ने कहा था कि वे इस फॉर्मेट में अपना फॉर्म खोने लगे हैं। TOI की रिपोर्ट अनुसार, तब उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी से कह दिया था कि वे इस फॉर्मेट में खुद को और आगे बढ़ते हुए नहीं देखते। जिसके बाद मई में कोहली ने संन्यास ही ले लिया।

**युवा खिलाड़ियों को मौका देने की सोच**

2019 में शुरू हुई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप भी कोहली के संन्यास की बड़ी वजह है। क्योंकि 20 जून से इंग्लैंड में टीम इंडिया की 5 टेस्ट की सीरीज शुरू होगी। जो 2027 की डब्ल्यूटीसी में भारत की पहली सीरीज है, यहीं से टीम इंडिया का फाइनल में पहुंचना तय होगा।

कोहली कई इंटरव्यूज में कह चुके हैं कि अगर उन्हें लगेगा कि वे टीम के लिए कॉन्ट्रिब्यूट नहीं कर पा रहे तो वे संन्यास ले लेंगे। उन्हें महसूस हुआ होगा कि युवा टीम तैयार करने के लिए जरूरी है कि डब्ल्यूटीसीमें नई टीम को ही मौका मिले। क्योंकि वे खुद की कप्तानी में 2 बार टीम इंडिया को डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचा चुके हैं। कोहली जब कप्तान नहीं रहे तो टीम खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। ऐसे में संभव है कि कोहली ने टीम के भविष्य को ध्यान में रखते हुए रिटायरमेंट लिया।

# शुभमन गिल को कप्तान बनाने के फेवर में नहीं सुनील गावस्कर, इस खिलाड़ी का सुझाया नाम



गिल की कप्तानी पर गावस्कर की असहमति

मुंबई, 13 मई (एजेंसियां)। भारतीय टीम के दिग्गज कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, जिसके बाद सिलेक्शन कमिटी के सामने क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में कप्तान चुनने की समस्या है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सिलेक्शन कमिटी को टेस्ट फॉर्मेट में नेशनल टीम के लिए एक नया कप्तान और एक उप-कप्तान चुनना है, खासकर तब जब रोहित के डिप्टी जसप्रीत बुमराह ने कथित तौर पर खुद को कप्तानी की रेस से बाहर कर लिया है। बुमराह रोहित की जगह लेने के लिए परफेक्ट दिख रहे थे, लेकिन उनकी चोट के रिकॉर्ड ने सिलेक्टर्स को इस पद के लिए किसी दूसरे खिलाड़ी के नाम पर विचार करने पर मजबूर कर दिया है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल टीम की कमान संभालने के लिए फेवरेट दिख रहे हैं। हालांकि भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर चाहते हैं कि बुमराह को कमान सौंपी जाए। उन्होंने 'स्पोर्ट्स टुडे' से बात करते हुए कहा, 'खुद से बेहतर कौन जान सकता है कि उसका वर्कलोड क्या है? अगर आप किसी और को कप्तान बनाते हैं तो वो हमेशा बुमराह से एक एक्सट्रा ओवर करवाना चाहेंगे। अगर वह आपका नंबर 1 गेंदबाज है, तो वह खुद जानता होगा कि उसे कब ब्रेक लेना चाहिए। मेरे लिए यह केवल बुमराह ही हो सकते हैं। मैं उनके वर्कलोड और इस तरह की सभी अटकलों को जानता हूं। उन्हें खुद तय करने दें कि उन्हें कितने ओवर गेंदबाजी करनी है, ताकि वह जान सके कि कितने ओवर गेंदबाजी करनी है, कब आराम करना है और कब आराम नहीं करना है। यह सबसे अच्छी बात होगी।'

**चोट की वजह से चैम्पियंस ट्रॉफी नहीं खेल पाए बुमराह**

बता दें कि बुमराह ने टीम इंडिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र जीत दिलाई थी। हालांकि सिडनी में खेले गए टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में उन्हें चोट लग गई। यह चोट इतनी गंभीर थी कि बुमराह इस साल चैंपियंस ट्रॉफी में भी भारत के लिए नहीं खेल पाए। यही वजह है कि बीसीसीआई बुमराह के वर्कलोड को लेकर सतर्क है। लेकिन, गावस्कर बोर्ड के रुख और गिल को तरजीह देने के पीछे के कारण से सहमत नहीं हैं।

**20 जून से शुरू होगा भारत का इंग्लैंड दौरा**

उन्होंने कहा, 'बुमराह को शायद कोई टेस्ट मैच मिस न करना पड़े। अगर आप उसे यह जिम्मेदारी देते हैं, तो वह जान सकता है कि कब रुकना है। मेरे हिसाब से उसे यह जिम्मेदारी दे दीजिए। पहले टेस्ट के बाद आठ दिन का गैप होता है, जो रिकवर होने के लिए पर्याप्त समय होता है।' बता दें कि भारत का इंग्लैंड का दौरा 20 जून से शुरू हो रहा है और बीसीसीआई अगले सप्ताह में भारत के टेस्ट कप्तान की घोषणा कर सकता है।

## 'तो भगवान भी उन्हें ड्रॉप नहीं कर सकते'

### रोहित-विराट को लेकर सुनील गावस्कर के बयान से मची खलबली

मुंबई, 13 मई (एजेंसियां)। दिग्गज कप्तान रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट को अलविदा कह दिया। दोनों खिलाड़ी टी-20 इंटरनेशनल से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। टेस्ट से संन्यास के बाद सभी के मन में यह सवाल है कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी कब तक वनडे खेलते रहेंगे। उम्मीद की जा रही है कि विराट और रोहित 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक खेलना जारी रखेंगे। इस पूरे मुद्दे पर अब दिग्गज भारतीय खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने बड़ा बयान दिया है। गावस्कर को लगता है कि ये दोनों दिग्गज 2027 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने दावा किया कि भले ही दोनों खिलाड़ी इस फॉर्मेट में सबसे बड़े नाम हैं, लेकिन वे शायद उस समय टीम में न हों। उन्होंने 'स्पोर्ट्स टुडे' से बात करते हुए कहा, 'यह चयन समिति की विचार प्रक्रिया होगी। अगर सिलेक्शन कमिटी सोचती है कि वो कर सकते हैं तो दोनों खिलाड़ी इसके लिए वहां मौजूद होंगे। लेकिन जहां तक उनकी व्यक्तिगत राय है, इसकी संभावना कम ही है। मुझे नहीं लगता कि वे तब तक खेलेंगे। लेकिन, कौन जानता है। अगले एक साल में दोनों अच्छी फॉर्म में नजर आते हैं और लगातार शतक जड़ते हैं, तो भगवान भी उन्हें ड्रॉप नहीं कर सकते।' विराट और रोहित के नाम वनडे में गजब रिकॉर्ड्स हैं, जो उन्हें इस फॉर्मेट का बेताज बादशाह बनाते हैं। यही वजह है कि दोनों को लेकर उम्मीद की जा रही है कि वो अगले दो साल और खेल सकते हैं।

# फाइनल मैच के वेन्यू पर बड़ा अपडेट

## ईडन गार्डन्स नहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर हो सकता है मैच

खेल डेस्क, 13 मई (एजेंसियां)। बीती रात आईपीएल 2025 का दूसरा शेड्यूल सामने आ चुका है। 17 मई से फिर से इसकी शुरुआत होने जा रहा है वहीं 3 जून को आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। लीग मैचों के लिए तो 6 वेन्यू सामने आ चुके हैं, लेकिन प्लेऑफ के लिए अभी तक वेन्यू सामने नहीं आया है। ऐसे में फैंस के मन में सवाल उठ रहा है क्या आईपीएल 2025 का फाइनल कोलकाता के ईडन गार्डन्स की बजाय किस दूसरे मैदान पर होगा? इसको लेकर बड़ी जानकारी भी सामने निकलकर आ रही है।

आईपीएल 2025 के पहले शेड्यूल के अनुसार फाइनल मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर होना तय था,



ईडन गार्डन्स में नहीं होगा फाइनल?

लेकिन अब इसमें बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद अब टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल भी बदल गया है और फाइनल मैच अब 25 मई नहीं बल्कि 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स की जगह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा सकता है। हालांकि इसको लेकर अभी तक बीसीसीआई ने ऑफिशियल जानकारी नहीं दी है।

क्यों बदला जा सकता है फाइनल का वेन्यू?

रिपोर्ट के मुताबिक फाइनल का वेन्यू बदलने का मुख्य कारण 3 जून के आस-पास कोलकाता में खराब मौसम को माना जा रहा है। क्योंकि 3 जून को कोलकाता में खराब मौसम और भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। बीसीसीआई द्वारा फाइनल मुकाबले को कोलकाता से अहमदाबाद स्थानांतरित करने की संभावना है। जहां तक मौसम की स्थिति का सवाल है, ईडन गार्डन्स में 3 जून को लगभग 65% वर्षा होने की संभावना है।

अभी बचे है 17 मैच

आईपीएल 2025 में अभी 17 मैच ओर खेले जाएंगे। इनमें एक मैच वो भी है जो 8 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में खेला जा रहा था, जिसको भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रद्द कर दिया गया था। ये मैच अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा।

# आईपीएल पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोला प्लेयर्स खेलना चाहते हैं या नहीं ये उन पर निर्भर

खेल डेस्क, 13 मई (एजेंसियां)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि आईपीएल फिर से शुरू होने के बाद यह प्लेयर्स पर निर्भर है कि वह आईपीएल के लिए भारत लौटना चाहते हैं या नहीं। भारत-पाक तनाव की वजह से बीसीसीआई ने 9 मई को लीग को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं। फाइनल सहित अभी आईपीएल के 16 मैच बाकी हैं। टूर्नामेंट 17 मई से फिर से शुरू हो रहा है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि वह खिलाड़ियों के साथ है। सीए ने बयान में कहा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ियों को उनके व्यक्तिगत निर्णयों में समर्थन देगा कि वे भारत लौटना चाहते हैं या नहीं, टीम प्रबंधन उन खिलाड़ियों के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारी पर काम करेगा जो शेष आईपीएल मैचों में खेलना चुनते हैं। हम सुरक्षा व्यवस्था के बारे में ऑस्ट्रेलियाई सरकार और बीसीसीआई के साथ संवाद बनाए हुए हैं। बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल को फिर से शुरू करने का ऐलान करने के साथ ही नया शेड्यूल जारी कर दिया है। शेड्यूल के मुताबिक 17 मई से फिर से आईपीएल के मैच खेले जाएंगे। 6 वेन्यू पर लीग स्टेज के बचे हुए 13 मैच होंगे। प्लेऑफ स्टेज 29 मई से खेला जाएगा, 3 जून को फाइनल होगा। 17 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच खेला जाएगा। आईपीएल 2025 17 मई से फिर शुरू होगा। इससे पहले 10 मई को भारत-पाक दोनों देशों ने सीजफायर की घोषणा की थी।

## पाकिस्तान सुपर लीग 17 मई से फिर शुरू होगी

### फाइनल 25 मई को; भारत-पाक तनाव के बीच रोका गया था टूर्नामेंट

इस्लामाबाद, 13 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान सुपर लीग 17 मई से फिर से शुरू होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद इसका ऐलान किया। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पाकिस्तानी न्यूज चैनल को पुष्टि की कि टूर्नामेंट के बाकी बचे मैच 17 मई से शुरू होंगे, जबकि फाइनल 25 मई को होगा। नकवी ने कहा कि लीग ठीक उसी जगह से शुरू होगी, जहां से इसे छोड़ा गया था।

भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव की वजह से पीसीबी ने 8 मई को PSL को स्थगित कर दिया गया था। 7 मई को रावलपिंडी स्टेडियम में हुए ड्रोन अटैक के बाद यह खबर आई थी कि पीसीबी ने बचे हुए मैच यूएई में कराने के बारे में कहा है। लेकिन यूएई क्रिकेट बोर्ड ने मना कर दिया।

**केवल 8 मैच बाकी**

पीएसएल के रोके जाने तक 27 मैच पूरे हो गए थे। अब टूर्नामेंट में केवल 8 मैच बाकी है।

क्वेटा ग्लैडिएटर्स पीएसएल की पॉइंट टेबल में टॉप पर है। ग्लैडिएटर्स ने 9 मैचों में से 6 मैच जीते हैं, दो में हार मिली और एक बेनतीजा रहा। क्वेटा ग्लैडिएटर्स प्ले ऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। कराची किंग्स 10 अंकों के साथ पॉइंट टेबल में दूसरे स्थान पर है, जिसने अपने 8 में से 5 गेम जीते हैं। इस्लामाबाद यूनाइटेड 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसने अपने पहले 5 गेम जीतने के बाद लगातार 4 हारे हैं। लाहौर कलंदर्स नौ अंकों के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि पेशावर जाल्मी अपने 9 मैचों में से 4 जीत से आठ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

# भारतीय खिलाड़ियों का फज्जा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में जलवा, जीते 19 पदक

दुबई, 13 मई (एजेंसियां)। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने यहां छठे फज्जा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, चार रजत और 14 कांस्य सहित कुल 19 पदक जीते। शिवराजन सोलाईमलाई और सुदर्शन सरवनकुमार मुथुसामी की जोड़ी ने चैंपियनशिप में एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। इस जोड़ी को रविवार को पुरुष युगल एसएच6 फाइनल में अपने शीर्ष वरीय प्रतिद्वंद्वियों हांगकांग के चू मान काई और वोंग चुन यिम से वॉकओवर मिला। अनुभवी उमेश विक्रम कुमार ने अपने स्टैंडिंग लोअर एसएल3 एकल और पुरुष युगल फाइनल में से दो में रजत पदक जीता, जबकि हार्दिक मक्कड़ और रूथिक रघुपति की जोड़ी पुरुष युगल स्टैंडिंग अपर एसयू5 फाइनल में शीर्ष वरीय मलेशियाई चीह लाइक होउ और



मुहम्मद फरीज अनवार से हार गई। टोक्यो पैरालिंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने सेमीफाइनल में ब्राजील के विटोर टैवरेस से हारने के बाद कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपना पदक भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करते हुए कहा, 'यह पदक वर्दी में उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए है जो हमारे देश की रक्षा के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका साहस मुझे कोर्ट पर लड़ते रहने के लिए प्रेरित करता है।'

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

### ग्रीन की वापसी, कोंस्टास को भी जगह; लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका से फाइनल

मेलबोर्न, 13 मई (एजेंसियां)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान कर दिया है। टीम 11 से 15 जून तक इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल खेलेगी।



ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन की टीम में वापसी हुई है। पीठ की चोट से पहले ग्रीन ने आखिरी बार मार्च 2024 में टेस्ट खेला था। 15 सदस्यीय टीम की कमान तेज गेंदबाज पैट कमिंस संभालेंगे। डब्ल्यूटीसी के तीसरे फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना टाइटल डिफेंड करने उतरेगी।

**सैम कोंस्टास और जोश हेजलवुड को भी मिली जगह**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खिलाफ डेब्यू करने वाले यंग सैम कोंस्टास को भी फाइनल टीम में जगह मिली है। इसके अलावा टीम में ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर ब्रेंडन डॉगेट को जगह मिली है। ब्रेंडन शेफील्ड शील्ड फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।

टेस्ट टीम में कप्तान पैट कमिंस और साथी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी वापसी कर रहे हैं। दोनों प्लेयर्स चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से चूक गए थे और बाद में आईपीएल 2025 में वापसी की। हालांकि, हेजलवुड कंधे की चोट के कारण अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। बाद में भारत-पाक तनाव की वजह से लीग सस्पेंड हो गई। अब उनका अगले मैच में खेलना मुश्किल है।

पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिस, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, जोश हेजलवुड, मैट कुहनेमन, नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ भी यही स्क्वॉड**

ऑस्ट्रेलियाई टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद वेस्टइंडीज का दौरा करना है, जिसके लिए भी उनकी यही स्क्वॉड रहेगी। ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज का दौरा 25 जून से शुरू होगा जिसमें पहले तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। वहीं इसके बाद दोनों टीमों के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज भी होगी।

# मुख्यमंत्री रेवंत 18 मई को इंदिरा गिरि सौर जल विकास योजना का शुभारंभ करेंगे



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी 18 मई को नागरकर्नूल जिले के अचंपेट में चेंचू कॉलोनी में इंदिरा गिरि सौर जल विकास योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना को 12,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से क्रियान्वित किया गया है। इस योजना के तहत, प्रत्येक आदिवासी किसान को सौर ऊर्जा से चलने वाला पंप सेट, स्प्रिंकलर और एवोकैडो और पाम ऑयल जैसे मुफ्त पौधे दिए जाएंगे। भट्टी ने कहा कि आदिवासियों को हर तीन महीने में आय सुनिश्चित करने के लिए बागवानी विभाग के साथ समन्वय में योजनाएं बनाई गई हैं। महबूबाबाद जिले के इल्लंडू निर्वाचन क्षेत्र के लक्ष्मी नरसिंहपुरम में मंगलवार को आयोजित जनसभा में बोलते हुए भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि वित्तीय बाधाओं के बावजूद सरकार लोगों पर कोई बोझ डाले बिना हजारों करोड़ रुपये की कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कई और कल्याणकारी पहल की जा रही हैं।

भट्टी विक्रमार्क ने आरोप लगाया कि बीआरएस पार्टी जन-केंद्रित सरकार नहीं चाहती है और पिछले दस वर्षों से उनके लूटपाट वाले शासन के कारण कृषि ऋण माफी, इंदिराम्मा आवास और राजीव युवा विकास जैसी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं लोगों तक नहीं पहुंची हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार आदिवासी निर्वाचन क्षेत्रों में अतिरिक्त इंदिराम्मा घरों को मंजूरी देने की योजना बना रही है। पिछली सरकार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में वन अधिकार अधिनियम के तहत आदिवासी किसानों को भूमि अधिकार दिए गए थे। लेकिन जब उन्होंने पिछले दस सालों में इस ज़मीन पर खेती करने की कोशिश की, तो उन पर क्रूरता से हमला किया गया-महिलाओं को पेड़ों से बांधकर पीटा गया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जब तेलंगाना को कांग्रेस सरकार को सौंपा गया था, तो पिछले शासकों ने 7 लाख करोड़ रुपये का कर्ज का बोझ छोड़ दिया था। अपने 10 साल के शासन में, उन्होंने एक भी डबल बेडरूम का घर नहीं दिया, किसी भी दलित को तीन एकड़ ज़मीन नहीं दी, हर परिवार को नौकरी नहीं दी और हर मंडल में केजी से लेकर पीजी स्कूल खोलने जैसे वादे छोड़ दिए। उन्होंने सवाल किया कि 7 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लेने के बावजूद, केसीआर सरकार एक भी बड़ा उद्योग या नागार्जुन सागर या एसआरएसपी जैसी बड़ी सिंचाई परियोजना बनाने में विफल क्यों रही। भट्टी विक्रमार्क ने केसीआर परिवार की आलोचना करते हुए कहा कि वे सार्वजनिक धन का दुरूपयोग करके राज्य को दिवालियापन की ओर धकेल रहे हैं, जबकि अब वे राज्य के कल्याण की बात करने का दावा करते हैं। उन्होंने कहा, रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में पूरा मंत्रिमंडल राज्य के लिए अच्छा करने के इरादे से अथक प्रयास कर रहा है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3,500 इंदिराम्मा घरों को मंजूरी दी गई है और 22,500 करोड़ रुपये की लागत से 4.5 लाख घरों का निर्माण किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य आदिवासी निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर इंदिराम्मा घरों को मंजूरी देना है। यह देश के लिए एक ऐतिहासिक योजना है।

## कल्याण का मतलब इंदिराम्मा है : भट्टी

महबूबाबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा, "कल्याण का मतलब इंदिराम्मा है", उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके शासन के दौरान ही 20 सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। मंगलवार को महबूबाबाद जिले के बय्यारम मंडल के गंधमपल्ली में आयोजित इंदिराम्मा आविष्कार सभा में वे बोल रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इंदिराम्मा के कार्यकाल में ही गरीबों को भूमि वितरण और बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ था। उन्होंने कहा, इंदिराम्मा गरीबों, वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों के कल्याण के लिए खड़ी रहीं। भट्टी विक्रमार्क ने याद दिलाया कि जनता ने इंदिराम्मा के नाम पर शासन को पुनर्जीवित करने के उनके चुनाव पूर्व वादे पर भरोसा किया था और उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिराम्मा सरकार के तहत हर गरीब परिवार के लिए 5 लाख रुपये की लागत से दो बेडरूम वाले घर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जब हमने शुरू में इस योजना की घोषणा की थी, तो लोगों ने हमारा मजाक उड़ाया था और सवाल किया था कि क्या यह संभव भी है। आज, हम इंदिराम्मा घर बनाकर इसे हकीकत बना रहे हैं। भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में 3,500 घर बनाए जा रहे हैं, जिनका कुल बजट 22,500 करोड़ रुपये है। वंचित छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्होंने 200 करोड़ रुपये प्रति स्कूल की लागत से 25 एकड़ भूमि पर प्रत्येक जिले में एक यंग इंडिया आवासीय विद्यालय के निर्माण की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के कार्यकाल के दौरान 3.5 लाख से अधिक आदिवासी परिवारों को वन भूमि पर अधिकार दिए गए थे। हालांकि, पिछली बीआरएस सरकार ने आदिवासी किसानों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी थीं। उन्होंने कहा कि आदिवासी किसानों में विश्वास बहाल करने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी 18 मई को नागरकर्नूल जिले के अचंपेट निर्वाचन क्षेत्र में इंदिरा गिरिजाना विकासम पथकम (इंदिरा आदिवासी विकास योजना) का शुभारंभ करेंगे।



## संदीप कुमार सुल्तानिया तेलंगाना के वित्त सचिव नियुक्त

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। 1998 बैच के आईएएस अधिकारी संदीप कुमार सुल्तानिया को तेलंगाना का प्रधान वित्त सचिव नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। सुल्तानिया पूर्व वित्त विशेष मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव का स्थान लेंगे, जो 30 अप्रैल को ए. शांति कुमारी की सेवानिवृत्ति के बाद राज्य के मुख्य सचिव बने थे। अपने पूरे करियर के दौरान, संदीप कुमार सुल्तानिया ने ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग में प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव और वित्त, परिवहन, सहकारिता और पर्यटन में कई वरिष्ठ पदों जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। ग्रामीण विकास, भूमि राजस्व प्रबंधन और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में उनके पास काफी अनुभव है। वर्तमान में, सुल्तानिया योजना विभाग के प्रधान सचिव हैं। इस अवसर पर, संदीप कुमार सुल्तानिया ने उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क से शिष्टाचार भेंट की और तेलंगाना के प्रधान वित्त सचिव के रूप में नियुक्त किए जाने पर उन्हें धन्यवाद दिया।

# हर जिला मुख्यालय में कौशल प्रशिक्षण केंद्र : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने घोषणा की कि तेलंगाना को कौशल विकास में उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के लिए "यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी" के नेतृत्व में रोडमैप के हिस्से के रूप में हर जिला मुख्यालय में कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने मंगलवार को रंगा रेड्डी जिले के कंडुकुर मंडल के मीरखानपेट में स्थित विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर में निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। साइट निरीक्षण के बाद, उन्होंने ठेकेदार प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्हें परियोजना को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर, श्रीधर बाबू ने जोर देकर कहा कि "यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी" की स्थापना शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप की जा रही है, जिससे तेलंगाना के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के युवा असाधारण रूप से सक्षम हैं और सही मार्गदर्शन के साथ, उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में, सरकार एक साथ औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे रही है और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शुरूआती चरण में, मीरखानपेट परिसर में शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाएं, छात्रावास और कुलपति कार्यालय चालू किए जाएंगे, जिसका औपचारिक उद्घाटन इस साल 9 दिसंबर को होने वाला है। विश्वविद्यालय, प्रतिष्ठित उद्योग के नेताओं के साथ साझेदारी में, वर्तमान में फार्मा, रिटेल, लॉजिस्टिक्स और एविएशन और एयरपोर्ट मैनेजमेंट में पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिनकी मजबूत मांग देखी जा रही है। यह ध्यान देने योग्य है कि इन कार्यक्रमों से स्नातक करने वाले 70-80 प्रतिशत लोग सफलतापूर्वक रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। मंत्री ने गर्व से साझा किया कि सरकार ने एक वर्ष के भीतर 57,000 सरकारी नौकरी रिक्तियों को भरा है, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता से किए गए हर चुनाव पूर्व वादे को पूरा किया जाएगा। विपक्षी नेताओं की आलोचना को संबोधित करते हुए, श्रीधर बाबू ने स्वीकार किया कि हालांकि रातोंरात प्रगति नहीं की जा सकती, लेकिन सरकार अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर अडिग है।

ऐसे ही एक दृष्टिकोण में "फ्यूचर सिटी" तेलंगाना का चौथा प्रमुख शहरी केंद्र- का विकास शामिल है, जिसे सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक मानकों के अनुसार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फ्यूचर सिटी अथॉरिटी के कार्यालय का उद्घाटन जल्द ही करने की योजना बनाई जा रही है। समीक्षा बैठक में यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ.वी.एल.वी.एस.एस. सुब्बाराव, ओएसडी और रजिस्ट्रार चमन मेहता, वरिष्ठ अधिकारी और अनुबंध एजेंसी के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

## सरस्वती पुष्करलु 15 मई से शुरू होगा

वारंगल, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जयशंकर भूपालपल्ली जिले के कालेश्वरम में 15 से 26 मई तक सरस्वती पुष्करलु का आयोजन किया जाएगा। पुष्करलु का उद्घाटन गुरुवार को सुबह 5.44 बजे श्री गुरुमदानंद सरस्वती पीठाधिपति श्रीश्रीश्री माधवानंद सरस्वती स्वामी करेंगे। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी उसी दिन शाम को विशेष हेलीकॉप्टर से कालेश्वरम पहुंचेंगे। पुष्करम में स्नान करने के बाद वे कालेश्वर मंदिर जाएंगे। वे सरस्वती माता की मूर्ति का अनावरण और गोदावरी आरती कार्यक्रम के साथ उद्घाटन करेंगे। पुष्करलु के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों से करीब 790 विशेष आरटीसी बसों की व्यवस्था की गई है। इस बीच, पुष्करलु के लिए कड़ी पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। तीन शिफ्टों में करीब 3500 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे। तेलंगाना सरकार ने अधिकारियों को पहले ही निर्देश जारी कर दिए हैं कि वे पुष्करम में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यवस्था करें।

## टीटीडी ने श्रीवाणी दर्शन टिकटों पर गलत सूचना से किया इनकार

तिरुमला, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा फैलाया जा रहा यह दुष्प्रचार पूरी तरह से गलत है कि तिरुमाला में ऑफलाइन जारी किए जा रहे श्रीवाणी दर्शन टिकट बचे हुए हैं। वास्तव में, 500 टिकट ऑनलाइन उपलब्ध हैं और 200 टिकट तिरुपति एयरपोर्ट पर उपलब्ध हैं, और भक्त समय-समय पर उन्हें बुक कर रहे हैं। श्रीवाणी दर्शन टिकट किसी भी दिन ऑनलाइन रहने जैसी कोई बात नहीं है। भक्तों की सुविधा के लिए, तिरुमला में हर दिन भक्तों को 800 टिकट ऑफलाइन जारी किए जा रहे हैं। जबकि तथ्य कुछ ऐसे ही हैं, कुछ लोग सोशल मीडिया पर अफवाह फैला रहे हैं कि पिछले कुछ दिनों में सैकड़ों श्रीवाणी बचे हुए हैं जो सच्चाई से कोसों दूर है। टीटीडी अपील करता है कि गलत सूचना फैलाना और भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना उचित नहीं है।

# फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व क्षेत्र की टीम ने मेहदीपट्टनम पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों के साथ मिलकर मंगलवार को फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया।

इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया तथा मेहदीपट्टनम पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत 108 फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र और चार मोबाइल फोन जब्त किए। आरोपी की पहचान मोहम्मद मुजीब हुसैन, 54 वर्ष के रूप में हुई है, जो शैक्षिक परामर्श सेवा चलाता है और फूलबाग, चंद्रायनगुट्टा में रहता है। वह फर्जी प्रमाण पत्र मुहैया कराता है। इसके साथ ही पुलिस ने मोहम्मद नासिर खान उर्फ नासिर, निवासी टोलीचौकी, मोहम्मद अल बसीर रहमानी उर्फ रहमानी, मोहम्मद ए.आई. बसीर उर्फ सोहेल, निवासी उषोदय कॉलोनी, गुडीमलकापुर, जिया-उर-रहमान सिद्दीकी निवासी टोलीचौकी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के 108 फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र और चार मोबाइल फोन जब्त किए।

12 मई को, कमिश्नर टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व ज़ोन टीम ने मेहदीपट्टनम पुलिस के साथ मिलकर मेहदीपट्टनम पीएस की सीमा के अंतर्गत सरकारी स्कूल, ईदगाह मैदान, फर्स्ट लांसर के पास फर्जी प्रमाण पत्र देते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि, मोहम्मद मुजीब हुसैन शैक्षिक परामर्श चला रहा था और जरूरतमंदों को वीजा और विदेश में अध्ययन के उद्देश्य से और एमएनसी कंपनियों में नौकरी के लिए आवेदन करने के लिए फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र उपलब्ध करा रहा था। मोहम्मद मुजीब हुसैन मोहम्मद नासिर खान उर्फ नासिर को फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र उपलब्ध करा रहा था, जिसका सौदा मध्यस्थ मोहम्मद अल बसीर रहमानी उर्फ रहमानी मोहम्मद एआई बसीर उर्फ सोहेल और जिया-उर-रहमान सिद्दीकी उर्फ जिया करते हैं। यह भी पता चला कि मोहम्मद मुजीब हुसैन मुख्य दोषियों कलकत्ता के मनोज विश्वास, मेरठ, यूपी के रविंदर और यूपी के अजय उर्फ मुकेश से फर्जी प्रमाण पत्र खरीद रहा था और आरोपियों की मदद से जरूरतमंदों को बेच रहा था। फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले फरार हैं। गिरफ्तारियां दक्षिण-पूर्व जोन टास्क फोर्स टीम के इंस्पेक्टर एस सैदाबाबू, मेहदीपट्टनम पीएस के इंस्पेक्टर एस मल्लेश और मेहदीपट्टनम पीएस के सब-इंस्पेक्टर एसके कविउद्दीन, पी साईराम, एम मधु, के श्रीनिवास रेड्डी और कमिश्नर टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व जोन टीम के कर्मचारियों के साथ मेहदीपट्टनम पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों की देखरेख में की गई।

## बीआईआरईडी 21 मई से 27 जून तक युवाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित करेगा

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (बीआईआरईडी) 21 मई से 27 जून तक तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के ग्रामीण और शहरी बेरोजगार युवाओं (पुरुषों) के लिए 38 दिवसीय निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। 19 से 30 वर्ष के बीच के उम्मीदवार इस प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं, जो हैदराबाद के राजेंद्र नगर में संस्थान परिसर में दिया जाएगा। बीआईआरईडी के निदेशक डी नागराज कुमार ने कहा कि एमएस-ऑफिस (इंटर पास और उससे ऊपर), रेफ्रिजरेटर और एसी रिपेयर (एसएससी पास और उससे ऊपर), पीसी हार्डवेयर और लैपटॉप सर्विसिंग (इंटर पास और उससे ऊपर) में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा, वे उम्मीदवार जो पढ़ाई जारी रख रहे हैं, जिन्होंने इसी तरह के प्रशिक्षण में भाग लिया है, जिन्होंने बीएड, इंजीनियरिंग, एमबीए और एमसीए पूरा किया है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित व्यक्ति पात्र नहीं हैं। प्रशिक्षण के दौरान, बोर्डिंग और प्रयोगशाला सहित सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।

## मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के मद्देनजर ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के मद्देनजर, हैदराबाद शहर की पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थानों पर ड्रोन, पैरा-ग्लाइडर और अन्य रिमोट से नियंत्रित माइक्रो लाइट विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंध 2 जून तक जारी रहेंगे। ड्रोन और इसी तरह के हवाई वाहनों को निर्दिष्ट स्थानों जैसे चारमीनार, लाड बाजार, चौमहला पैलेस और खिलवत - 13 मई (मंगलवार), तेलंगाना पुलिस एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र-18 मई, तेलंगाना राज्य सचिवालय और टैंक बंड- 18 मई और राजभवन, सोमाजीगुडा- 2 जून के तीन किलोमीटर के दायरे तक प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस ने चेतावनी दी कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति पर मुकदमा चलाया जाएगा।

# एससीआर जीएम ने ट्रेन संचालन की सुरक्षा पर समीक्षा बैठक आयोजित की




हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रेल निलयम, सिकंदराबाद में प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ पूरे जोन में ट्रेन संचालन की सुरक्षा पर विस्तृत समीक्षा बैठक की। सभी छह डिवीजनों अर्थात विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर, सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़ डिवीजनों के डिवीजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम)/अतिरिक्त डिवीजनल रेलवे मैनेजर (एडीआरएम) ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया। अरुण कुमार जैन ने अधिकारियों और कर्मचारियों को समय-समय पर जारी रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने ट्रेन संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया और किसी भी शॉर्टकट तरीके का पालन न करने का निर्देश दिया। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अधिक सतर्क रहने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान, अरुण कुमार जैन ने आने वाले मानसून के मौसम के मद्देनजर संवेदनशील खंडों, पुलों, सुरंगों पर बरती जाने वाली सावधानियों और उनके रखरखाव की स्थिति पर भी ध्यान केंद्रित किया। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को पटरियों पर पानी भरने से बचने और ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए साइड वाटर ड्रेन और जलमार्गों की सफाई और रखरखाव, अतिरिक्त जलमार्गों आदि का प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को उपकरणों की सुरक्षित कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करने और मानसून के दौरान सभी आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी। अरुण कुमार जैन ने अग्नि सुरक्षा और सिग्नलिंग प्रणालियों से संबंधित जोन पर चलाए जा रहे विभिन्न सुरक्षा अभियानों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने छह मंडलों में लोको पायलटों/सहायक लोको पायलटों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए किए जा रहे व्यापक परामर्श सत्रों की स्थिति की भी समीक्षा की।

## टास्क फोर्स टीम ने फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र रैकेट का किया भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद कमिश्नर टास्क फोर्स (दक्षिण पूर्व) की टीम ने मंगलवार को फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़ किया और चार लोगों को पकड़ा। पकड़े गए लोगों में मोहम्मद मुजीब हुसैन (54), मोहम्मद नासिर खान (26), मोहम्मद अल बसीर रहमानी (45) और जिया उर रहमान (34) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से विभिन्न संस्थानों के 108 शैक्षणिक प्रमाण पत्र और चार मोबाइल फोन जब्त किए। पुलिस के अनुसार, मुजीब उन अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र मुहैया करा रहा था जो विदेश जाना चाहते थे या बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी करना चाहते थे।

बसीर और सिद्दीकी मध्यस्थ के रूप में काम कर रहे थे और उम्मीदवारों से कमीशन वसूल रहे थे। नासिर खान ने दलालों के माध्यम से मुजीब से संपर्क किया था और प्रमाण पत्र इकट्ठा कर रहा था जब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। टास्क फोर्स के इंस्पेक्टर सैदाबाबू ने बताया कि मुजीब कोलकाता के मनोज, मेरठ के रविंदर और उत्तर प्रदेश के अजय से प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहा था।

## तेलंगाना में इस सप्ताह और अधिक तूफान आने की आशंका

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को हैदराबाद के कई क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश होगी, जैसा कि सोमवार रात को भी हुआ था, जब राज्य की राजधानी के कई क्षेत्रों में रात भर बारिश के साथ बिजली गिरने की सूचना मिली थी। हैदराबाद मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि हैदराबाद और तेलंगाना राज्य के जिलों में 25 मई तक आंधी-तूफान जारी रहने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

तेलंगाना राज्य विकास सोसाइटी (टीएसडीपीएस) के रात भर की वर्षा के आंकड़ों के अनुसार, हैदराबाद के कई क्षेत्रों में सोमवार रात से मंगलवार सुबह 8 बजे के बीच अच्छी मात्रा में बारिश हुई। हैदराबाद के कुछ क्षेत्र जिनमें सोमवार रात और मंगलवार की सुबह के बीच मुख्य मात्रा में वर्षा (मिमी में) देखी गई, उनमें बालानगर में पुराना सुल्तान नगर सामुदायिक हॉल (30.5), कुकटपल्ली बस्ती दवाखाना (27.5), कुकटपल्ली में वार्ड कार्यालय अल्लापुर (26.5), सेरिलिंगमपल्ली में हफीजपेट में शहरी स्वास्थ्य केंद्र (21.8), यूसुफगुडा जोनल कमिश्नर कार्यालय क्षेत्र (18.5 मिमी), ईएसएस गजुलारामरम कुतबुल्लापुर मंडल और बोराबंडा पर पिल्लिदर्गा वार्ड कार्यालय (17.5), मूसापेट क्षेत्र (15.5 मिमी) और रहमतनगर पुराना वार्ड कार्यालय, खैरताबाद (10.8) शामिल हैं।

## सीपीआई (एम) के राष्ट्रीय सचिव एमए बेबी आज शहर का दौरा करेंगे

हैदराबाद, 13 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एमए बेबी अखिल भारतीय कांग्रेस में सीपीआईएम पार्टी महासचिव के रूप में चुना गया था। वे आज (14 मई) पहली बार हैदराबाद पहुंचेंगे। वे पार्टी के राज्य सचिवालय की बैठक और राज्य समिति की बैठकों में भाग लेंगे। पार्टी पोलित ब्यूरो के सदस्य बी वी राघवुलू और ए विजया राघवन भी इन बैठकों में भाग ले रहे हैं। पार्टी के राज्य सचिव जॉन वेस्ले, केंद्रीय समिति के सदस्य तम्मिनेनी वीरभद्रम और अन्य लोग बैठकों में भाग लेंगे।


बीएचईएल BHEL भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
रामचन्द्रपुरम, हैदराबाद - 502032
मानव संसाधन प्रबंधन
विज्ञापन संख्या: अप्रेंटिस/2025/01
बीएचईएल, एचपीईपी, हैदराबाद अप्रेंटिस अधिनियम 1961 के तहत बीएचईएल, जनरल हॉस्पिटल, रामचंद्रपुरम में एक वर्ष के लिए व्यावसायिक अप्रेंटिस (एमएलटी/एमपीएचडब्लू) के रूप में नियुक्ति के लिए सभी पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। व्यावसायिक अप्रेंटिस के रूप में चुने गए उम्मीदवारों को प्रशिक्षुता दिशानिर्देशों के अनुसार मासिक वृतिका दिया जाएगा। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार आवेदन पत्र जमा करने और अन्य विवरणों से संबंधित पूरी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://hpep.bhel.com पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.